

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 285 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 24 जुलाई 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


### लाल सागर में बढ़ा तनाव, ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल के पार

समाज जागरण

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल दर्ज किया गया है। लाल सागर में कथित रूप से हूती विद्रोहियों द्वारा सऊदी अरब के दो तेल टैंकरों पर हमले की खबरों के बाद ब्रेंट क्रूड का भाव 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गया। इससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री व्यापार को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, इससे पहले होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के कारण तेल आपूर्ति प्रभावित हुई थी। अब लाल सागर और बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य में बढ़ते सुरक्षा जोखिम ने अंतरराष्ट्रीय शिपिंग मार्गों पर दबाव बढ़ा दिया है। सऊदी अरब के लिए यह स्थिति दोहरी चुनौती मानी जा रही है, क्योंकि उसके प्रमुख समुद्री मार्ग दोनों क्षेत्रों से जुड़े हैं।

#### भारत पर पड़ सकता है व्यापक प्रभाव

भारत अपनी कच्चे तेल की आवश्यकता का 85 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। ऐसे में लाल सागर मार्ग पर किसी भी प्रकार का व्यवधान तेल आपूर्ति और परिवहन लागत को प्रभावित कर सकता है। यदि जहाजों को वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ता है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें और बढ़ सकती हैं,

लोकसभा में सरकार का स्पष्ट उत्तर—भविष्य में कोई भी निर्णय व्यापक वैज्ञानिक अध्ययन, तकनीकी परीक्षण तथा सभी संबंधित पक्षों से परामर्श के उपरांत ही लिया जाएगा

# एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पूर्णतः सुरक्षित, 20 प्रतिशत से अधिक मिश्रण बढ़ाने का फिलहाल कोई निर्णय नहीं

#### मुख्य बिंदु

एथेनॉल मिश्रण को 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने का फिलहाल कोई निर्णय नहीं।
भविष्य का निर्णय वैज्ञानिक परीक्षण एवं व्यापक परामर्श के उपरांत ही होगा।
ई-85 केवल फ्लेक्स फ्यूल वाहनों के लिए उपलब्ध है।
ई-20 से इंजन को क्षति का कोई प्रमाणित तथ्य नहीं मिला।
एथेनॉल कार्यक्रम से विदेशी मुद्रा की बचत, कच्चे तेल के आयात में कमी तथा किसानों की आय में वृद्धि हुई।
ई-0 अथवा ई-10 व्यवस्था पर लौटने का कोई प्रस्ताव नहीं।




समाज जागरण

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में पेट्रोल में एथेनॉल का मिश्रण 20 प्रतिशत (ई-20) से अधिक करने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। सरकार ने कहा है कि यदि भविष्य में इस संबंध में कोई निर्णय लिया जाता है तो वह व्यापक वैज्ञानिक एवं तकनीकी अध्ययन तथा वाहन निर्माताओं, तेल विपणन कंपनियों और अन्य संबंधित पक्षों से विस्तृत विचार-विमर्श के उपरांत ही लिया जाएगा। यह जानकारी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में दी।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि ई-85 ईंधन (85 प्रतिशत एथेनॉल एवं 15 प्रतिशत पेट्रोल) केवल विशेष रूप से निर्मित एवं प्रमाणित फ्लेक्स फ्यूल वाहनों के लिए उपलब्ध कराया गया है। इसका आशय यह नहीं है कि सामान्य पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण का स्तर 20 प्रतिशत से अधिक किया जा रहा है।

#### निर्धारित समय से पूर्व प्राप्त किया गया लक्ष्य

सरकार के अनुसार भारत ने एथेनॉल मिश्रण के 20 प्रतिशत लक्ष्य को निर्धारित समय से पाँच वर्ष पूर्व ही प्राप्त कर लिया है। वर्ष 2022-23 में औसत एथेनॉल मिश्रण लगभग 12 प्रतिशत, वर्ष 2023-24 में 14.6 प्रतिशत, वर्ष 2024-25 में 19.2 प्रतिशत तथा वर्ष 2025-26 (नवंबर से जून) के दौरान 20 प्रतिशत तक पहुँच गया।

#### व्यापक वैज्ञानिक परीक्षणों के उपरांत लागू हुआ ई-20

सरकार ने बताया कि एथेनॉल कोई नया ईंधन नहीं है। ब्राजील सहित अनेक देशों में दशकों से इसका सफलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है। भारत में भी नीति आयोग, वाहन निमार्ता कंपनियों, तेल विपणन कंपनियों, भारतीय मोटर वाहन अनुसंधान संघ (एआरएआई), भारतीय वाहन निमार्ता संघ (सियाम) तथा भारतीय पेट्रोलियम संस्थान सहित विभिन्न तकनीकी संस्थानों की सहभागिता से व्यापक परीक्षण एवं चरणबद्ध प्रक्रिया के उपरांत ई-20 को लागू किया गया।

#### इंजन को क्षति का कोई प्रमाण नहीं

सरकार के अनुसार पिछले साढ़े तीन वर्षों से ई-15 से अधिक तथा ढाई वर्षों से अधिक समय से ई-19 एवं ई-20 ईंधन का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। वर्तमान में देश में दो करोड़ से अधिक दोपहिया वाहन तथा तीन करोड़ से अधिक पेट्रोल चालित कारें इन ईंधनों का उपयोग कर रही हैं, किन्तु एथेनॉल मिश्रण के कारण इंजन को क्षति, असामान्य घिसाव अथवा वाहन की आयु में कमी का कोई प्रमाणित तथ्य सामने नहीं आया है।

सरकार ने यह भी बताया कि देश की एक प्रमुख यात्री वाहन निमार्ता कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2.84 करोड़ वाहनों की सर्विसिंग के दौरान ई-20 के कारण इंजन क्षति अथवा असामान्य घिसाव का कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया। इसी प्रकार एक प्रमुख दोपहिया वाहन निमार्ता कंपनी ने भी अपने सेवा अभिलेखों में ई-20 के कारण किसी अतिरिक्त क्षति की पुष्टि नहीं की है।

### माइलेज के संबंध में सरकार का मत

सरकार ने कहा कि किसी भी वाहन का ईंधन दक्षता स्तर चालक की शैली, सड़क की स्थिति तथा वाहन के रखरखाव सहित अनेक कारकों पर निर्भर करता है। कुछ पुराने ई-10 आधारित वाहनों में ईंधन दक्षता में लगभग 3 से 5 प्रतिशत तक कमी देखी जा सकती है, किन्तु ई-20 की उच्च ऑक्टेन क्षमता, स्वच्छ दहन तथा बेहतर प्रतिघात-रोधी (एंटी-नॉक) गुण इंजन के अधिक सुचारु संचालन में सहायक सिद्ध होते हैं।

#### ई-0 अथवा ई-10 पर लौटने का कोई प्रस्ताव नहीं

सरकार ने स्पष्ट किया कि व्यापक वैज्ञानिक परीक्षणों एवं वाहन उद्योग की स्वीकृति के उपरांत ई-20 को अपनाया गया है। इसलिए ई-0 अथवा ई-10 पेट्रोल व्यवस्था पर पुनः लौटने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। सरकार का उद्देश्य स्वच्छ, अधिक दक्ष एवं पर्यावरण-अनुकूल ईंधनों को प्रोत्साहित करना है।

#### पर्यावरण संरक्षण एवं किसानों को लाभ

सरकार के अनुसार एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम से अब तक 1.97 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है। इसके अतिरिक्त 316 लाख मीट्रिक टन कच्चे तेल के आयात का स्थानापन्न उपलब्ध हुआ है, 952 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आई है तथा किसानों को 1.66 लाख करोड़ रुपये से अधिक का आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ है।

#### शिकायत निवारण की सुदृढ़ व्यवस्था

सरकार ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने ई-20 से संबंधित शिकायतों एवं सुझावों के निवारण के लिए सुदृढ़ व्यवस्था विकसित की है। उपभोक्ता शिकायत पंजिका, टोल-फ्री दूरभाष सेवा, वेबसाइट, मोबाइल अनुप्रयोग, ग्राहक संबंध प्रबंधन प्रणाली, सामाजिक माध्यम, ई-मेल तथा केंद्रीय लोक शिकायत निवारण पोर्टल (सीपीग्राम) के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। साथ ही ई-20 के सुरक्षित उपयोग, पर्यावरण संरक्षण तथा ऊर्जा सुरक्षा में इसके योगदान के संबंध में जन-जागरूकता अभियान भी संचालित किए जा रहे हैं।

(इनपुट : प्रेस सूचना ब्यूरो)

## ग्लासगो में फिर स्वर्णिम इतिहास रचने को तैयार नीरज चोपड़ा, भारत की सबसे बड़ी उम्मीद

समाज जागरण

ग्लासगो। स्कॉटलैंड के ग्लासगो में राष्ट्रमंडल खेल 2026 का शुभारंभ हो चुका है। आगामी दो सप्ताह तक राष्ट्रमंडल देशों के खिलाड़ी विभिन्न स्पधाओं में पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत भी सशक्त दल के साथ इन खेलों में भाग ले रहा है। एथलेटिक्स, मुक्केबाजी तथा भारोत्तोलन में भारतीय खिलाड़ियों से उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद है, किंतु सबसे अधिक निगाहें ओलंपिक एवं विश्व विजेता नीरज चोपड़ा पर टिकी हैं। उनसे पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में एक और स्वर्ण पदक की आशा की जा रही है।

**राष्ट्रमंडल खेल 2026 में पुरुष भाला फेंक स्पर्धा के प्रबल दावेदार; ओलंपिक एवं विश्व विजेता से देश को एक और स्वर्ण पदक की आस**




24 दिसंबर 1997 को हरियाणा के पानीपत जनपद के खंडरा गांव में जन्मे नीरज चोपड़ा ने अपने परिश्रम और अनुशासन के बल पर विश्व खेल जगत में विशिष्ट पहचान बनाई। वर्ष 2016 में विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 86.48 मीटर का विश्व जूनियर रिकॉर्ड बनाकर उन्होंने पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया। टोक्यो ओलंपिक में 87.58 मीटर का थ्रो कर उन्होंने एथलेटिक्स में भारत का पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इसके बाद विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप, डायमंड लीग, एशियाई खेल और एशियाई चैंपियनशिप में भी उन्होंने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वयं को विश्व के सर्वश्रेष्ठ भाला फेंक खिलाड़ियों में स्थापित किया।

राष्ट्रमंडल खेलों में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। वर्ष 2018 के गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में 86.47 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने नया इतिहास रचा था। अब ग्लासगो में एक बार फिर उनसे स्वर्ण पदक की उम्मीद की जा रही है।

शेष पृष्ठ 3 पर

## सुरक्षा कारणों से कनॉट प्लेस में शाम साढ़े छह बजे तक दुकानें और कार्यालय बंद करने के निर्देश

**प्रशासन की एडवाइजरी जारी, व्यापारियों से सहयोग की अपील; एहतियात के तौर पर उठाया गया कदम**

समाज जागरण

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र कनॉट प्लेस में सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को प्रशासन ने सभी दुकानें, कार्यालय, व्यावसायिक प्रतिष्ठान तथा रेस्तरां शाम 6:30 बजे तक बंद रखने के निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में नई दिल्ली ट्रेडर्स एसोसिएशन (एनडीटीए) के अध्यक्ष अतुल भार्गव ने अत्यावश्यक एडवाइजरी जारी कर व्यापारियों से प्रशासन के निदेर्शों का पूर्ण पालन करने की अपील की है।



एडवाइजरी के अनुसार, नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है। व्यापारियों एवं प्रतिष्ठान संचालकों से कहा गया है कि वे सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

प्रशासन का कहना है कि यह निर्णय किसी भी संभावित अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए एहतियात के तौर पर लिया गया है, ताकि जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। हालांकि, प्रशासन ने अभी तक किसी विशेष कारण का आधिकारिक रूप से उल्लेख नहीं किया है। सूत्रों के अनुसार, यह कदम जंतर-मंतर पर नीट परीक्षा से जुड़े विवाद को लेकर जारी छात्र प्रदर्शन के मद्देनजर उठाया गया माना जा रहा है। हाल ही में संसद मार्च के दौरान हुई हिंसक घटनाओं के बाद पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

दिल्ली पुलिस ने पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है और लोगों से शांति बनाए रखने तथा प्रशासन द्वारा जारी निदेर्शों का पालन करने की अपील की है।

(इनपुट : एजेंसी)

### पुरी श्रीजगन्नाथ मंदिर से जुड़े पांच और नामों को मिलेगा ट्रेडमार्क संरक्षण

पुरी। ओडिशा स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने



मंदिर से जुड़े पांच और प्रमुख नामों–'जगन्नाथ धाम', 'श्रीक्षेत्र', 'महाप्रसाद', 'नीलचक्र' और 'कोइली बैकुंठ'–के लिए ट्रेडमार्क संरक्षण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। प्रशासन के अनुसार, ट्रेडमार्क रजिस्ट्री ने दूसरे चरण की जांच के बाद इन आवेदनों को ट्रेडमार्क जर्नल में प्रकाशन के लिए स्वीकार कर लिया है। इस पहल का उद्देश्य मंदिर की धार्मिक पहचान, सांस्कृतिक विरासत और इन नामों के अनधिकृत व्यावसायिक उपयोग को रोकना है।

### दिल्ली में छात्रों के साथ जो हुआ, वह गलत था: मुंबई प्रदर्शन में पुलिस वाहन के सामने खड़ी हुई युवती

मुंबई। कथित नीट प्रश्नपत्र लीक प्रकरण को लेकर चल रहे छात्र आंदोलन के समर्थन में मुंबई में आयोजित प्रदर्शन के दौरान एक युवती पुलिस वाहन के सामने दोनों हाथ फैलाकर खड़ी हो गई। मूसलाधार बारिश के बीच पुलिस वाहन रोकने का उसका वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किया जा रहा है और प्रदर्शन की प्रमुख तस्वीरों में शामिल हो गया है।

बुधवार को दिल्ली में परीक्षा संबंधी अनियमितताओं के विरोध में चल रहे आंदोलन के समर्थन में मुंबई में सैकड़ों लोग एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने 'संसद चलो' मार्च के दौरान दिल्ली में छात्रों पर कथित पुलिस कार्रवाई का विरोध किया।

सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में ग्रे रंग की हुडी पहने युवती पुलिस वाहन के सामने खड़ी दिखाई देती है। उस समय वाहन में हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारी मौजूद थे। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की, जिससे कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात भी प्रभावित हुआ। स्थानीय मीडिया से बातचीत में युवती ने कहा, "पुलिस अपना काम कर रही है, लेकिन जिम्मेदारी के साथ नहीं कर रही। यदि कोई जिम्मेदारी नहीं ले रहा है, तो हमें अपने नागरिकों की जिम्मेदारी स्वयं उठानी होगी।" उन्होंने कहा, "मैं समझती हूं कि पुलिस अपना कर्तव्य निभा रही है, लेकिन उसे जिम्मेदारी के साथ काम करना चाहिए।"

## महाराष्ट्र में 'भारत टैक्सी' सेवा का शुभारंभ, सहकारिता मॉडल से मिलेगा रोजगार

**नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से शुरूआत; चालक होंगे सहकारी संस्था के सदस्य और हिस्सेदार, युवाओं व महिलाओं के लिए खुलेंगे स्वरोजगार के नए अवसर**

समाज जागरण

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए महाराष्ट्र में सहकारिता आधारित 'भारत टैक्सी' सेवा का शुभारंभ किया गया। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस तथा केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सहकारी क्षेत्र के प्रतिनिधि, अधिकारी तथा भारत टैक्सी से जुड़े सारथी उपस्थित रहे।

यह सेवा सहकारिता मॉडल पर आधारित होगी, जिसमें टैक्सी चालक केवल सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि सहकारी संस्था के सदस्य, मालिक और हिस्सेदार होंगे। इसका उद्देश्य बिचौलिया आधारित व्यवस्था के स्थान पर चालक-केंद्रित परिवहन प्रणाली विकसित करना है, जिससे चालकों को संस्था के लाभ में भी भागीदारी मिल सके।

केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि भारत टैक्सी की शुरूआत महाराष्ट्र में सहकारिता आंदोलन का नया अध्याय है। इससे युवाओं, महिलाओं और स्थानीय भूमिपुत्रों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने युवाओं से "सहकार के सारथी" बनकर इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।




उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद सहकारी क्षेत्र को नई दिशा मिली है। पिछले पांच वर्षों में 152 महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, जिनमें नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति, दो लाख नई बहुउद्देशीय सहकारी समितियों की स्थापना तथा प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को सशक्त बनाने जैसे कदम शामिल हैं। अब तक लगभग 40 हजार नई सहकारी समितियों का गठन किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि ऐप आधारित टैक्सी सेवाओं ने यात्रा को सरल बनाया, लेकिन सर्ज प्राइसिंग, छिपे हुए शुल्क और अधिक कमीशन जैसी समस्याएं भी सामने आईं। भारत टैक्सी इन चुनौतियों का सहकारिता आधारित विकल्प है। इसमें सर्ज प्राइसिंग और छिपे हुए शुल्क नहीं होंगे तथा निर्धारित सेवा शुल्क के आधार पर संचालन किया जाएगा। इससे यात्रियों को पारदर्शी किराए पर सुरक्षित और विश्वसनीय सेवा मिलेगी, वहीं चालकों को उनकी मेहनत का उचित प्रतिफल प्राप्त होगा।

# विश्व में भारत के खिलाफ नैरेटिव गढ़ता बीबीसी

**संजय सक्सेना,लखनऊ**

दुनिया भर में अपनी पत्रकारिता के कारण सुर्खियों में रहने वाला बीबीसी (ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन) का विवादों से गहरा नाता रहा है। कई देश बीबीसी की खबरों को उसके 'एजेंडे' के रूप में देखते हैं। बीबीसी पर भारतीय राजनीति, समाज और नीति-निर्माण को प्रभावित करने के लिए एजेंडा-आधारित पत्रकारिता और नैरेटिव मैनिपुलेशन (कहानियों को तोड़ने-मरोड़ने) के आरोप लंबे समय से लगते रहे हैं। आलोचकों, विचारकों और भारत सरकार के समर्थकों का मानना है कि बीबीसी अक्सर भारत की नकारात्मक छवि पेश करता है और संवेदनशील मुद्दों पर एकतरफा दृष्टिकोण अपनाकर असंतोष को भड़काता है। ऐसा ही कुछ कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान भी देखने को मिल रहा है।बीबीसी की रिपोर्टिंग पर नजर डालने से कुछ विशेष पैटर्न सामने आते हैं, जिनके जरिए खबरों को एक खास दिशा दी जाती है। भारत से जुड़ी खबरों में ऐसे शीर्षकों का चयन किया जाता है, जो सीधे तौर पर देश की वैश्विक छवि को नुकसान पहुंचाते हैं। जटिल सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों को सरलीकृत करके सीधे तौर पर बहुसंख्यक बनाम अल्पसंख्यक के रूप में पेश किया जाना। बीबीसी का लोकल नैरेटिव को ग्लोबल एजेंडा बनाना भी अक्सर चिंताजनक नजर आता है। उसके द्वारा स्थानीय स्तर के आपराधिक मामलों को राष्ट्रीय राजनीति और सरकार की नीतियों से जोड़कर दिखाने के कई उदाहरण मौजूद हैं। बीबीसी द्वारा अपनी रिपोर्ट में केवल उन्हीं विचारकों, पत्रकारों या कार्यकताओं को शामिल किया जाता है, जो सरकार विरोधी रुख रखते हैं। बीबीसी की दखलअंदाजी और मैनिपुलेशन के कई उदाहरण मौजूद हैं।बीबीसी द्वारा 2023 में दो भागों में जारी की गई ह्यइंडियाः द मोदी क्वेश्चनह्ण डॉक्यूमेंट्री में 2002 के गुजरात दंगों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका पर सवाल उठाए गए थे। इस डॉक्यूमेंट्री को ऐसे समय पर रिलीज किया गया, जब भारत जी-20 (जी-20) की अध्यक्षता संभाल रहा था और वैश्विक मंच पर अपनी छवि मजबूत कर रहा था। इसमें भारत की सर्वोच्च अदालत द्वारा गठित एसआईटी की उस जांच को पूरी तरह नजर-अंदाज कर दिया गया, जिसने नरेंद्र मोदी को क्लीन चिट दी थी। दरअसल, बीबीसी का उद्देश्य कानूनी रूप से सुलझ चुके इस संवेदनशील और ध्रुवीकरण करने वाले मुद्दे को दोबारा हवा देकर देश में राजनीतिक अस्थिरता और असंतोष पैदा करना था। साल 2020-2021 में भारत सरकार द्वारा लाए गए तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान बीबीसी की कवरेज को बेहद एकतरफा माना गया। बीबीसी की ग्राउंड रिपोर्ट्स और डिजिटल आर्टिकल्स में मुख्य रूप से आंदोलनकारियों के पक्ष को ही सही ठहराया गया। इसमें लाल किले पर हुई हिंसा और पुलिसकर्मियों पर हुए हमलों को या तो बहुत कम दिखाया गया या उन्हें जायज ठहराने की कोशिश की गई। कानूनों के समर्थन में खड़े करोड़ों छोटे किसानों के दृष्टिकोण को बीबीसी ने अपनी मुख्यधारा की कहानियों में कोई जगह नहीं दी। इस कवरेज ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह संदेश दिया कि भारत सरकार किसानों का दमन कर रही है, जिससे भारत की लोकतांत्रिक साख को चोट पहुंची।

2020 में समान नागरिक संहिता यानी सीएए विरोधी प्रदर्शनों और उसके बाद फरवरी 2020 में हुए दिल्ली दंगों के दौरान बीबीसी की भूमिका पर गंभीर सवाल उठे। बीबीसी ने सीएए को एक मुस्लिम विरोधी कानून के रूप में प्रचारित किया, जबकि यह कानून केवल पड़ोसी देशों के प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के लिए था, न कि किसी की नागरिकता छीनने के लिए। दिल्ली दंगों की रिपोर्टिंग में बीबीसी ने हिंसा को एकतरफा मुस्लिम विरोधी दंगे के रूप में पेश किया, जबकि दंगों में दोनों पक्षों (हिंदू और मुस्लिम) के लोग मारे गए थे और खुफिया ब्यूरो के अधिकारी अंकित शर्मा व पुलिस हेड कांस्टेबल रतन लाल की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। बीबीसी की इस तरह की रिपोर्टिंग ने देश के भीतर सांप्रदायिक तनाव को और बढ़ाने और विदेशों में भारत की छवि को एक असहिष्णु देश के रूप में पेश करने का काम किया।1947 से लेकर अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटने तक, बीबीसी की कश्मीर नीति को लेकर भारत में हमेशा आक्रोश रहा। बीबीसी अपनी रिपोर्टों में कश्मीर को भारत प्रशासित कश्मीर लिखता रहा। अनुच्छेद 370 हटने के बाद बीबीसी ने घाटी में केवल तालाबंदी, विरोध और सेना की कथित ज्यादतियों को ही दिखाया। वहां आतंकवाद के खात्मे, विकास कार्यों, स्कूलों के खुलने और कश्मीरी पंडितों के दर्द को उसकी रिपोर्टिंग में हमेशा हाशिए पर रखा गया। उसकी यह रिपोर्टिंग वैश्विक स्तर पर कश्मीर मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण करने और पाकिस्तान के रुख को अप्रत्यक्ष रूप से मजबूत करने की कोशिश के रूप में देखा गया।2021 में कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान बीबीसी की कवरेज मानवीय संकट से ज्यादा राजनीतिक प्रहार पर केंद्रित थी। बीबीसी ने श्मशान घाटों और जलती हुई चिताओं की तस्वीरों को अत्यधिक ड्रोन कैमरों के जरिए जूम करके दिखाया। जबकि पश्चिमी देशों (जैसे अमेरिका और यूके) में महामारी से भीषण मौतें होने के बावजूद वहां के मीडिया ने लाशों और कब्रिस्तानों की ऐसी डरावनी तस्वीरें नहीं दिखाईं। आपदा के समय इस तरह के दृश्य बार-बार दिखाकर बीबीसी ने देश के भीतर जनता में पैनिक (डर का माहौल) पैदा किया और सरकार की व्यवस्था को पूरी तरह से विफल दिखाने का प्रयास किया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना था कि बीबीसी का यह रवैया महज इत्तेफाक नहीं, बल्कि इसके पीछे गहरे निहित स्वार्थ थे। संवेदनशील मुद्दों को भड़काना, तथ्यों को आधा-अधूरा पेश करना और भारत की नकारात्मक छवि को दुनिया के सामने बढ़ा-चढ़ाकर दिखाना इसकी कार्यशैली का हिस्सा रहा है।

बीबीसी की रिपोर्टिंग पर नजर डालने से कुछ विशेष पैटर्न सामने आते हैं, जिनके जरिए खबरों को एक खास दिशा दी जाती है। उसके द्वारा भारत से जुड़ी खबरों में ऐसे शीर्षकों का चयन किया जाता है, जो सीधे तौर पर देश की वैश्विक छवि को नुकसान पहुंचाते हैं। बीबीसी बेहद आसानी से जटिल सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों को सरलीकृत करके सीधे तौर पर बहुसंख्यक बनाम अल्पसंख्यक के रूप में पेश करके देश में टकराव की स्थिति पैदा करने से चूकता नहीं है। इसी तरह से स्थानीय स्तर के आपराधिक मामलों को राष्ट्रीय राजनीति और सरकार की नीतियों से जोड़कर दिखाया जाता है। बीबीसी के ताजा एजेंडे की बात की जाए तो अबकी उसने भारत के कॉकरोच जनता पार्टी आंदोलन को शुरूआत से ही एक बड़े और सुनियोजित तरीके से कवर किया है। आलोचकों और राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि एक डिजिटल मजाक या सैटायर (व्यंग्य) के रूप में शुरू हुए इस अभियान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मोदी विरोधी नैरेटिव में बदलने के पीछे बीबीसी की रिपोर्टिंग का बड़ा हाथ रहा है। बीबीसी ने जिस तरह से इस आंदोलन को हवा दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उनकी सरकार के खिलाफ नैरेटिव तैयार किया, उसके मुख्य बिंदु और तरीके की बात की जाए तो उसके द्वारा कॉकरोच जनता पार्टी के डिजिटल व्यंग्य को वैश्विक जन-विद्रोह के रूप में प्रोजेक्ट करना बीबीसी की बड़ी चाल थी। शुरूआत में अभिजीत दिपके द्वारा बनाई गई कॉकरोच जनता पार्टी केवल एक मजाकिया सोशल मीडिया पेज था, जिसके सदस्यता मानदंडों में बेरोजगार होना, आलसी होना और प्रोफेशनल तरीके से भड़ास निकालना शामिल था। बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट्स में बार-बार इस बात पर जोर दिया कि सीजेपी के इंस्टाग्राम फॉलोअर्स की संख्या भाजपा से भी आगे निकल गई है, जिससे वैश्विक स्तर पर यह संदेश गया कि मोदी सरकार अपनी लोकप्रियता पूरी तरह खो चुकी है। यह आंदोलन मूल रूप से नीट मेडिकल प्रवेश परीक्षा के पेपर लीक और उसमें सुधार की जायज मांगों को लेकर जमीन पर उतरा था, लेकिन बीबीसी ने अपनी ग्राउंड रिपोर्ट्स और वीडियो पैकेज में इसे केवल एक परीक्षा प्रणाली या प्रशासनिक विफलता के रूप में नहीं दिखाया। बीबीसी की रिपोर्टिंग ने इसे सीधे पीएम मोदी की नीतियों और 12 साल के शासनकाल के खिलाफ एक सीधे राजनीतिक खतरे के रूप में पेश किया। बीबीसी के संवाददाताओं ने बार-बार यह नैरेटिव गढ़ा कि मोदी सरकार युवाओं की आवाज को दबा रही है

# लोकतंत्र, आंदोलन और जवाबदेही

महेन्द्र तिवारी

भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है और इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां नागरिकों को अपनी बात रखने, सरकार की नीतियों पर प्रश्न उठाने और शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज कराने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। लोकतंत्र केवल चुनावों का नाम नहीं है, बल्कि यह निरंतर संवाद, असहमति, भागीदारी और जवाबदेही की व्यवस्था है। जब नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर संगठित होते हैं और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगें रखते हैं, तब शासन व्यवस्था को समाज की वास्तविक जरूरतों का पता चलता है। यही कारण है कि आंदोलन किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का स्वाभाविक और आवश्यक अंग माने जाते हैं। हालांकि, यह भी उतना ही सत्य है कि आंदोलन तभी लोकतांत्रिक शक्ति बनते हैं जब वे संविधान, कानून और सामाजिक मयार्दाओं के भीतर संचालित हों।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा अनुच्छेद 19(1)(ख) के अंतर्गत शांतिपूर्ण और बिना हथियारों के एकत्र होने का अधिकार नागरिकों को प्राप्त है। इन अधिकारों ने भारतीय लोकतंत्र को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर भूमि सुधार, पर्यावरण संरक्षण, सूचना के अधिकार, भ्रष्टाचार विरोधी अभियानों और महिला अधिकारों तक अनेक आंदोलनों ने देश की नीतियों और कानूनों को प्रभावित किया है। इन आंदोलनों की सफलता का आधार उनकी नैतिक शक्ति, स्पष्ट उद्देश्य और व्यापक जनसमर्थन रहा।

महात्मा गांधी ने सत्याग्रह के माध्यम से दुनिया को यह संदेश दिया कि अहिंसा और सत्य किसी भी लोकतांत्रिक संघर्ष की सबसे बड़ी ताकत हो सकते हैं। उनका मानना था कि यदि उद्देश्य न्यायपूर्ण हो और संघर्ष शांतिपूर्ण हो तो अंततः समाज और शासन दोनों को संवाद के लिए आगे आना पड़ता है। यही सिद्धांत आज भी लोकतांत्रिक आंदोलनों के लिए प्रासंगिक है। हिंसा से क्षणिक दबाव तो बनाया जा सकता है, लेकिन स्थायी समाधान संवाद और विश्वास से ही निकलता है।

हाल के वर्षों में भारत में विभिन्न मुद्दों को लेकर अनेक आंदोलन हुए हैं। किसानों, छात्रों, कर्मचारियों, महिलाओं, पर्यावरण संरक्षण समूहों और सामाजिक संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर समय समय पर प्रदर्शन किए हैं। हाल में दिल्ली में छात्रों के प्रदर्शनों ने शिक्षा व्यवस्था, प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार और शासन की जवाबदेही जैसे विषयों को राष्ट्रीय बहस के केंद्र में ला दिया। इन प्रदर्शनों के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव, बल प्रयोग तथा विभिन्न दावों और प्रतिदावों को लेकर व्यापक चर्चा हुई। साथ ही सोशल मीडिया पर अनेक वीडियो और सूचनाएं तेजी से प्रसारित हुईं, जिनमें से कुछ दावों पर बाद में विवाद भी सामने आए।

लोकतंत्र में किसी भी आंदोलन का उद्देश्य सरकार और समाज का ध्यान किसी वास्तविक समस्या की ओर आकर्षित करना होना चाहिए। यदि आंदोलन अपने मूल उद्देश्य से भटककर हिंसा, सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान, घृणा फैलाने वाली भाषा या कानून हाथ में लेने का माध्यम बन जाए तो उसकी नैतिक वैधता कमजोर पड़ जाती है। किसी भी आंदोलन की सबसे बड़ी पूंजी उसका नैतिक आधार होता है। जब यह आधार कमजोर होता है तो वास्तविक मुद्दे पीछे छूट जाते हैं और पूरा विमर्श केवल कानून व्यवस्था तक सीमित हो जाता है।



यह भी समझना आवश्यक है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पूर्णतः असीमित अधिकार नहीं है। संविधान सार्वजनिक व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा, शिष्टाचार और अन्य नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए युक्तिसंगत प्रतिबंधों की अनुमति देता है। इसलिए यदि कोई व्यक्ति या समूह किसी समुदाय के विरुद्ध घृणा फैलाने, हिंसा के लिए उकसाने या सामाजिक वैमनस्य बढ़ाने का प्रयास करता है तो वह केवल विचार व्यक्त नहीं कर रहा होता, बल्कि कानून के दायरे में आने वाला कृत्य कर रहा होता है। लोकतंत्र में असहमति स्वीकार्य है, लेकिन हिंसा और घृणा का समर्थन नहीं।

सार्वजनिक संपत्ति का महत्व भी इसी संदर्भ में समझना चाहिए। सड़कें, बसें, रेलवे, सरकारी विद्यालय, अस्पताल, पुल और अन्य सार्वजनिक संस्थान किसी सरकार या राजनीतिक दल की निजी संपत्ति नहीं होते। इनका निर्माण जनता के करों से होता है। इसलिए विरोध प्रदर्शन के दौरान यदि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जाता है तो उसका वास्तविक नुकसान देश के नागरिकों को ही उठाना पड़ता है। मरम्मत और पुनर्निर्माण का खर्च भी अंततः करदाताओं के धन से पूरा होता है। इसलिए लोकतांत्रिक आंदोलन का पहला दायित्व सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा होना चाहिए।

पुलिस और सुरक्षा बलों की भूमिका भी लोकतंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका दायित्व कानून व्यवस्था बनाए रखना, नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और न्यायालयों तथा संविधान द्वारा निर्धारित सीमाओं के भीतर कार्य करना है। यदि प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर हमला होता है, पथराव किया जाता है या सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई जाती है तो वह भी कानून के विरुद्ध है। दूसरी ओर पुलिस की कार्रवाई भी आवश्यक, अनुपातिक और विधिसम्मत होनी चाहिए। लोकतंत्र में न तो भीड़ को हिंसा का अधिकार है और न ही राज्य को अनावश्यक बल प्रयोग का। यही संतुलन लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता बनाए रखता है।

लोकतंत्र में जवाबदेही केवल सरकार की नहीं होती, बल्कि नागरिकों और आंदोलनों की भी होती है। यदि किसी आंदोलन में कुछ लोग हिंसक गतिविधियों में शामिल पाए जाते हैं तो उनकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। पूरे आंदोलन या पूरे समाज को एक ही दृष्टि से देखना न्यायसंगत नहीं होगा। इसी प्रकार यदि किसी सरकारी एजेंसी से भी कानून या मानवाधिकारों के विरुद्ध कोई कार्रवाई होती है तो उसकी निष्पक्ष जांच और जवाबदेही भी आवश्यक है। यही कानून के शासन की मूल भावना है।

भारतीय संविधान केवल अधिकारों की बात नहीं करता, बल्कि नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों का भी उल्लेख करता है। अनुच्छेद 51ए प्रत्येक नागरिक से अपेक्षा करता है कि वह संविधान का सम्मान करे, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे। लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ अधिकार और कर्तव्य के बीच संतुलन स्थापित करना है। यदि नागरिक केवल अधिकारों की मांग करें और कर्तव्यों की उपेक्षा करें तो लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होगी। दूसरी ओर यदि राज्य केवल कानून व्यवस्था के नाम पर नागरिक स्वतंत्रताओं की अनदेखी करे तो लोकतंत्र की आत्मा प्रभावित होगी।

हालिया छात्र आंदोलनों ने शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कई गंभीर प्रश्नों को भी सामने रखा है। प्रतियोगी परीक्षाओं में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, सीमित सरकारी सीटें, निजी शिक्षा की ऊंची लागत और परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता को लेकर युवाओं में चिंता बढ़ी है। अनेक छात्रों ने यह महसूस किया कि कठिन परिश्रम के बावजूद गुणवत्तापूर्ण संस्थानों में प्रवेश के अवसर सीमित हैं और इससे उनके भविष्य को लेकर असुरक्षा पैदा होती है। हाल के प्रदर्शनों में भी छात्रों ने परीक्षा प्रणाली और शिक्षा से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

वास्तविक समस्या केवल किसी एक वर्ग या नीति तक सीमित नहीं है। भारत जैसे विशाल देश में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या अभी भी मांग की तुलना में कम है। चिकित्सा, इंजीनियरिंग, अनुसंधान और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में सीटों की सीमित उपलब्धता के कारण लाखों छात्र अत्यधिक प्रतिस्पर्धा का सामना करते हैं। शिक्षा का बढ़ता निजीकरण भी मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। यदि अवसरों का विस्तार नहीं होगा तो असंतोष बढ़ना स्वाभाविक है।

इस स्थिति का समाधान केवल विरोध प्रदर्शन या राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप से संभव नहीं है। देश में गुणवत्तापूर्ण सरकारी उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या बढ़ानी होगी। परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी, तकनीकी रूप से सुरक्षित और जवाबदेह बनाना होगा। पेपर लीक, मूल्यांकन विवाद और प्रशासनिक अनियमितताओं पर कठोर नियंत्रण आवश्यक है। साथ ही प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किए बिना केवल उच्च शिक्षा में सुधार पर्याप्त नहीं होगा। अवसर की समानता का आधार विद्यालय स्तर पर ही तैयार होता है।

सामाजिक न्याय की नीतियों पर भी समय समय पर तथ्यों और संवैधानिक मूल्यों के आधार पर विचार होना चाहिए। ऐसी समीक्षा का उद्देश्य किसी वर्ग के अधिकारों को कमजोर करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना होना चाहिए कि योजनाओं और नीतियों का लाभ वास्तव में सबसे अधिक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे। लोकतंत्र में नीति निर्माण एक सतत प्रक्रिया है और बदलती सामाजिक परिस्थितियों के अनुसार सुधार स्वाभाविक माने जाते हैं।

आज सोशल मीडिया ने आंदोलनों की प्रकृति को पूरी तरह बदल दिया है। कुछ ही मिनटों में कोई वीडियो, तस्वीर या बयान पूरे देश में चर्चा का विषय बन जाता है। इससे नागरिक भागीदारी बढ़ी है, लेकिन इसके साथ भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों का खतरा भी बढ़ा है। हाल के छात्र प्रदर्शनों के दौरान भी अनेक वीडियो और दावे वायरल हुए, जिनमें से कुछ की सत्यता पर बाद में प्रश्न उठे। इसलिए किसी भी सूचना को साझा करने से पहले उसका सत्यापन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति संवाद में निहित होती है। यदि सरकार, नागरिक समाज, छात्र, शिक्षाविद, न्यायपालिका और प्रशासन आपसी संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान खोजें तो अधिकांश विवाद टकराव के बिना भी सुलझाए जा सकते हैं। आंदोलन लोकतंत्र का आवश्यक अंग हैं, लेकिन उनकी सफलता शांतिपूर्ण आचरण, नैतिक वैधता और स्पष्ट उद्देश्य पर निर्भर करती है। उसी प्रकार सरकार की विश्वसनीयता भी पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक अधिकारों के सम्मान से मजबूत होती है।

अंततः यह स्वीकार करना होगा कि असहमति लोकतंत्र की कमजोरी नहीं बल्कि उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। जिस समाज में नागरिक निर्भय होकर प्रश्न पूछ सकते हैं, अपनी मांगें रख सकते हैं और शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज करा सकते हैं, वही समाज लोकतांत्रिक रूप से परिपक्व माना जाता है। लेकिन यह स्वतंत्रता तभी सार्थक है जब उसके साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी हो। हिंसा, सार्वजनिक संपत्ति का विनाश, घृणा फैलाने वाली भाषा और कानून को हाथ में लेना किसी भी उद्देश्य को नैतिक वैधता नहीं दे सकते। दूसरी ओर पारदर्शी शासन, शांतिपूर्ण आंदोलन, निष्पक्ष कानून व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समान अवसर और रचनात्मक संवाद ही वह मार्ग है जो भारत जैसे विशाल लोकतंत्र को अधिक मजबूत, अधिक उत्तरदायी और अधिक समावेशी बना सकता है। यही लोकतंत्र की वास्तविक पहचान है और यही उसकी सबसे बड़ी शक्ति भी।

# पीएम हाउस पर राहुल का धरना विवाद, कोई नहीं आया साथ

**अजय कुमार**

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा 21-22 जुलाई को प्रधानमंत्री आवास के निकट किया गया धरना-प्रदर्शन राजनीतिक विवादों के केंद्र में आ गया है। नीट पेपर लीक और छात्रों पर कथित पुलिस कार्रवाई के विरोध में मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी वाड्रा और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ राहुल गांधी 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास के पास धरने पर बैठ गए थे। पुलिस ने राहुल गांधी को हिरासत में ले लिया, जब वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्तीफे की मांग करते हुए उनके आवास के बाहर धरना दे रहे थे। कुछ घंटों बाद उन्हें रिहा कर दिया गया, जिसके बाद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह के साथ हुई बातचीत का हवाला देते हुए वीडियो जारी कर अपने फैसले का बचाव किया। सबसे खास बात यह है कि राहुल गांधी के इस विवादित धरने का कांग्रेस को छोड़कर कोई भी विपक्षी पार्टी का नेता समर्थन नहीं दे रहा है।गौरतलब है कि यह पूरा घटनाक्रम एक बड़े और पहले से चल रहे आंदोलन के बीच हुआ। शिक्षा सुधार और जवाबदेही की मांग को लेकर छात्रों के नेतृत्व में चल रहे कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहले से जारी थे, और प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक इसी मुद्दे पर लंबे समय से भूख हड़ताल पर बैठे थे। वांगचुक की तीन सप्ताह लंबी भूख हड़ताल आंदोलन का प्रतीक बन चुकी थी, और सप्ताहांत में पुलिस द्वारा उन्हें जबरन अस्पताल ले जाए जाने के बाद आंदोलन ने और जोर पकड़ा। इसी दौरान सोशल मीडिया पर प्रदर्शनकारियों के साथ हुई कथित पुलिसिया सख्ती के वीडियो वायरल हुए, जिससे जनाक्रोश और बढ़ गया।

दिलचस्प बात यह रही कि छात्रों के आंदोलन और सोनम वांगचुक के अनशन से एक निश्चित दूरी बनाए रखने के बाद कांग्रेस और राहुल गांधी ने अचानक प्रधानमंत्री आवास के बाहर अपना अलग धरना शुरू कर दिया, जबकि सीजेपी का प्रदर्शन उससे कुछ किलोमीटर दूर जंतर-मंतर पर चल रहा था। इसी बिंदु पर कई विश्लेषकों ने सवाल उठाया कि जब मकसद एक ही था, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, तो कांग्रेस और सीजेपी ने साझा मंच से प्रदर्शन क्यों नहीं किया और राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री आवास को ही निशाना क्यों बनाया।भाजपा ने इस पूरे प्रकरण को सुरक्षा प्रोटोकॉल के उल्लंघन के रूप में पेश किया। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने सवाल उठाया कि जब जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति पहले से थी, तो राहुल गांधी प्रदर्शनकारियों को प्रधानमंत्री आवास तक क्यों ले गए, और उन्होंने इसे प्रदर्शन भड़काने की कोशिश करार दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी राहुल गांधी के रवैये को अफसोसजनक बताते हुए कहा कि सरकार बातचीत और संसद में चर्चा के लिए तैयार थी, लेकिन विपक्ष के नेता अपनी बात से मुकर गए। इसके जवाब में भाजपा ने देशभर में कांग्रेस दफ्तरों के बाहर प्रदर्शन कर सुरक्षा उल्लंघन के आरोप में विरोध जताया, जबकि कांग्रेस विधायकों ने कई राज्यों की विधानसभाओं के बाहर भी समर्थन में प्रदर्शन किए।

अब बड़ा और अहम सवाल यह है कि क्या आजादी के बाद देश में इससे पहले भी किसी नेता या राजनीतिक दल ने सीधे प्रधानमंत्री के आवास या कार्यालय के ठीक बाहर इस तरह का धरना-प्रदर्शन किया है। भारत में विरोध-प्रदर्शन की एक लंबी और समृद्ध परंपरा रही है, लेकिन इसका केंद्र लगभग हमेशा जंतर-मंतर, रामलीला मैदान, बोट क्लब (अब विजय चौक), इंडिया गेट या संसद भवन परिसर रहा है, न कि सीधे प्रधानमंत्री का निजी आवास। इसकी बड़ी वजह सुरक्षा है। प्रधानमंत्री आवास एक अत्यंत संवेदनशील और उच्च सुरक्षा वाला क्षेत्र माना जाता है, जहां आमतौर पर धारा 144 जैसी पाबंदियां लागू रहती हैं और सामूहिक जमावड़े की अनुमति सामान्यतः नहीं दी जाती।जय प्रकाश नारायण का संपूर्ण क्रांति आंदोलन हो, 2011 का अन्ना हजारे का भ्रष्टाचार-विरोधी अनशन हो या 2020-21 का किसान आंदोलन, इन सभी बड़े जन-आंदोलनों ने भी दिल्ली की सीमाओं, रामलीला मैदान या जंतर-मंतर को ही अपना केंद्र बनाया, प्रधानमंत्री आवास को नहीं। यहां तक कि इमरजेंसी के बाद के दौर में विपक्ष के तीखे प्रदर्शन भी संसद परिसर या बोट क्लब तक ही सीमित रहे।

इस लिहाज से राहुल गांधी और कांग्रेस नेतृत्व द्वारा सीधे प्रधानमंत्री आवास तक मार्च करना और वहां धरना देना निश्चित रूप से एक असामान्य और दुर्लभ कदम माना जा रहा है। यही वजह है कि यह घटनाक्रम इतना विवादित बन गया। भाजपा इसे सुरक्षा तंत्र को चुनौती देने वाला और गैर-जिम्मेदाराना कदम बता रही है, जबकि कांग्रेस इसे छात्रों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाने वाला और सरकार को सीधे जवाबदेह ठहराने वाला प्रतीकात्मक विरोध बता रही है।साथ ही, यह भी उल्लेखनीय है कि छात्रों के नेतृत्व वाले सीजेपी आंदोलन और सोनम वांगचुक के अनशन ने पहले ही जंतर-मंतर को आंदोलन का स्वाभाविक केंद्र बना दिया था, जहां हजारों समर्थक पहले से जमा थे। ऐसे में कांग्रेस के इस अलग रास्ते ने कुछ हलकों में यह सवाल भी खड़ा किया कि क्या पार्टी छात्र आंदोलन का हिस्सा बनने के बजाय उससे अलग अपनी राजनीतिक पहचान और नेतृत्व स्थापित करना चाहती थी। भाजपा समर्थक इसे राजनीतिक श्रेय लेने की कोशिश बता रहे हैं, तो कांग्रेस समर्थक इसे सत्ता से सीधे सवाल पूछने की मंशा करार दे रहे हैं।कुल मिलाकर, राहुल गांधी का यह प्रदर्शन सिर्फ नीट पेपर लीक के मुद्दे तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह विपक्ष की रणनीति, सुरक्षा प्रोटोकॉल और छात्र आंदोलन के साथ कांग्रेस के जटिल रिश्ते, तीनों को लेकर एक नई बहस का कारण बन गया है। आने वाले दिनों में संसद के मानसून सत्र में इस मुद्दे पर और टकराव देखने को मिल सकता है, क्योंकि विपक्ष लगातार शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और नीट प्रणाली में सुधार की मांग पर अड़ा हुआ है, जबकि सरकार इसे संसद के भीतर ही सुलझाने पर जोर दे रही है।

## ज्ञान चुनो, बवाल नहीं...!

"कलम" पकड़ो, मशाल नहीं,
ज्ञान चुनो, बवाल नहीं,
तुमसे कल का सूरज है, तुम
"राजनीतिक ढाल" नहीं।
सत्ता हो या फिर विपक्ष, दोनों ही
करें विचार-विमर्श,
छात्र केवल मोहरा बनें, यह
लोकतंत्र का नहीं है हर्ष।

कक्षा की चौखट-ग्रंथ का मान,
ये भारत की पहचान,
प्रश्न उठाना अधिकार हैं, न बने
वह नफरत की तान।
पेपर लीक हो, शिक्षा पीर, उस
पर हो गंभीर तदबीर,
वाद-विवाद हो तथ्य सहित,
नहीं हो नारों की लकीर।

युवा शक्ति राष्ट्र की आस, उनमें
बसें भविष्य प्रकाश,
राजनीति यदि करनी है, पहले
सीखो "सेवा" विश्वास।
न बनों किसी का हथियार, देश
का वे सच्चा आधार,
ज्ञान, विवेक, सत्य के पथ पे, ये
हर पीढ़ी के संस्कार।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन ने बनाया सबसे मजबूत दावेदार

शेष पृष्ठ 1 से...

हाल के वर्षों में नीरज चोपड़ा ने 88 से 90 मीटर के आसपास लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। उनकी परिष्कृत तकनीक, मानसिक दृढ़ता और दबाव में शांत रहने की क्षमता उन्हें अन्य खिलाड़ियों से अलग पहचान देती है। यही कारण है कि ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल 2026 में उन्हें स्वर्ण पदक का सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

नीरज चोपड़ा की सबसे बड़ी विशेषता उनकी निरंतरता है। जहां अनेक खिलाड़ी कुछ वर्षों तक ही शीर्ष स्तर पर बने रहते हैं, वहीं नीरज लगातार विश्व स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। वैज्ञानिक प्रशिक्षण, तकनीकी सुधार और फिटनेस पर विशेष ध्यान ने उन्हें लंबे समय तक शीर्ष खिलाड़ियों की श्रेणी में बनाए रखा है।

उन्होंने केवल पदक ही नहीं जीते, बल्कि भारतीय एथलेटिक्स को नई दिशा भी दी है। उनकी सफलता से प्रेरित होकर बड़ी संख्या में युवा अब भाला फेंक सहित अन्य फील्ड स्पधाओं की ओर आकर्षित हो रहे हैं। देशभर की खेल अकादमियों में नई प्रतिभाओं को तैयार करने का कार्य भी तेजी से आगे बढ़ा है।

भारतीय दल के वरिष्ठ खिलाड़ियों में शामिल नीरज युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शक भी हैं। उनका अनुशासन, सादगी और खेल भावना उन्हें देश के सबसे सम्मानित खिलाड़ियों में स्थान दिलाती है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर वे भारतीय खेलों के बढ़ते आत्मविश्वास के प्रतीक बन चुके हैं।

यदि नीरज चोपड़ा ग्लासगो में एक और स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहते हैं तो यह केवल उनके शानदार करियर की एक और उपलब्धि नहीं होगी, बल्कि भारत की पदक तालिका को भी नई मजबूती प्रदान करेगी। हरियाणा के एक छोटे से गांव से निकलकर विश्व विजेता बनने तक का उनका सफर आज भी करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। पूरे देश को विश्वास है कि ग्लासगो की धरती पर नीरज एक बार फिर तिरंगे को सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाकर भारतीय खेल इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ेंगे।

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना 2026-27 की समय-सारणी जारी

## ऑनलाइन आवेदन से लेकर छात्रवृत्ति वितरण तक की प्रक्रिया निर्धारित, पात्र छात्र-छात्राओं से समय पर आवेदन करने की अपील

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। शासन के निदेर्शानुसार शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं हेतु संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की समय-सारणी जारी कर दी गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि निर्धारित समय-सारणी के अनुसार शिक्षण संस्थानों द्वारा संबंधित पाठ्यक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने, उसका सत्यापन एवं लॉक करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद पात्र छात्र-छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे तथा आवेदन के सत्यापन, स्वीकृति और छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के वितरण की समस्त कार्यवाही नियमावली के प्रावधानों के अनुरूप निर्धारित समय के भीतर संपन्न की जाएगी। उन्होंने सभी पात्र छात्र-छात्राओं तथा शिक्षण संस्थानों से शासन द्वारा जारी समय-सारणी का पालन करते हुए निर्धारित अवधि में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने की अपील की है।

# नोएडा में अवैध शराब बेचते एक आरोपी गिरफ्तार, 40 पव्वे बरामद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त के निर्देश पर जनपद गौतमबुद्धनगर में अवैध शराब की बिक्री और परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग और थाना सेक्टर-24 पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में 22 जुलाई 2026 को की गई कार्रवाई के दौरान मंटू यादव पुत्र स्वर्गीय सतीश यादव के कब्जे से 40 पव्वे (200 मिलीलीटर) 'दोस्ताना' ब्रांड उत्तर प्रदेश मार्का देशी शराब बरामद की गई। बरामद शराब की कुल मात्रा 8 बल्क लीटर बताई गई है। आबकारी विभाग ने आरोपी के विरुद्ध थाना सेक्टर-24 में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग ने बताया कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लिए आवेदन आमंत्रित, पारंपरिक कारीगरों को मिलेगा प्रशिक्षण व आधुनिक टूलकिट

## गौतमबुद्धनगर के दस्तकारों एवं कारीगरों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण, टूलकिट और ऋण सुविधा का लाभ मिलेगा

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। प्रदेश सरकार द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के स्थानीय दस्तकारों तथा पारंपरिक कारीगरों के आर्थिक एवं कौशल विकास के उद्देश्य से विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना संचालित की जा रही है। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, गौतमबुद्धनगर ने बताया कि योजना के तहत बढ़ई, नाई (ब्यूटीशियन), दर्जी, कुम्हार, लोहार, राजमिस्त्री, हलवाई, मोची तथा धोबी सहित विभिन्न पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े कारीगरों को लाभान्वित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पात्र लाभार्थियों को 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद आधुनिक तकनीक आधारित उन्नत टूलकिट उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही पात्र लाभार्थियों को विभिन्न मार्जिन मनी योजनाओं के अंतर्गत ऋण सुविधा उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की जाएगी।

योजना के लिए इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट diupmsme.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। योजना के लिए किसी शैक्षिक योग्यता की अनिवार्यता नहीं है। साथ ही आवेदक ने पिछले दो वर्षों में केंद्र अथवा राज्य सरकार की किसी टूलकिट योजना का लाभ प्राप्त न किया हो।

अधिकारियों ने बताया कि योजना का लाभ केवल पारंपरिक कारीगर जातियों तक सीमित नहीं है। संबंधित कारीगरी से जुड़े अन्य व्यक्ति भी आवश्यक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। योजना से संबंधित अधिक जानकारी जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त की जा सकती है। (सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# रूफ टॉप गार्डनिंग योजना के लिए आवेदन शुरू, 400 लाभार्थियों को मिलेगी नि:शुल्क गार्डनिंग किट

**शहरी क्षेत्रों में जैविक सब्जियों और औषधीय पौधों को बढ़ावा देने की पहल, प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर होगा चयन**

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। शहरी क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण तथा जैविक एवं रसायनमुक्त सब्जियों एवं औषधीय पौधों के उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए रूफ टॉप गार्डनिंग योजना संचालित की जा रही है। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जनपद के लिए 400 रूफ टॉप गार्डनिंग किट का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लाभार्थियों का चयन प्रथम आवक-प्रथम पावक (फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व्ड) के आधार पर किया जाएगा।

योजना का लाभ लेने के इच्छुक शहरी निवासी विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के बाद आवश्यक अभिलेखों की हार्ड कॉपी जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। जो आवेदक स्वयं आवेदन करने में सक्षम नहीं हैं, वे कार्यालय में जाकर विभागीय कर्मचारियों की सहायता से पंजीकरण करा सकते हैं।

योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को उच्च गुणवत्ता के सब्जी एवं औषधीय पौधों के बीज एवं पौधे, एचडीपीई ग्रो-बैग, कोकोपीट, वर्मीकम्पोस्ट, जैविक खाद, गार्डनिंग उपकरण तथा नीम ऑयल उपलब्ध कराया जाएगा।

आवेदन के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, शहरी निवास प्रमाण-पत्र, दो पासपोर्ट आकार के फोटो, सक्रिय मोबाइल नंबर, छत पर कम से कम 100 वर्ग फुट स्थान होने का शपथ-पत्र तथा छत की जियो-टैग युक्त फोटो सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। जिला उद्यान अधिकारी ने पात्र शहरी निवासियों से सीमित लक्ष्य को देखते हुए शीघ्र आवेदन करने की अपील की है। (सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# मुख्य विकास अधिकारी ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की तैयारियों की समीक्षा की

## 10 अगस्त को 01 से 19 वर्ष तक के बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की दवा

*14 अगस्त को मॉप-अप दिवस आयोजित कर छूटे हुए बच्चों को किया जाएगा आच्छादित*

*माइक्रो प्लान बनाकर अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के दिए निर्देश*



समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर 23 जुलाई, 2026ः शासन के निदेर्शों के क्रम में जनपद के 01 से 19 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को कृमि संक्रमण से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आगामी 10 अगस्त 2026 को आयोजित किया जाएगा। अभियान के दौरान छूटे हुए बच्चों को आच्छादित करने के लिए 14 अगस्त 2026 को मॉप-अप दिवस आयोजित किया जाएगा। अभियान की तैयारियों की समीक्षा हेतु मुख्य विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों की अंतर्विभागीय बैठक आयोजित हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं कुपोषण से बचाव की दिशा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस शासन का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि माइक्रो प्लान तैयार कर समयबद्ध कार्ययोजना बनाई जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि जनपद का कोई भी पात्र बच्चा एल्बेंडाजोल की दवा से वंचित न रहे।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, प्रोबेशन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अभियान का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही लक्षित बच्चों की संख्या के अनुसार सभी आयोजन स्थलों पर एल्बेंडाजोल गोलियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि माइक्रो प्लान के अंतर्गत सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों, केंद्रीय विद्यालयों, आईटीआइ, पॉलिटेक्निक, कौशल विकास संस्थानों, श्रमिकों के बच्चों आदि को भी अभियान से जोड़ा जाए, ताकि कोई भी पात्र बच्चा कृमि मुक्ति कार्यक्रम से वंचित न रहे।

उन्होंने सभी विभागों को व्यापक जनजागरूकता एवं प्रचार-प्रसार अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि अभिभावकों को कृमि मुक्ति के महत्व के प्रति जागरूक किया जाए, जिससे अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाया जा सके।

बैठक में सफल संचालन उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.पी. सिंह एवं डीईआईसी प्रबंधक द्वारा किया गया एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान की कार्ययोजना, दवा वितरण व्यवस्था तथा विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार झा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उबेद कुरैशी, जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) अनामिका सिंह, एसएमओ डॉ. जितेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सौजन्य से सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर।

# अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों से सीधी भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

गौतमबुद्धनगर। शासन के निदेर्शानुसार उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली-2022 के अंतर्गत प्रदेश के मूल निवासी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक प्रशिक्षक, जिला खेल कार्यालय गौतमबुद्धनगर डॉ. परवेज अली ने बताया कि ऐसे खिलाड़ी, जिन्होंने 1 सितंबर 2020 अथवा उसके बाद किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक अर्जित किया है, आवेदन के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ियों की नियुक्ति विभिन्न चिन्हित विभागों में रिक्त पदों के सापेक्ष की जाएगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 8 अगस्त 2026 तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी खेल विभाग, उत्तर प्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट तथा खेल साथी पोर्टल पर उपलब्ध है, जहां से अभ्यर्थी आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। (सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# कासना में अवैध शराब बेचते युवक गिरफ्तार, 25 पव्वे देशी शराब बरामद

**आबकारी विभाग और थाना कासना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज**

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त के निर्देश पर जनपद गौतमबुद्धनगर में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग और थाना कासना पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है।



जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में 22 जुलाई 2026 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-6 एवं थाना कासना पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए तरुण पुत्र सिकंदर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 25 पव्वे (200 मिलीलीटर) 'विंडीज' ब्रांड उत्तर प्रदेश मार्का देशी शराब बरामद हुई। बरामद शराब की कुल मात्रा 5 बल्क लीटर बताई गई है।

आरोपी के विरुद्ध थाना कासना में उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है। आबकारी विभाग ने बताया कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# कांवड़ यात्रा मार्ग के लिए वन विभाग ने स्थापित किया कंट्रोल रूम

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। श्रावण शिवरात्रि-2026 के अवसर पर कांवड़ यात्रा को सुरक्षित एवं सुगम बनाने के लिए गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग ने कंट्रोल रूम की स्थापना की है। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर झाड़ियों एवं पेड़ों की टहनियों की छंटाई तथा आंधी-बारिश के कारण पेड़ गिरने की स्थिति में उन्हें तत्काल हटाने के लिए यह व्यवस्था की गई है। कंट्रोल रूम के लिए कुलदीप कुमार (मोबाइलः 8447619244) एवं अनामिका सिंह (मोबाइलः 9456031509) को नामित किया गया है। दोनों अधिकारियों को कांवड़ यात्रा की समाप्ति तक अपने मोबाइल फोन सक्रिय रखने तथा किसी भी सूचना पर संबंधित क्षेत्रीय वन अधिकारी को तत्काल अवगत कराकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। (सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# कासना में अवैध शराब बेचते एक और आरोपी गिरफ्तार, 24 पव्वे देशी शराब बरामद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा। जनपद गौतमबुद्धनगर में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग और थाना कासना पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अवैध शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है।

जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में 22 जुलाई 2026 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-6 एवं थाना कासना पुलिस की संयुक्त टीम ने प्रवीन पुत्र अर्जुन को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 24 पव्वे (200 मिलीलीटर) 'दोस्ताना' ब्रांड उत्तर प्रदेश मार्का देशी शराब बरामद हुई। बरामद शराब की कुल मात्रा 4.80 बल्क लीटर बताई गई है।

आरोपी के विरुद्ध थाना कासना में उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है।

आबकारी विभाग ने बताया कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान लगातार जारी रहेगा।

# सेक्टर-49 में सागर मोटर्स के टाटा फ्लीट शोरूम का शुभारंभ

## एक्सप्रेस सीएनजी एवं एक्सप्रेस टी ईवी का अनावरण, कॉर्पोरेट और फ्लीट परिवहन को मिलेगी नई दिशा

नोएडा। टाटा मोटर्स के अधिकृत विक्रेता सागर मोटर्स ने सेक्टर-49 में फ्लीट ग्राहकों के लिए समर्पित टाटा मोटर्स के नवीन शोरूम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एक्सप्रेस सीएनजी तथा एक्सप्रेस टी ईवी वाहनों का अनावरण किया गया। समारोह में उद्योग जगत, कॉर्पोरेट क्षेत्र तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से जुड़े अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेक्स्ट जेन रिफेक्ट्री के संस्थापक आकाश बंसल ने कहा कि एक्सप्रेस सीएनजी और एक्सप्रेस टी ईवी भविष्य की स्मार्ट, किफायती तथा पर्यावरण-अनुकूल परिवहन व्यवस्था का प्रतिनिधित्व करती हैं। उन्होंने कहा कि ये वाहन कॉर्पोरेट संस्थानों तथा फ्लीट संचालकों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किए गए हैं। टाटा मोटर्स के वरिष्ठ प्रबंधक आशीष गोगिया ने कहा कि सागर मोटर्स के फ्लीट शोरूम का शुभारंभ कंपनी की विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण चरण है। इसका उद्देश्य कॉर्पोरेट एवं फ्लीट ग्राहकों को उत्कृष्ट विक्रय तथा बिक्री उपरांत सेवाएं उपलब्ध कराना है।

सागर मोटर्स के प्रबंध निदेशक वरुण सागर ने बताया कि नया शोरूम आधुनिक सुविधाओं, डिजिटल ग्राहक सेवा, प्रीमियम प्रदर्शन कक्ष, प्रशिक्षित विक्रय दल तथा सुदृढ़ बिक्री उपरांत सेवा व्यवस्था से सुसज्जित है। इसे विशेष रूप से फ्लीट संचालकों, कॉर्पोरेट संस्थानों, टैक्सी संचालकों तथा व्यावसायिक ग्राहकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि शुभारंभ के उपलक्ष्य में सीमित अवधि के लिए ग्राहकों को आकर्षक वित्तपोषण योजनाएं, वाहन विनिमय लाभ, विशेष कॉर्पोरेट प्रस्ताव, फ्लीट छूट तथा चुनिंदा ग्राहकों के लिए विशेष बुकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। समारोह के दौरान अतिथियों ने नवीन शोरूम का अवलोकन किया तथा टाटा मोटर्स के नवीनतम फ्लीट वाहनों की विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की। उद्घाटन समारोह में आधुनिक तकनीक, नवाचार और भविष्य की परिवहन व्यवस्था की झलक देखने को मिली।

# अग्निशमन मानकों की अनदेखी पर ग्रेटर नोएडा के पांच कोचिंग संस्थान सील

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण व अग्निशमन विभाग की संयुक्त कार्रवाई, 13 संस्थानों का निरीक्षण; कई को सुधार के लिए दिया गया समय

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा। अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और अग्निशमन विभाग द्वारा चलाए जा रहे संयुक्त अभियान के तहत बृहस्पतिवार को पांच कोचिंग संस्थानों को सील कर दिया गया। इन संस्थानों में निर्धारित अग्निशमन उपकरण नहीं पाए गए थे।

संयुक्त टीम ने अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट स्थित ट्रेडेक्स टावर-1 और ओम टावर में संचालित 13 कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान ट्यूटोरिक्स ट्यूशन सेंटर, एनविक इंफोटेक, इनकैप सेंटर, मैरिट एजुकेशन और पैंडुलम एडू क्लासेज में अग्नि सुरक्षा उपकरण निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिले। पूर्व में इन संस्थानों को कमियां दूर करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया था, लेकिन अनुपालन नहीं होने पर उन्हें सील कर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान कुछ कोचिंग संस्थानों में अग्निशमन उपकरण लगाने का कार्य 80 से 90 प्रतिशत तक पूरा पाया गया। ऐसे संस्थानों को शेष कार्य पूरा करने के लिए दो से तीन दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है। वहीं, जिन संस्थानों का पहली बार निरीक्षण किया गया, उन्हें भी निर्धारित अवधि में फायर सेफ्टी उपकरण स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।







संयुक्त निरीक्षण दल में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार निम, प्रबंधक स्वतंत्र वर्मा, सहायक प्रबंधक कुलदीप शर्मा तथा फायर सेफ्टी अधिकारी अजय कुमार अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

गौरतलब है कि शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद जनपद के सभी कोचिंग संस्थानों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीलक्ष्मी वी.एस. ने सभी कोचिंग संचालकों से निर्धारित अग्निशमन मानकों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि नियमों की अनदेखी करने वाले संस्थानों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# तैत्तिरीयोपनिषद् में दर्शन विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी सम्पन्न, उपनिषदों में है ज्ञान का महासागर -डॉ. रामचन्द्र

गाजियाबाद,वीरवार 23 जुलाई 2026, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्त्वावधान में तैत्तिरीयोपनिषद् में दर्शन विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 794 वाँ वेबीनार था.

वैदिक प्रवक्ता कुरुक्षेत्र विश्व विद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. रामचन्द्र ने कहा कि भारत की ज्ञान परम्परा वेद से प्रारंभ होकर उपनिषदों तक ज्ञान गंगा की तरह प्रवाहित होकर महासागर में परिणत हो जाती है।भारत के संतों,महात्माओं और ऋषियों ने अरण्य में गुरु शिष्य परम्परा के माध्यम से एकांत साधना के द्वारा जीवन में उन्नति के जिन सूक्ष्म रहस्यों को आत्मसात किया उन्हें उपनिषदों के माध्यम से प्रकट किया गया है।ग्यारह प्रमुख उपनिषदों के क्रम में तैत्तिरीयोपनिषद् का स्थान अत्यन्त महत्वपूर्ण है।इस उपनिषद् में तीन वल्ली (अध्याय) हैं - शिक्षा वल्ली, ब्रह्मानन्द वल्ली और भृगु वल्ली। शिक्षा वल्ली में पांच महासंहिताओं का वर्णन किया गया है।अधिलोक, अधिज्यो तिष, अधिविद्य,अधिप्रज और अध्यात्म नाम की इन महा संहिताओं में समाज,ब्रह्मांड,शिक्षा एवं जीवन की उन्नति के कालजयी सूत्र दिये गए हैं।ऋग्वेद यजुर्वेद एवं सामवेद के सार के रूप में भूर्भुवः स्वः रूप व्याहृति उत्पन्न हुई और उनके सार के रूप में ओ३म् प्रकट हुआ इसलिए यह ईश्वर का सबसे महत्वपूर्ण नाम है।उपनिषद के अनुसार ईश्वर के दर्शन हृदय मंदिर में होते हैं।मातृदेवो भव,पितृदेवो भव, आचार्यदेवो भव एवं अतिथिदेवो का महान उपदेश भी यहीं पर दिया गया है।ब्रह्मानन्द वल्ली में ब्रह्म को सत्य, ज्ञान, अनन्त और आनन्द के रूप में बताया गया है।अन्न को सर्वोषधि बताते हुए उसकी अभी निंदा न करने का उपदेश दिया गया है।ब्रह्म के सत एवं असत स्वरुप का भी बहुत गंभीर विवेचन यहां पर मिलता है।शिक्षा वल्ली पुत्र भृगु एवं पिता वरुण के संवाद के माध्यम से पंचकोश की अद्भुत चर्चा की गई है।अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय एवं आनन्दमय कोश की चर्चा के माध्यम से मनुष्य जीवन की सर्वोच्च सार्थकता का बहुत सुंदर वर्णन है। इससे व्यक्ति अपनी पहचान किसी बड़े या छोटे पद से नहीं समझता अपितु मनुष्य होना स्वयं में सबसे बड़ी उपलब्धि है - यह दृष्टि समझ में आती है।मुख्य वक्ता ने कहा कि गत हजारों वर्षों से उपनिषदों के ज्ञान ने पूरी मानवता को आलोकित किया है। उपनिषदों के अध्ययन से सृष्टि के रहस्य स्पष्ट होते हैं और जीवन की सभी समस्याओं के समाधान भी प्राप्त होते हैं। उनके अध्ययन से संपूर्ण ब्रह्मांड आपके किसी एक विशेष ध्येय के लिए साधन बन जाता है और आप स्वयं में कृतकृत्यता की अनुभूति करते हैं। व्यक्ति के लिए संसार की प्रत्येक वस्तु ब्रह्म से अनुप्राणित हो जाती है और वह सांसारिक क्लेश एवं तनाव से मुक्त होकर अत्यंत सहजतापूर्वक जीवन के उद्देश्य को प्राप्त कर लेता है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री ग्रामीण/शहरी आवास योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण/शहरी) के अंतर्गत आवास आवंटन एवं प्रगति की गहन समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने ब्लॉकवार आवास आवंटन के लक्ष्यों में असमानता पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि आवंटन केवल आंकड़ों के आधार पर न होकर जनसंख्या, भौगोलिक स्थिति एवं वास्तविक मांग के लॉजिकल फॉमूर्ले पर आधारित होना चाहिए। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत दिव्यांगजन, निराश्रित विधवाओं, दैवीय आपदा पीड़ितों तथा जीरो पावर्टी (शून्य गरीबी) श्रेणी के परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर आवास आच्छादित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियो को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतवार पेंशन पावतियों (विधवा एवं दिव्यांग पेंशन) की सूची से मिलान कर वास्तविक जरूरतमंदों का भौतिक सत्यापन कराएं ताकि कोई भी पात्र छूटने न पाए।

प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस के तहत डिस्प्यूटेड (विवादित) अथवा एआई द्वारा चिन्हित मामलों का पारदर्शिता से पुनः सत्यापन कराकर नियमानुसार निस्तारण एवं आख्या प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।

डूडा की समीक्षा के दौरान शहर क्षेत्र में लंबित आवेदनों के त्वरित सत्यापन एवं निकायवार डेटा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि "प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनपद के प्रत्येक बेघर, दिव्यांग एवं अत्यंत गरीब परिवार को एक सुरक्षित छत मिल सके। आवास आवंटन में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।"

# इन्सपायर अवार्ड योजना में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के कराएं नामांकन :- डीआईओएस

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान द्वारा सत्र 2026-2027 के इन्सपायर अवार्ड मानक योजना की पोर्टल की साइट विद्यार्थियों के नामांकन के लिए खुल चुकी है। जिसकी अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2026 है।

जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद श्रीमती मुदिता पाण्डेय द्वारा जनपद के सभी बोर्डों के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों को इन्सपायर अवार्ड मानक योजना में कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों के सर्वश्रेष्ठ 05 विचारों को ऑनलाइन नामांकन के लिए अनिवार्यत करने के लिए निर्देशित किया हैं।

इन्सपायर अवार्ड मानक योजना के जिला सह नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस योजना के लिए किसी भी बोर्ड के विद्यालय अपनी इन्सपायर अवार्ड मानक योजना के पोर्टल पर अपनी स्कूल आईडी से लॉगिन कर सकते हैं। इसमें अपने स्कूल के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के अधिकतम पाँच उत्कृष्ट नवाचारी विचारों को अपलोड कर सकते हैं। नामांकन कराने वाले विद्यार्थियों के नाम पर बैंक का खाता होना चाहिए। विचार में सिनॉप्सिस और पेज पर बनाई गई मॉडल की तस्वीर होनी चाहिए। प्रथम स्तर पर जनपद स्तर की प्रदर्शनी के लिए चयन होने पर प्रत्येक विद्यार्थी को 10 हजार रुपये की धनराशि उस विद्यार्थी के खाते में भारत सरकार द्वारा भेजी जाती है। इस धनराशि के उपयोग से चयनित विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट को बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन प्रथम स्तर पर करेंगे।

# 30 जुलाई को फिरोजाबाद क्लब में सजेगा ग्रैंड तीज एग्जीबिशन - महिला उद्यमियों को मिलेगा सशक्त मंच

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**




फिरोजाबाद।जायंट्स ग्रुप ऑफ फिरोजाबाद -महिला शक्ति (FED-5 | UNIT-8) द्वारा 30 जुलाई 2026 को फिरोजाबाद क्लब में "ग्रैंड तीज एग्जीबिशन झ द चैरिटी इवेंट" का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं प्रचार-प्रसार के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करना तथा चैरिटी के माध्यम से समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाना है। संस्था की अध्यक्षा श्रीमती सीमा अग्रवाल ने बताया कि इस प्रदर्शनी में आगरा, अलीगढ़, नोएडा, बरेली, मथुरा, हाथरस, शिकोहाबाद एवं फिरोजाबाद सहित विभिन्न शहरों से महिला उद्यमी एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी भाग लेंगे। प्रदर्शनी में ज्वेलरी, डायमंड एवं आर्टिफिशियल ज्वेलरी, डिजाइनर साड़ियाँ, लेडीज सूट, राखियाँ, पर्स, होम डेकोर, बेडशीट, गिफ्ट आइटम, फूड स्टॉल सहित अनेक आकर्षक स्टॉल लगाए जाएंगे। इस संबंध में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अध्यक्षा श्रीमती सीमा अग्रवाल के साथ प्रशासनिक निदेशिका श्रीमती दीपाली सिंघल, श्रीमती रेनू अरोड़ा एवं श्रीमती मोनिका गर्ग भी उपस्थित रहीं। सभी ने प्रदर्शनी की तैयारियों की जानकारी साझा करते हुए शहर वासियों से इस भव्य चैरिटी एग्जीबिशन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने तथा महिला उद्यमियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की। फेडरेशन ऑफिसर श्रीमती वार्तिका जैन ने बताया कि आगंतुकों के मनोरंजन के लिए हर दो घंटे में आकर्षक लकी ड्रॉ, बच्चों के लिए विशेष एक्टिविटी जोन, मनोरंजक खेल, स्वादिष्ट फूड कोर्ट तथा अन्य मनोरंजक गतिविधियों की व्यवस्था रहेगी। साथ ही बेस्ट स्टॉल अवार्ड, सर्वाधिक खरीदारी (Big Purchase) करने वाली महिलाओं, डोनेशन स्टॉल विजेताओं तथा कूपन विजेताओं को भी आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि प्रदर्शनी में आने वाले आगंतुकों एवं प्रतिभागियों के लिए अनेक आकर्षक पुरस्कारों की व्यवस्था की गई है। लकी ड्रॉ विजेताओं, बिग परचेज विजेताओं, बेस्ट स्टॉल विजेताओं, डोनेशन स्टॉल विजेताओं एवं कूपन विजेताओं को विशेष उपहार प्रदान किए जाएंगे। इन पुरस्कारों का उद्देश्य आगंतुकों एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करना तथा प्रदर्शनी को और अधिक रोचक एवं यादगार बनाना है। वित्त निदेशिका श्रीमती गौरी बंसल ने बताया कि यह आयोजन एक चैरिटी एग्जीबिशन है, जिससे प्राप्त सहयोग राशि संस्था के विभिन्न सामाजिक एवं सेवा कार्यों में उपयोग की जाएगी। इस अवसर पर आभूषण ज्वेलर्स, श्री हरि ओम बंसल एवं डॉ. पूनम अग्रवाल द्वारा संस्था के सेवा कार्यों हेतु विशेष सहयोग एवं दान भी प्रदान किया जाएगा। संस्था ने

शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार एवं मित्रों के साथ इस भव्य प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में पधारें, महिला उद्यमियों का उत्साह वर्धन करें तथा खरीदारी के साथ-साथ लकी ड्रॉ, आकर्षक उपहारों एवं अन्य मनोरंजक गति विधियों का आनंद उठाएँ।

# अवैध चाकू के साथ घूम रहा था युवक, पुलिस ने किया गिरफ्तार।

**समाज जागरण**



जसराना। अवैध रुप से चाकू लेकर घूम रहा एक युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपी युवक को न्यायालय में पेश किया। युवक पर दो प्राथमिकी पहले से ही दर्ज हैं। पुलिस ने कहा न्यायालय के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है।

जानकारी देते हुए थाना जसराना पुलिस ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी कि पटीकरा पुल के पास नगला करौंदा के पास जाने वाले मार्ग पर एक संदिग्ध युवक मौजूद है। युवक के पास अवैध चाकू मौजूद है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक ने अपना नाम आकाश निवासी भीमनगर थाना भोगांव जनपद मैनपुरी बताया और युवक के पास से पुलिस को तमंचा मिला है। थाना प्रभारी निरीक्षक भगवत सिंह गुर्जर ने बताया कि युवक पर पहले से ही दो प्राथमिकी दर्ज है। युवक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# झारखंड में छिपा था आठ साल से फरार वारंटी, जीआरपी फिरोजाबाद ने दबोचा

**2018 के मुकदमे में था वांछित, गिरिडीह से गिरफ्तार कर लाई पुलिस**

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जीआरपी फिरोजाबाद ने आठ साल से फरार चल रहे एक वारंटी को झारखंड से गिरफ्तार किया है। आरोपी वर्ष 2018 में दर्ज मुकदमे में वांछित था और गिरफ्तारी से बचने के लिए झारखंड में छिपकर रह रहा था। पुलिस टीम ने गिरिडीह जिले में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। जीआरपी आगरा अनुभाग द्वारा वांछित, वारंटी और इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक रेलवे आगरा के निर्देशन तथा पुलिस उपाधीक्षक रेलवे सर्किल इटावा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जीआरपी फिरोजाबाद के नेतृत्व में टीम ने झारखंड के गिरिडीह जिले के बाड़ी गांव से अनवर खां पुत्र शफीक खां को गिरफ्तार किया।




पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ जीआरपी थाना फिरोजाबाद में वर्ष 2018 में मुकदमा संख्या 55/2018 धारा 401 और 414 भादवि के तहत दर्ज है। अदालत से वारंट जारी होने के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था।

आरोपी को 22 जुलाई को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हरीश कुमार और कांस्टेबल विवेक पाल शामिल रहे। जीआरपी अधिकारियों ने बताया कि फरार और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी है।

# लापता युवक की गुमसुदकी दर्ज, बरामद करने की मांग

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



मंडावर।घर से निकला युवक लापता हो गया परिजनों ने थाने मे गुमसुदगी की तहरीर देते हुए युवक को सकुशल बरामद करने की मांग की है। कस्बे के मुहल्ला शाहविलायत निवासी दीपक कुमार कश्यय ने बताया की उनका 18 वर्षिय बेटा कुणाल कश्यप दिन मे ग्यारह बजे के करीब घर से बिना बताए निकल गया था। जब वह शाम तक भी घर नहीं पंहुचा तो उसे इधर उधर काफी तलास किया लेकिन उसका कही पता नहीं चल सका।थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया की तहरीर के आधार पर युवक की गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# द्वारिकेश शुगर मिल बूंदकी में धूमधाम से मनाया गया भारतीय मजदूर संघ का 72 वां स्थापना दिवस, गूंजे एकता के नारे

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



नगीना नगीना क्षेत्र के द्वारिकेश शुगर मिल बूंदकी में धूमधाम से मनाया गया भारतीय मजदूर संघ का 72वां स्थापना दिवस । जिला अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह

और जिला मंत्री राजवीर सिंह तथा चीनी मिल के बड़ी संख्या में कर्मचारी और पदाधिकारी उपस्थित रहे।राष्ट्रवादी सोच और श्रमिकों के कल्याण के लिए समर्पित देश के सबसे बड़े श्रमिक संगठन 'भारतीय मजदूर संघ' (BMS) का 72वां स्थापना दिवस आज बूनकी चीनी मिल परिसर में अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में मिल के सैकड़ों कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और संगठन के प्रति अपनी अटूट निष्ठा प्रकट की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। समारोह में मुख्य रूप से पहुंचे जिला अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह और जिला मंत्री राजवीर सिंह का कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने भारतीय मजदूर संघ के 72 वर्षों के गौरवशाली इतिहास और श्रमिकों के अधिकारों के लिए किए गए संघर्षों पर प्रकाश डाला। वहीं, जिला मंत्री राजवीर सिंह जी ने कहा कि संगठन हमेशा से उद्योग और श्रमिक के बीच एक मजबूत कड़ी बनकर काम करता रहा है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को एकजुट होकर संगठन की नीतियों को आगे बढ़ाने और मिल हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।स्थापना दिवस के इस पावन अवसर पर बूंदकी चीनी मिल के प्रांगण में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

बड़ी संख्या में उपस्थित मिल कर्मचारियों ने एक-दूसरे को बधाई दी और राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया, जिससे उपस्थित सभी लोगों के चेहरों पर प्रसन्नता झलक उठी।

# 30 जुलाई से शुरू होगी श्रावण कांवड़ यात्रा

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नगीना । सनातनी हिंदुओं की भगवान शिव के प्रति प्रगाढ़ आस्था व सावन की महाशिवरात्रि पर पवित्र शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रावण (सावन) मास की पवित्र कांवड़ यात्रा 30 जुलाई से प्रारंभ हो जाएगी।कांवड़ यात्रा का समापन 11 अगस्त को सावन शिवरात्रि के दिन भगवान शिव के अंतिम जलाभिषेक (जल चढ़ानें) के साथ होगा। सावन की महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव को जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्त हरिद्वार से पवित्र व मोक्षदायिनी मां गंगा का जल(गंगाजल) कांवड़ों में लेकर अपने अपने गंतव्यों के लिए निकलते हैं और सावन की महाशिवरात्रि पर अपने अपने क्षेत्रों के शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, सीतापुर,गोला गौखरानाथ तथा उत्तराखंड के जसपुर,

काशीपुर, उद्यमसिंह नगर के शिवभक्त कांवड़ियों का आवागमन नगीना क्षेत्र से होकर ही होता है।सावन मास की कांवड़ यात्रा में शिवभक्त आकर्षक ,सुंदर, मनोहारी व विशाल कांवड़ें लेकर पैदल निकलते हैं और डाक कांवड़ व डीजे लगे वाहनों के साथ समूह में भी कांवड़ लाते हैं।

नगीना क्षेत्र में अनेक स्थानों पर धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं निःशुल्क सेवा शिविर लगाकर कांवड़ियों के आराम करने, फलाहार व भोजन तथा दवाइयों की व्यवस्था कर शिवभक्तों की सेवा करते हैं।पुलिस व प्रशासन भी कांवड़ियों की सेवा के लिए शिविर व भंडारे लगाते हैं।लगभग दो सप्ताह तक पूरा क्षेत्र शिवमय नजर आता है।

## कांवड़ यात्रा के दौरान एक माह बंद रहेंगे नॉन वेज रेस्टोरेंट

नगीना । कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्त कांवड़ियों के आवागमन के सभी मार्गों पर नॉन वेज(मांसाहारी खाने)के होटल व रेस्टोरेंट मीट की दुकानें पूर्णतः बंद रहेंगे। कांवड़ यात्रा मार्गों पर ठेलों व स्टालों पर भी नॉन वेज खाद्य सामग्री(अंडा,मुर्गा, बकरा,मछली आदि के व्यंजनों)की बिक्री नहीं होने दी जाएगी।थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि इस संबंध में सभी रेस्टोरेंट संचालकों व मीट विक्रेताओं को निर्देश दे दिए गए हैं।

# रामपुर जाने की तैयारी पर लगा ब्रेक , पूर्व विधायक शेख सुलेमान को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**



अफजलगढ़। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर रामपुर में प्रस्तावित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना होने की तैयारी कर रहे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक शेख सुलेमान को गुरुवार सुबह पुलिस ने उनके आवास पर ही हाउस अरेस्ट कर दिया। उनके पुत्र शेख निजाम को भी घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी गई। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर दिनभर क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाओं का माहौल बना रहा। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे अफजलगढ़ प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार, कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार के नेतृत्व में अफजलगढ़ पुलिस टीम पूर्व विधायक शेख सुलेमान के आवास पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें घर से बाहर न निकलने की जानकारी दी और एहतियात के तौर पर आवास के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया। इस दौरान पूर्व विधायक शेख सुलेमान और उनके समर्थक रामपुर जाने की तैयारी में थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे जाने से रोक दिया। बताया जा रहा है कि रामपुर में प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक एहतियाती कदम उठाए। पुलिस ने पूरे घटनाक्रम के दौरान स्थिति पर नजर बनाए रखी। दिनभर आवास के आसपास पुलिस की मौजूदगी बनी रही और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सतर्कता बरती गई। उधर प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार का कहना है कि कार्रवाई पूरी तरह एहतियाती और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत की गई है। इस दौरान अफजलगढ़ प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार,कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार, कांस्टेबल रजनीश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहे।

# जलालाबाद में पानी की निकासी के लिए नवनिर्मित नाला तोड़ने व बंद करने का आरोप। कस्बावासियों में आक्रोश, डीएम एसपी से लगाई गुहार

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद/जलालाबाद जनपद बिजनौर के जलालाबाद में मौहल्ला पासवान में कस्बे के पूर्वी छोर पर रहने वाले कस्बावासियों के अनुरोध पर नगर पंचायत द्वारा पानी की निकासी के लिए नाले का निर्माण कराया गया था जिसे मोहल्ले के दो युवक जावेद तथा जाहिद पुत्रगण अख्तर द्वारा तोड़कर बंद कर दिया गया जिस कारण घरों के पानी के निकासी बंद हो गई और घरों के सामने पानी भर गया। नव निर्मित नाले को बंद करने व तोड़ने से पानी भरने से बीमारी व बच्चों की जान पर खतरा बना हुआ है वहीं नाले का पानी जाने के जोड़े को अपनी आरजी बताते हुए नाले को बंद व तोड़ने की धमकी दी जा रही है जबकि उस आरजी के तीन मालिक है बाकी दो ने कोई आपत्ति नहीं की क्योंकि उस जोड़े में कई सौ बरसों से दो और नालों का पानी जा रहा है

आपको बता दे कि इस नाले का निर्माण एक से डेढ़ माह पूर्व नगर पंचायत जलालाबाद द्वारा कराया गया था यहां रहने वाले सभी लोग मेहनतकश निर्धन एवं मध्यम वर्ग के हैं। इन घरों का पानी लगभग 4-5 वर्ष से बन्द है। जब भी वर्षा होती है तो पानी घरों में पानी भर जाता था ये लोग अत्यन्त मुश्किलों से भरी जिन्दगी गुजार रहे थे मोहल्लेवासियों ने नगर पंचायत जलालाबाद की चेयरपर्सन से इस सम्बन्ध में सम्पर्क स्थापित किया। जिनकी राय पर नाले हेतु 20 गज जगह ली गई शहबाज आलम पुत्र श्री अनीस अहमद निवासी मुबारकपुर क्लहेड़ी ने पानी





की समस्या के समाधान हेतु 3 फिट x 60 फिट नाला बनवाने हेतु दी गई जिसकी सूचना नगर पंचायत की चेयरपर्सन को दी है नगर पंचायत के अधिशासी अभियन्ता, जे०ई० आदि ने नाले हेतु दी गयी जगह का निरीक्षण किया और नाले की खुदाई हेतु जे०सी०बी० मशीन भेज दी। इस तरह नाले का निर्माण हुआ और लोगो ने राहत की सास ली अब नाला तोड़ने और बंद करने लोगो साँसे वापस अटक गई। अब गरीब लोगों ने दुबारा शासन व पुलिस प्रसाशन से समस्या का उचित समाधान करने की गुहार लगाई ताकि कोई भी नव निर्मित नाला तोड़ने व बंद करने की कोशिश ना करे।

# 24 घंटे में हिमांशु हत्याकांड का पदार्फाश, प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार की रणनीति से तीन हत्यारोपी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**




अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के गांव आनंदीपुर में युवक हिमांशु त्यागी की हत्या के मामले में अफजलगढ़ पुलिस ने तेज और प्रभावी कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के भीतर पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार के कुशल नेतृत्व, सतर्क निगरानी और सटीक रणनीति के चलते पुलिस ने हत्या में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो डंडे भी बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार 22 जुलाई 2026 को आनंदीपुर निवासी सतीस कुमार पुत्र सागर सिंह ने अपने पुत्र हिमांशु त्यागी की हत्या किए जाने के संबंध में थाना अफजलगढ़ में अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी थी। इस पर पुलिस ने मुकदमा संख्या 165/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर तत्काल जांच शुरू कर दी। वही अफजलगढ़ प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों, तकनीकी जांच और मुखबिर तंत्र की मदद से मामले की गहन विवेचना की। जांच के दौरान गांव आनंदीपुर निवासी आकाश (20) पुत्र नौबत सिंह, संजीव कुमार उर्फ भंडारी (29) पुत्र पूरन सिंह तथा सिद्धांत कुमार (19) पुत्र देवेंद्र की संलिप्तता सामने आई, जिसके बाद मुकदमे में धारा 3(5) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त दो डंडे भी बरामद कर लिए गए। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य पहलुओं की भी गहनता से जांच की जा रही है तथा अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है। क्षेत्र में इस सनसनीखेज हत्याकांड का इतने कम समय में खुलासा होने पर पुलिस की कार्रवाई की सराहना की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार की सक्रिय कार्यशैली और टीम के बेहतर समन्वय से एक बार फिर अफजलगढ़ पुलिस ने गंभीर अपराधों के त्वरित खुलासे की अपनी कार्यक्षमता साबित की है। इस अवसर पर गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार, उपनिरीक्षक छविनाथ सिंह, कांस्टेबल शुलभ राणा, कांस्टेबल नितिन कुमार तथा कांस्टेबल विनश शामिल रहे।

# दुर्धटना में ई-रिक्शा चालक समेत चार लोग गंभीररूप से घायल

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नगीना। सीएनजी ऑटो और ई रिक्शा की आमने सामने की टक्कर में ई-रिक्शा चालक समेत चार लोग गंभीररूप से घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

थाना क्षेत्र के ग्राम पखनपुर निवासी नाजीर अहमद ई रिक्शा चालक है, मंगलवार को अपने ही गांव के रिसिपाल 50 वर्ष पुत्र मुरारी, वाजिदा पत्नी शहजाद 25 वर्ष, बबीता पत्नी संतराम 40 वर्ष को बैठा कर नगीना ला रहा था, जब वह तुखमापुर मनिहारी सराय मार्ग स्थित नहर कि पुलिया पर पहुंचा तभी सामने से आ रही सीएनजी ऑटो चालक ने अनियंत्रित होकर इस रिक्शा को टक्कर मार दी जिससे इस रिक्शा पलटने से चालक वे उसमें सवार सभी सवारी गंभीर रूप से घायल हो गये, सभी चारों घायलों को उपचार हेतु सीएचसी लाया गया जहां उनको भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। घटना के बाद सीएनजी चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया।

दुर्धटना में ई-रिक्शा चालक समेत चार लोग गंभीररूप से घायल

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर

नगीना। सीएनजी ऑटो और ई रिक्शा की आमने सामने की टक्कर में ई-रिक्शा चालक समेत चार लोग गंभीररूप से घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। थाना क्षेत्र के ग्राम पखनपुर निवासी नाजीर अहमद ई रिक्शा चालक है, मंगलवार को अपने ही गांव के रिसिपाल 50 वर्ष पुत्र मुरारी, वाजिदा पत्नी शहजाद 25 वर्ष, बबीता पत्नी संतराम 40 वर्ष को बैठा कर नगीना ला रहा था, जब वह तुखमापुर मनिहारी सराय मार्ग स्थित नहर कि पुलिया पर पहुंचा तभी सामने से आ रही सीएनजी ऑटो चालक ने अनियंत्रित होकर इस रिक्शा को टक्कर मार दी जिससे इस रिक्शा पलटने से चालक वे उसमें सवार सभी सवारी गंभीर रूप से घायल हो गये, सभी

चारों घायलों को उपचार हेतु सीएचसी लाया गया जहां उनको भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। घटना के बाद सीएनजी चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया।

# पौधों की सुरक्षा व सिंचाई पर दें विशेष ध्यान, आलोक यादव

**समाज जागरण**
**शामली। (फुरकान जंग)**

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आलोक यादव की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, वृक्षारोपण तथा नदियों के संरक्षण से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जिला वृक्षारोपण समिति की समीक्षा के दौरान कहा कि वृक्षारोपण अभियान के तहत लगाए गए सभी पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पौधों की समय-समय पर सिंचाई कराई जाए तथा उनकी सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था की जाए, ताकि लगाए गए पौधों का बेहतर संरक्षण हो सके। जिला गंगा समिति की समीक्षा करते हुए डीएम ने गंगा एवं अन्य जल स्रोतों के संरक्षण के लिए जनजागरूकता कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदूषणकारी नालों के जल की गुणवत्ता की नियमित जांच कराई जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर बायोरेमेडिएशन की कार्रवाई समय बद्ध रूप से कराई जाए, जिससे जल प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। बैठक में खोखरी नदी के जीर्णोद्धार कार्य की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित खंड विकास अधिकारी को उपजि लाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर नदी पुनर्जीवन के कार्यों में तेजी लाने तथा उन्हें शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नदी के पुनर्जीवन से जल संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। प्रदूषण नियंत्रण संबंधी समीक्षा के दौरान जिला धिकारी ने जल निगम के अधि कारियों को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने तथा परियोजना को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से आपसी समन्वय बनाकर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय वना धिकारी, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, परिवहन विभाग, भूगर्भ जल विभाग, लोक निर्माण विभाग, प्रदूषण नियंत्रण विभाग, उद्योग विभाग, जिला परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति, बेसिक शिक्षा विभाग, ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, सिंचाई विभाग, उद्यान विभाग, सभी अधि शासी अधिकारी, समस्त

खंड विकास अधिकारी तथा जिला पंचायती राज अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# ढाई लाख की दो स्लाइसिंग मशीनें चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार, बाइक भी बरामद

**समाज जागरण**
**शामली। (फुरकान जंग)**

कोतवाली शामली पुलिस ने चोरी की एक घटना का सफल खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से करीब ढाई लाख रुपये मूल्य की चोरी की गई दो स्प्लाइसिंग मशीनें तथा वारदात में प्रयुक्त हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपितों का चालान कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, कुछ दिन पूर्व मोहल्ला दयानंद नगर गली नंबर-11 निवासी रवि सिंह पुत्र बंगाली ने अपने घर से दो स्प्लाइसिंग मशीन चोरी होने की तहरीर कोतवाली शामली में दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह ने घटना के शीघ्र खुलासे और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शामली को आवश्यक निर्देश दिए थे। गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना का सफल अनावरण कर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम रवि वर्मा पुत्र धीरेन्द्र निवासी दयानंद नगर, शामली तथा कासिफ पुत्र अब्दुल निवासी हाजीपुरा नाला पटरी, शामली बताए। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी की गई दोनों स्प्लाइसिंग मशीनें, जिनकी अनुमानित कीमत करीब ढाई लाख रुपये बताई जा रही है, बरामद कर लीं। साथ ही घटना में प्रयुक्त हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल (पंजीकरण संख्या यूपी-11 सीडी-4326) भी कब्जे में ले ली गई। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।



# कांवड़ यात्रा को लेकर शामली, बागपत व पानीपत पुलिस की समन्वय बैठक

**समाज जागरण**
**शामली। (फुरकान जंग)**

श्रावण कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को शामली, बागपत और हरियाणा के पानीपत जनपद की पुलिस के अधिकारियों के बीच अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देशन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला ने की। बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और आपसी समन्वय को और मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान तीनों जनपदों के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने, सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रभावी पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करने, कांवड़ मार्ग पर निर्बाध यातायात बनाए रखने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने, संयुक्त चेकिंग एवं गश्त चलाने, संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर कड़ी निगरानी रखने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सूचना आदान-प्रदान की रणनीति तैयार की गई। अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान तीनों जनपदों की पुलिस के बीच लगातार संवाद और समन्वय बना रहे तथा हर सूचना पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त गश्त, प्रभावी चेकिंग और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। बैठक में तीनों जनपदों के अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधों की जानकारी साझा की। साथ ही सुझावों और अनुभवों के आधार पर संयुक्त कार्ययोजना तैयार की गई, ताकि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा सके। इस दौरान उत्तराखंड पुलिस द्वारा जारी श्रावण कांवड़ यात्रा एडवाइजरी से भी अधिकारियों को अवगत कराया गया। निर्देश दिए गए कि बीट आरक्षियों के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्रों से कांवड़ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं और कांवड़ियों तक एडवाइजरी की प्रतियां पहुंचाई जाएं, ताकि उन्हें यात्रा के दौरान सुरक्षा उपायों, आवश्यक दिशा-निर्देशों और सावधानियों की समय रहते जानकारी मिल सके। बैठक में क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार सहित शामली, बागपत और पानीपत पुलिस के क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल बोले- बूथ जितना मजबूत, जीत उतनी सुनिश्चित

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

माजरा रोड स्थित देव गार्डन में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की शामली विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में बूथ संगठन को मजबूत बनाने, आगामी चुनाव की तैयारियों को गति देने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल के नेतृत्व में हुआ, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप ने की। मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश मंत्री प्रमेन्द्र कुमार जांगड़ा रहे।पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल ने कहा कि पार्टी की वास्तविक ताकत बूथ स्तर का संगठन है। बूथ जितना मजबूत होगा, चुनाव में पार्टी की सफलता उतनी ही सुनिश्चित होगी। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया।मुख्य अतिथि प्रमेन्द्र कुमार जांगड़ा ने बूथ अध्यक्षों को संगठन की सबसे मजबूत कड़ी बताते हुए आगामी चुनाव के मद्देनजर सक्रिय रहने का आह्वान किया। उन्होंने बूथ स्तर पर मतदाताओं से निरंतर संपर्क बनाए रखने और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने पर बल दिया। सम्मेलन के दौरान उन्होंने बूथ अध्यक्षों से संगठनात्मक गतिविधियों और बूथ की तैयारियों को लेकर सवाल-जवाब भी किए।सम्मेलन की विशेष बात यह रही कि राष्ट्रीय लोकदल के पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष तरसपाल मलिक तथा प्रदेश महासचिव सतवीर पवार भी कार्यक्रम में शामिल हुए। दोनों अतिथियों का मंच पर सम्मान किया गया। कार्यक्रम स्थल वाले बूथ के अध्यक्ष सागर मित्तल का भी मुख्य अतिथि ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।सम्मेलन में शामली विधानसभा के शामली मंडल अध्यक्ष सतीश धीमान, एलम मंडल अध्यक्ष सुधीर पवार और बनत मंडल अध्यक्ष प्रमोद मलिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में बूथ अध्यक्षों के लिए क्रमवार बैठने की विशेष व्यवस्था की गई, जिससे सम्मेलन अनुशासित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।अभियान का संचालन भाजपा आईटी सेल एवं मीडिया प्रभारी विनीत शर्मा, आईटी सेल संयोजक दीपक चौहान और जिला मंत्री अनिल उपाध्याय ने किया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रूबी चौधरी, कांधला मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन, नीरज मलिक, मनोज शर्मा, संदीप नामदेव, पंकज कश्यप, पीयूष सैनी, जिला मंत्री बबीता चौहान, मीनू संगल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# समरसेबल की दुकान से 1.05 लाख रुपये चोरी, दो लोगों पर आरोप

**दैनिक समाज जागरण**

सम्भल। असमोली थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर कलां में नमाज अदा करने गए एक दुकानदार की दुकान से 1.05 लाख रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गांव के ही दो लोगों पर मेज की लोहे की रैक तोड़कर नकदी चोरी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर



कार्रवाई की मांग की है गांव शहबाजपुर कलां निवासी अकबर अली पुत्र मोहम्मद इस्लाम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज के पास उनकी प्लास्टिक पाइप की दुकान है। मंगलवार 21 जुलाई की शाम करीब 7:15 बजे वह नमाज अदा करने के लिए गांव की मस्जिद गए थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के दो व्यक्ति दुकान में घुस आए और मेज की लोहे की रैक तोड़कर उसमें रखे 1 लाख 5 हजार रुपये चोरी कर ले गए अकबर अली ने बताया कि नमाज पढ़कर लौटने पर दुकान के अंदर रखी मेज की रैक टूटी हुई मिली। रैक में रखी नकदी गायब देखकर उनके होश उड़ गए। काफी तलाश के बाद भी रुपये नहीं मिले तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी पीड़ित ने गांव के दो लोगों को नामजद करते हुए उनके खिलाफ तहरीर दी है और मामले की निष्पक्ष जांच कर चोरी की रकम बरामद करने तथा आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# सब्जी मंडी में आम की पेटियां चोरी करते ई - रिक्शा चालक पकड़ा

**समाज जागरण**

कांधला। कस्बे की नवीन सब्जी मंडी में गुरुवार को आम की पेटियां चोरी करने का प्रयास कर रहे एक ई-रिक्शा चालक को व्यापारियों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। घटना के बाद मंडी में लोगों की भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना डायल-112 पुलिस को दी गई। कस्बा निवासी उमर सिद्दीकी नवीन सब्जी मंडी में फल एवं सब्जी का कारोबार करता हैं। गुरुवार को उसकी आम की कई पेटियां मंडी में रखी हुई थीं। आरोप है कि इसी दौरान एक ई-रिक्शा चालक वहां पहुंचा और आम की पेटियां ई-रिक्शा में रखकर ले जाने लगा। तभी व्यापारी की नजर उस पर पड़ गई। शोर मचाने पर आसपास मौजूद व्यापारियों ने आरोपी को पकड़ लिया।व्यापारियों ने मामले की सूचना डायल-112 पुलिस को दी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची थी। मामले को लेकर मंडी के व्यापारियों में नाराजगी बनी रही।



# दहेज हत्या के मामले में पति और सास गिरफ्तार

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

थाना आदर्श मंडी पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में मृतका का पति और सास शामिल हैं। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, 21 जुलाई को मृतका के परिजनों ने थाना आदर्श मंडी में दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया गया।इसी क्रम में गुरुवार को थाना आदर्श मंडी पुलिस ने गांव कसेरवां खुर्द निवासी रवि पुत्र रामकुमार उर्फ भलवा और उसकी मां राज्जो पत्नी रामकुमार उर्फ भलवा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी दहेज हत्या के मुकदमे में नामजद और वांछित चल रहे थे।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।



# आम के बाग में सभासद पति समेत तीन पर हमला, लाठी -डंडों से मारपीट

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव महालीपुर स्थित एक आम के बाग में सभासद के पति समेत तीन लोगों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट का मामला सामने आया है। घायलों ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद कांधला थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।मोहल्ला शेखजादगान निवासी खुर्शीद अफजल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने साथियों गुलबहार सहित अन्य के साथ महालीपुर स्थित आम के बाग में कार्य कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान कई लोग लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंचे और बिना किसी बात के उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने तीनों के साथ मारपीट की और घटना के बाद मौके से फरार हो गए।मारपीट में घायल तीनों लोगों ने अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकीय परीक्षण कराया। इसके बाद उन्होंने कांधला थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

थाना प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# मोबाइल स्नैचिंग का खुलासा, एक बदमाश गिरफ्तार; वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद

**समाज जागरण**
**कैराना। (फुरकान जंग)**

थाना कैराना पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग की घटना का सफल खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल भी बरामद की है। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है, जबकि फरार अन्य आरोपितों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, पांच दिन पूर्व राजेंद्र कॉलोनी, आलकलां निवासी गौतम पुत्र शिवकुमार सिंघल ने थाना कैराना में तहरीर देकर बताया था कि सीएचसी कैराना के निकट मोटर साइकिल सवार तीन अज्ञात युवकों ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक कैराना के नेतृत्व में गठित टीम ने घटना के खुलासे के लिए अभियान चलाया। गुरुवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम चमन पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम रामपुरा (सिंगरा), थाना झिंझाना, जनपद शामली बताया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त काले रंग की बिना नंबर प्लेट हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई।पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं, वारदात में शामिल अन्य फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है।



# कैराना पुलिस ने दो स्मैक तस्करों को दबोचा, 80 लाख रुपये की 361 ग्राम स्मैक बरामद

**समाज जागरण**
**कैराना। (फुरकान जंग)**

सहारनपुर परिक्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे "ऑपरेशन सवेरा : नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर" अभियान के तहत थाना कैराना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 361 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 80 लाख रुपये बताई जा रही है। तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी सीज कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देशन में थाना कैराना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों ने पूछताछ में अपने नाम दानिश पुत्र सादा उर्फ सद्दीक तथा सारिक उर्फ मुंसारिक पुत्र कालू उर्फ जाहिद, निवासी ग्राम गोगवान, थाना कैराना, जनपद शामली बताए। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 361 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 80 लाख रुपये आंकी गई है। बरामदगी के आधार पर दोनों आरोपितों के विरुद्ध थाना कैराना में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी में प्रयुक्त हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (पंजीकरण संख्या यूपी-19 जे-8151) को भी सीज कर दिया गया है। साथ ही तस्करी के नेटवर्क और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में गहन जांच की जा रही है।



# ट्यूबवेल से बिजली की केबल चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार; चोरी की केबल बरामद

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना कांधला पुलिस ने ट्यूबवेल से विद्युत केबल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई करीब 8 से 10 मीटर लंबी विद्युत केबल भी बरामद कर ली। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, तीन दिन पूर्व ऐलम कस्बे के मोहल्ला हरिनगर निवासी सुभाष चंद पुत्र महाबीर प्रसाद ने तहरीर देकर बताया था कि एनएच-709 स्थित पंवार होटल के पास खेत में लगी उनकी ट्यूबवेल से अज्ञात चोर विद्युत केबल चोरी कर ले गए थे। तहरीर के आधार पर थाना कांधला में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत थाना कांधला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले का खुलासा कर विकास पुत्र राजपाल सिंह निवासी ग्राम कनियान, थाना कांधला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई काले रंग की करीब 8 से 10 मीटर विद्युत केबल बरामद की है। पूछताछ के बाद आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्र वाई पूरी कर उसे
न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।




# गुन्नौर हाउस अरेस्ट के बावजूद युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी हम्माद मुबीन ने किया प्रदर्शन

## जंतर-मंतर आंदोलन को दिया समर्थन

**समाज जागरण**

गुन्नौर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष काजी हम्माद मुबीन को मंगलवार रात करीब 10 बजे से पुलिस ने बबराला रोड स्थित एक बरात घर में हाउस अरेस्ट कर रखा था। पुलिस की कड़ी निगरानी के बीच लगभग 40 घंटे तक नजरबंद रहने के बावजूद गुरुवार को हम्माद मुबीन अपने समर्थकों के साथ बाहर निकले और प्रदर्शन कर जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन के प्रति अपना समर्थन जताया।

प्रदर्शन के दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आंदोलनकारियों के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। मौके पर पुलिस बल तैनात रहा और पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए रखी।

काजी हम्माद मुबीन ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध और अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें आंदोलन में शामिल होने से रोकने के उद्देश्य से हाउस अरेस्ट किया गया, लेकिन वह अपने साथियों के साथ लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने में सफल रहे।

प्रदर्शन के दौरान मुशीर, शानू, रियान, अमीर अहमद, जितेंद्र यादव, बासिम, तालिब सहित अन्य समर्थक मौजूद रहे।

वहीं, पुलिस की ओर से इस पूरे मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जीवाना में दृष्टि आईएएस द्वारा करियर काउंसलिंग और GK क्विज प्रतियोगिता आयोजित

## छात्रों को NEET-JEE के अलावा सिविल सेवा, रक्षा, डेटा साइंस जैसे विकल्पों की दी गई जानकारी

**समाज जागरण बड़ौत।** गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, जीवाना में कक्षा 11 एवं 12 के छात्र-छात्राओं के लिए दृष्टि आईएएस संस्थान के सहयोग से करियर काउंसलिंग कार्यक्रम और सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों से अवगत कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन देना था। मुख्य वक्ता शशांक सिंह राजपूत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नीट और जी के




अलावा भी अनेक करियर विकल्प उपलब्ध हैं। उन्होंने सिविल सेवा, रक्षा सेवाएं, प्रबंधन, कानून, पत्रकारिता, डिजाइन, डेटा साइंस सहित उभरते क्षेत्रों की विस्तार से जानकारी दी। दृष्टि आईएएस की प्रशिक्षक शिवानी वत्स ने करियर चयन, लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने छात्रों को आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन त्यागी, उप प्रधानाचार्य डॉ. सुशील वत्स, तुषार गोयल, प्रवीण कुमार, ऋषिपाल सिंह, चंद्रवीर और शिवाजी सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय आगमन पर विद्यालय प्रबंधक डॉ. अनिल आर्य ने दृष्टि आईएएस के सभी प्रशिक्षकों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्रों के लिए जिके क्विज प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को दृष्टि आईएएस टीम द्वारा मेडल और गिफ्ट हैम्पर देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. अनिल आर्य ने दृष्टि आईएएस संस्थान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे मार्गदर्शन कार्यक्रम विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# मेरठ खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से स्वराज पाल दुहूण को उ०प्र०मा०शि०संघ ने बनाया अधिकृत प्रत्याशी

## बागपत आगमन पर हुआ भव्य स्वागत, पुरानी पेंशन और वित्तविहीन शिक्षकों के मुद्दे उठाने का संकल्प

**समाज जागरण बड़ौत।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने मेरठ खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से शिक्षक एमएलसी चुनाव 2026 के लिए स्वराज पाल दुहूण को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। संघ द्वारा जारी सूची के अनुसार वर्ष 2026 में प्रदेश भर में 6 शिक्षक एमएलसी चुने जाने हैं। इनमें मेरठ परिक्षेत्र से स्वराज पाल दुहूण और वाराणसी शिक्षक खण्ड से प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी चेतनारायण सिंह संगठन की ओर से चुनाव लड़ेंगे। प्रत्याशी घोषित होने के बाद बागपत में दुहूण के प्रथम आगमन पर उ०प्र०मा०शि०संघ बागपत इकाई ने फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने मेरठ व सहारनपुर मण्डल के 9 जनपदों के शिक्षक-शिक्षिकाओं का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि दूसरी बार जनपद बागपत को शिक्षक एमएलसी के रूप में सम्मान मिला है। स्वागत समारोह में दुहूण ने कहा कि वे पुरानी पेंशन का शेष 50%



भाग स्वीकृत कराने, वित्तविहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों को वेतन वितरण अधिनियम और शिक्षा सेवा आयोग के दायरे में लाने तथा अल्पसंख्यक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के स्थानांतरण के लिए कृतसंकल्पित हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह, जिला मंत्री हरेंद्र नाथ सहाय, कोषाध्यक्ष सुभाष दुहूण, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह तोमर, कंवरपाल सिंह, पूर्व जिला मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर, प्रोटेक्शन कमेटी अध्यक्ष ओमवीर सिंह तोमर, प्रांतीय संरक्षक मंडल सदस्य कोमवीर सिंह तोमर, मंडलीय कोषाध्यक्ष ज्ञानेंद्र तोमर, संयुक्त मंत्री मनीष जैन, संजीव कुमार तोमर, मयंक तोमर, देवेंद्र कुमार तोमर, मुकेश कुमार शर्मा, वीरेंद्र सिंह सरोहा, देवेंद्र सिंह खोखर, पूर्व प्रधानाचार्य योगेंद्र सिंह तालियान, सतीश कुमार शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य मांगेराम, सुधीर कुमार, शिव कुमार शर्मा, शत्रुघ्न प्रसाद, महेंद्र कुमार शर्मा, रमेश सिंह, मंगेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# चौधरी हरलाल मेमोरियल ट्रस्ट ने कराया 11 जरूरतमंद बेटियों का सामूहिक विवाह

**समाज जागरण बागपत।** चौधरी हरलाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा मानवता, सामाजिक समरसता और बेटी सम्मान का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 11 जरूरतमंद बेटियों का सामूहिक विवाह समारोह भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न कराया गया। इस अवसर पर 8 हिंदू एवं 3 मुस्लिम समाज की बेटियों का विवाह उनके-अपने धर्म और परंपराओं के अनुसार पूरे सम्मान एवं विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया।



समारोह में हर बेटी को अपनी बेटी मानकर स्नेहपूर्वक विदा किया गया। भावुक माहौल के बीच नवविवाहित जोड़ों को सभी उपस्थित अतिथियों ने सुखद एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। यह आयोजन सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और मानव सेवा का प्रेरणादायी संदेश बनकर उभरा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मनुपाल बंसल, जगेश चौधरी, हरिओम जागड़ा, सोनू बैंसला, आनंद यादव, केटी विंग, रवि बैंसला, लीलू प्रमुख, सुभाष गुर्जर, संजय डीलर, हरिकेश शर्मा (विधायक प्रतिनिधि), हरेंद्र प्रधान एवं गोपाल शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्ट के पदाधिकारियों अध्यक्ष चौधरी तिलक राम, उपाध्यक्ष पवन कुमार, सचिव एडवोकेट चौधरी रणवीर सिंह, कोषाध्यक्ष कृष्णपाल शर्मा एवं उपसचिव टीना चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही संस्थापक सदस्य रणबीर सिंह, समन्वयक सुभाष चंद्रा, सर्वेश कुमार, समीर अहमद तथा चौधरी हरलाल मेमोरियल ट्रस्ट परिवार के सभी सदस्यों ने पूरे समर्पण के साथ आयोजन को सफल बनाया।

ट्रस्ट परिवार ने इस पुनीत कार्य में सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं, स्वयंसेवकों, अतिथियों एवं क्षेत्र वासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी बिना किसी जाति, धर्म या वर्ग के भेदभाव के जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ऐसे जनसेवा के कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

# चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी की टॉपर बनीं सरूरपुर कलां की वर्षा नैन

**समाज जागरण बागपत।** कड़ी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर सरूरपुर कलां की वर्षा नैन ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू), मेरठ में इतिहास रचते हुए बैचलर ऑफ एलीमेंट्री एजुकेशन - बी एल एड में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस शानदार उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने उन्हें स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वर्षा नैन, जिनके पिता पंकज कुमार तथा माता सविता हैं, बचपन से ही मेधावी छात्रा रही हैं। उन्होंने बी एल एड के चारों सेमेस्टर में कुल 1334 अंक अर्जित कर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। उनकी



इस उपलब्धि ने न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। सम्मान प्राप्त करने के बाद वर्षा नैन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिजनों, गुरुजनों और शुभचिंतकों को देते हुए कहा कि सभी के सहयोग, मार्गदर्शन और आशीर्वाद से ही वह इस मुकाम तक पहुंच सकीं। जैसे ही वर्षा नैन के सीसीएस यूनिवर्सिटी टॉपर बनने की खबर घर पहुंची, परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। शुभचिंतकों, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों का बधाई देने के लिए उनके घर पहुंचना शुरू हो गया। मिठाई खिलाकर लोगों ने अपनी खुशी का इजहार किया और वर्षा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वर्षा नैन के अंकल नीरज नैन, जो क्षेत्र के सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं प्रतिष्ठित भट्ठा व्यवसायी हैं, ने अपनी भतीजी की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे परिवार और समाज के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्षा आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर समाज और देश का नाम रोशन करेंगी।

# पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट, जंतर-मंतर नहीं जाने दिया : जिशान हयात

## लोकतांत्रिक अधिकारों की आवाज नहीं रुकेगी - भीम आर्मी नेता

**समाज जागरण**

बागपत। भीम आर्मी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जिशान हयात ने आरोप लगाया है कि आज सुबह 7:00 बजे से पुलिस प्रशासन ने उन्हें उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर रखा है, ताकि वे दिल्ली के जंतर-मंतर न जा सकें।जिशान हयात ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। बिना किसी



अपराध के केवल आवाज उठाने से रोकने के लिए घर में नजरबंद करना गंभीर चिंता का विषय है।उन्होंने स्पष्ट किया कि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनकी आवाज न पहले रुकी थी और न अब रुकेगी। उन्होंने कहा कि संविधान और कानून के दायरे में रहकर वे अन्याय के खिलाफ अपनी बात उठाते रहेंगे।

# बाल गंगाधर तिलक व चंद्रशेखर आजाद की मनाई गई जयंती

**समाज जागरण बागपत।** महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल अग्रवाल मंडी टटीरी में आज महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के स्कूल मैनेजर मनोज कुमार आर्य एडवोकेट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है का उद्घोष तथा चंद्रशेखर आजाद का अदम्य साहस एवं राष्ट्रभक्ति आज भी युवाओं को देशसेवा के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे इन महान



विभूतियों के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर एक जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनें। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य सविता शर्मा, रेखा रानी, मुनेश, अंजना कश्यप, मीना, राहुल कुमार, योगेंद्र शर्मा एवं सचिन कुमार उपस्थित रहे। वहीं विद्यार्थियों में साद, सबा, नितेश, आयुष, आयशा, लक्ष्मी, रीया, राशि, छवि, राधा, अमायरा, शमद, अधिक, राहुल, अमर, दीपांशु, कार्तिक सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि वह सदैव राष्ट्रनिर्माण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को उत्कृष्ट नागरिक बनाने का प्रयास करता रहेगा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# ब्रह्मचारी भैया वकील चंद जैन की गोद भराई का हुआ कार्यक्रम

**समाज जागरण बागपत।** जैन मिलन परिवार बड़ौत के द्वारा आचार्य गुरुवर श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के पावन संघ मे जैन मुनि दीक्षा लेने से पुर्व ब्रह्मचारी भैया श्री वकील चन्द जैन पूर्व प्रधानाचार्य जी की भव्य गोद भराई का सुन्दर कार्यक्रम जैन अतिथि भवन बडौत में सानन्द सम्पन्न हुआ। जिसमे प्रथम तिलक बड़ौत दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष प्रवीण कुमार जैन टीकरी वालो ने किया। तत्पश्चात सिद्धार्थ जैन ओर पुनीत जैन ने पगड़ी ओढ़ाकर ओर नरेन्द्र जैन राजकमल ने एवं राजेश जैन भारती जी ,सुधीर जैन, संजीव जैन डाबर ने सामुहिक रुप से पटका ओर माला पहनाकर स्वागत किया। वाचस्पति डा श्रेयांस जैन ने भी अपने उदबोधन में कहा कि आचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी के संघ मे दीक्षा लेना बड़ौत नगर के लिए अपने आप मे गौरव की बात है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार जैन पैट्रोल पम्प वालो ने कहा कि जैन मुनि दीक्षा लेना काटो के पथ पर चलने के समान है, हम सभी इनके पुण्य की अनुमोदना करते है।




कार्यक्रम को सफल बनाने मे आदिश जैन सबगे वाले, अकिंत जैन फैना वाले ,कमल जैन किताब, राजेन्द्रजैन कानूनगो, दिनेश जैन नवकार, विनोद जैन वकील, हर्षित जैन वनस्थली, दिनेश जैन कोयले वाले, दीप्ती जैन, अनिल जैन बामनौली, अमर जैन, मनीष जैन, सौरभ जैन, वरदान जैन, अन्जली जैन, सगीता भारती, शुभम जैन शान्तिनाथ, यश जैन पैट्रोल पम्प, सत्यम जैन, नवनीत जैन, शरद जैन, सचिन जैन, धणेन्द्र जैन बैंक वाले , मनोज जैन सम्भव, बबली जैन, महिला प्रेरणा आदि का सहयोग रहा।

# एआईबीई परीक्षा पास करने पर एडवोकेट रामकुमार अग्रवाल सम्मानित

## सिविल बार एसोसिएशन और वैश्य महासंघ ने दी बधाई

**समाज जागरण**

बड़ौत। भारतीय वैश्य परिवार महासंघ के जिला महामंत्री और समाजसेवी एडवोकेट रामकुमार अग्रवाल ने एआईबीई आर इंडिया बार एग्जामिनेशन पास कर ली है। इस उपलब्धि पर सिविल बार एसोसिएशन, बड़ौत के महामंत्री



एडवोकेट पुष्पेन्द्र तोमर ने उन्हें बैज लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एडवोकेट वीरेन्द्र चौहान, एडवोकेट प्रविन्द्र कुमार, एडवोकेट मोहित चौहान, सविता, संजीव आदि उपस्थित रहे। रामकुमार अग्रवाल के परीक्षा पास करने पर भारतीय वैश्य परिवार महासंघ के पदाधिकारियों ने भी उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में राष्ट्रीय संरक्षक जयभगवान गर्ग, डॉ. योगेश जिंदल, राकेश मोहन गर्ग, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. अंकित गुप्ता, डॉ. अनुराग गुप्ता, डॉ. अमित गुप्ता, राममोहन गुप्ता, सचिन गुप्ता, नितिन गुप्ता, विवेक गुप्ता, एडवोकेट विभोर गुप्ता, विवेक गोयल सहित अन्य शामिल रहे।

# लायंस क्लब बागपत ने यमुना नदी पर चलाया सफाई अभियान

**समाज जागरण बागपत।** लायंस क्लब बागपत के सदस्यों ने राष्ट्र वंदना चौक पर एकत्र होकर गौरीपुर मोड़ स्थित यमुना नदी किनारे स्वच्छता अभियान चलाया।

इस अभियान में क्लब के लायन सदस्यों ने नदी के किनारे और रेलिंग पर फैली पॉलिथीन तथा अन्य कचरे को हटाकर नदी को स्वच्छ बनाने का प्रयास किया। अभियान के दौरान लायन बंधुओं ने क्लब की कैप और टी-शर्ट पहनकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। सदस्यों ने नदी के आसपास के क्षेत्र को कचरा-मुक्त बनाने में सक्रिय योगदान दिया। इस सफाई अभियान का उद्देश्य यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाना, जल प्रदूषण को कम करना, तथा आसपास के समुदायों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना था। लायन डॉ महेंद्र सिंह धामा, अध्यक्ष लायंस क्लब बागपत ने कहा कि स्वच्छ यमुना हम सभी



की जिम्मेदारी है। आज के इस अभियान से न केवल नदी के आसपास का हिस्सा स्वच्छ हुआ है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाया गया है। हम भविष्य में भी ऐसे अभियान चलाते रहेंगे। लायंस क्लब बागपत समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरण के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहता है। क्लब भविष्य में भी यमुना नदी और अन्य पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर नियमित अभियान चलता रहेगा। इस अवसर पर सचिव विजयपाल यादव अजय शर्मा सुरेश कुमार धीरज बंसल राजपाल शर्मा जितेंद्र शर्मा नीरज नैन महबूब खान पदम सिंह चौहान आदि लायन सदस्य उपस्थित रहे।

# सुभाष चंद कश्यप ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, खराब सड़कों और छात्र आंदोलन का मुद्दा उठाया

**समाज जागरण**

अग्रवाल मंडी-टटीरी लिंक मार्ग की बदहाली और राष्ट्रपति शासन की मांग

बागपत। पूर्व सांसद प्रत्याशी सुभाष चंद कश्यप ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट प्रभारी एसडीएम बालकिशन को ज्ञापन सौंपकर जनपद की समस्याओं से अवगत कराया। पहले ज्ञापन में उन्होंने कहा कि बागपत-मेरठ नेशनल हाईवे पर अग्रवाल मंडी टटीरी में रेलवे ओवरब्रिज बनने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। अग्रवाल मंडी-टटीरी से सूरजपुर, मेहनवा, चोहलदा होते हुए मेरठ नेशनल हाईवे को जोड़ने वाला लगभग 3 किमी का लिंक मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त है। सड़क पर 2 फीट तक गहरे गड्ढे हैं और थोड़ी बारिश में सूरजपुर-मेहनवा अंडरपास पानी से भर जाता है। इससे मार्ग पूरी तरह बंद हो जाता है और दिन-रात वाहन निकलना मुश्किल है। दूसरे ज्ञापन में सुभाष चंद कश्यप ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार रोजगार के अवसर खत्म कर रही है और केवल टैक्स वसूली में लगी है।

देश की नीति और विदेश नीति दोनों विफल हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों पर लाठीचार्ज किया जा रहा है। उन्होंने राष्ट्रपति से मांग की कि वर्तमान सरकार को भंग कर तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाया जाए या मंत्रिमंडल सहित केंद्र सरकार का नेतृत्व बदला जाए। ज्ञापन देने के दौरान सुभाष चंद कश्यप ने कहा कि जनहित के मुद्दों पर लगातार आवाज उठाई जाएगी।

# भारत ने ब्रिक्स नेटवर्क विश्वविद्यालय सम्मेलन और अंतर्राष्ट्रीय शासी बोर्ड की बैठक की मेजबानी की, जिससे ब्रिक्स उच्च शिक्षा सहयोग को मजबूती मिली

ब्रिक्स नेटवर्क के अंतर्गत पारंपरिक और स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों को एक नए विषयगत क्षेत्र के रूप में प्रस्तावित किया गया है अंतर्राष्ट्रीय शासी बोर्ड ने घोषणापत्र को अपनाया और शैक्षणिक सहयोग को आगे बढ़ाया भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता 2026 के अंतर्गत, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने ब्रिक्स नेटवर्क यूनिवर्सिटी (ब्रिक्स एनयू) के अंतर्राष्ट्रीय शासी बोर्ड (आईजीबी) की बैठक मंगलवार (21 जुलाई, 2026) को वर्चुअल माध्यम से सफलतापूर्वक आयोजित की। यह बैठक ब्रिक्स नेटवर्क यूनिवर्सिटी के पारंपरिक और स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों पर सोमवार (20 जुलाई, 2026) को आयोजित सम्मेलन के बाद हुई। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में ब्रिक्स सदस्य देशों के सरकारी प्रतिनिधि, विश्वविद्यालय प्रमुख, शिक्षाविद और विशेषज्ञ उच्च शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में सहयोग को मजबूत करने के लिए एकत्रित हुए।

शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव डॉ. के.एम. प्रफुल्लचंद्र शर्मा ने आईजीबी बैठक का उद्घाटन किया। वहीं, आईआईटी बॉम्बे के डीन (अंतर्राष्ट्रीय संबंध) प्रो. सुदर्शन कुमार ने ब्रिक्स नेटवर्क विश्वविद्यालय, इसके विस्तारित संस्थागत नेटवर्क और चल रही सहयोगी पहलों का संक्षिप्त परिचय दिया। सदस्य देशों ने अपने सहभागी विश्वविद्यालयों और पिछले वर्ष के दौरान किए गए शैक्षणिक सहयोग गतिविधियों के बारे में भी जानकारी साझा की।

ब्राजील, चीन, मिस्र, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात सहित ब्रिक्स सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय के नेताओं, शिक्षाविदों और विशेषज्ञों के साथ मिलकर राष्ट्रीय पहलों और सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रदर्शित करते हुए अपने-अपने देशों के संदर्भ प्रस्तुत किए। विचार-विमर्श में अकादमिक सहयोग, सहयोगात्मक अनुसंधान, संस्थागत साझेदारी और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देकर ब्रिक्स नेटवर्क विश्वविद्यालय को मजबूत करने की सामूहिक प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई।

बैठक का एक प्रमुख आकर्षण ब्रिक्स नेटवर्क विश्वविद्यालय सम्मेलन के निष्कर्षों की प्रस्तुति थी, जो पारंपरिक और स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों पर आयोजित किया गया था और ब्रिक्स एनयू ढांचे के अंतर्गत अपनी तरह का पहला सम्मेलन था। सम्मेलन में पारंपरिक और स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों के मानचित्रण, प्रलेखन, संरक्षण और जिम्मेदार डिजिटल प्रसार पर विचार-विमर्श किया गया, साथ ही नैतिक शासन, सामुदायिक स्वामित्व, समान लाभ-साझाकरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित उभरती प्रौद्योगिकियों के जिम्मेदार उपयोग पर जोर दिया गया। सम्मेलन ने अंतर्राष्ट्रीय शासी बोर्ड के विचारार्थ पारंपरिक और स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों पर अकादमिक सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत भी विकसित किए।

सहयोग के इस उभरते क्षेत्र के महत्व को पहचानते हुए, अंतर्राष्ट्रीय शासी बोर्ड ने ब्रिक्स नेटवर्क विश्वविद्यालय के अंतर्गत पारंपरिक और स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों को एक नए अंतर्राष्ट्रीय विषयगत समूह (आईटीजी) के रूप में शामिल करने के प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया। इस प्रस्ताव को सदस्य देशों का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ और यह ब्रिक्स उच्च शिक्षा ढांचे के भीतर पारंपरिक ज्ञान पर सहयोग को संस्थागत रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। सदस्य देशों ने प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से अवधारणा पत्र पर परामर्श जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।

शासी बोर्ड ने ब्रिक्स नेटवर्क विश्वविद्यालय कार्य योजना (2025-2028) की भी समीक्षा की, नई ब्रिक्स एनयू वेबसाइट के विकास पर चर्चा की, संस्थागत सहयोग, अकादमिक गतिशीलता और सहयोगी अनुसंधान को बढ़ाने के उपायों पर विचार किया और विस्तृत विचार-विमर्श के बाद ब्रिक्स नेटवर्क विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय शासी बोर्ड घोषणा को अपनाया।

इस बैठक में ब्रिक्स सदस्य देशों ने उच्च शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और जन-समन्वय के लिए एक अग्रणी मंच के रूप में ब्रिक्स नेटवर्क विश्वविद्यालय को मजबूत करने की अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता की पुष्टि की। भारत ने सभी प्रतिभागी प्रतिनिधिमंडलों को उनके रचनात्मक सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और ब्रिक्स अध्यक्षता के दौरान "लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण" विषय के तहत अकादमिक सहयोग को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

# मोतीबाग डंपिंग यार्ड मामले में एनजीटी सख्त, जांच समिति गठित

## बिहार सरकार, किशनगंज नगर परिषद समेत सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी; वर्षों से प्रदूषण झेल रहे लोगों को राहत की उम्मीद

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

किशनगंज, 23 जुलाई। किशनगंज नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-7 स्थित मोतीबाग डंपिंग यार्ड से जुड़े मामले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी), पूर्वी क्षेत्र पीठ, कोलकाता ने गुरुवार को महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए जांच समिति का गठन किया है। अधिकरण ने बिहार सरकार, किशनगंज नगर परिषद तथा अन्य सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

यह आदेश आरटीआई एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता मोहम्मद अंसार खान द्वारा दायर मूल आवेदन संख्या 100/2026/ईजेड (मोहम्मद अंसार खान बनाम बिहार राज्य एवं अन्य) पर सुनवाई के बाद पारित किया गया।

याचिका में कहा गया है कि मोतीबाग स्थित लगभग पांच एकड़ क्षेत्रफल वाले डंपिंग यार्ड में वर्षों से पूरे शहर का ठोस कचरा डाला जा रहा है। आरोप है कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अनुरूप कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण नहीं किया जा रहा, जिससे पर्यावरण प्रदूषण फैल रहा है और आसपास रहने वाले हजारों लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

एनजीटी ने जांच समिति को स्थल का निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। रिपोर्ट के आधार पर मामले की अगली सुनवाई की जाएगी।



**वर्षों से बनी हुई है समस्या**

मोतीबाग डंपिंग यार्ड को लेकर स्थानीय लोगों में लंबे समय से नाराजगी है। उनका कहना है कि पूरे शहर का कचरा यहां डाले जाने से क्षेत्र में दुर्गंध, गंदगी और प्रदूषण की समस्या लगातार बनी हुई है। कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण नहीं होने से मक्खियों और मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है तथा संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना रहता है।

स्थानीय निवासी एवं हॉस्टल संचालक दिलीप कुमार झा ने बताया कि डंपिंग यार्ड के आसपास करीब 2,500 लोगों की आबादी निवास करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि दुर्गंध और प्रदूषण से परेशान होकर कई परिवार अपने मकान और जमीन बेचकर पलायन करने को विवश हुए हैं। उनका यह भी कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया और विरोध करने वालों के विरुद्ध मुकदमे तक दर्ज किए गए।

**स्वच्छ पर्यावरण के अधिकार का मामला**

याचिकाकर्ता मोहम्मद अंसार खान ने कहा कि यह मामला केवल कचरा प्रबंधन तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों के स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण में जीवन जीने के संवैधानिक अधिकार से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने अधिकरण से पर्यावरणीय मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने तथा डंपिंग यार्ड के वैज्ञानिक प्रबंधन के निर्देश जारी करने की मांग की है।

एनजीटी के हस्तक्षेप के बाद क्षेत्र के लोगों में समस्या के स्थायी समाधान की उम्मीद जगी है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर डंपिंग यार्ड के वैज्ञानिक प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में प्रभावी कार्रवाई संभव हो सकेगी।

### पटना के मैरीन ड्राइव पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत रौशन घाट के समीप मरीन ड्राइव पर बुधवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो दोस्तों को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिनकी इलाज के दौरान पीएमसीएच में मौत हो गई।सुल्तानगंज थानाध्यक्ष कमलेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आलमगंज थाना क्षेत्र के लोहरवा गली, अग्रवाल टोला मोहल्ला निवासी मो. नेहाल का 24 वर्षीय पुत्र मो. सुहैल और रामनाथ साहनी का 22 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार दोनों आपस में दोस्त थे।

# डीएम ने मनरेगा योजनाओं की समीक्षा की, गुणवत्ता और समयबद्ध क्रियान्वयन पर दिया जोर

## खेल मैदान, अमृत सरोवर, वृक्षारोपण एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के सौंदर्यीकरण के दिए निर्देश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



किशनगंज, 23 जुलाई। जिला पदाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में मनरेगा योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता तथा समयबद्ध क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी जॉब कार्ड के कवर पृष्ठ पर VB-GRAMG अंकित कराने का निर्देश दिया। मनरेगा से निर्मित खेल मैदानों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में खेल अधोसंरचना के विकास पर विशेष बल दिया। उन्होंने दिघलबैंक, टेढ़ागाछ एवं ठाकुरगंज प्रखंड के चुरली क्षेत्र में खेल मैदान, रनिंग ट्रैक, वॉलीबॉल कोर्ट सहित अन्य खेल सुविधाओं के विकास के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

ग्रामीण क्षेत्रों की सार्वजनिक भूमि एवं परिसंपत्तियों पर अतिक्रमण की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने अतिक्रमण हटाने के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन, शौचालय एवं परिसर की मरम्मत, रंग-रोगन तथा सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही सभी केंद्रों को स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक बनाने के लिए पेंटिंग कराने पर जोर दिया।

बैठक में मनरेगा के तहत निर्मित तीन अमृत सरोवरों को जल संसाधन विभाग को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। जिला पदाधिकारी ने अमृत सरोवरों का सर्वेक्षण कर उन्हें मत्स्य पालन के लिए जीविका समूहों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार और आजीविका के अवसर बढ़ाए जा सकें।

उन्होंने जिले में वृक्षारोपण अभियान के तहत लगभग तीन लाख पौधों की खरीद जीविका, वन विभाग एवं अन्य संबंधित एजेंसियों के माध्यम से करने तथा स्थानीय जलवायु के अनुरूप पौधारोपण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सड़कों के किनारे व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाने पर भी बल दिया गया।

जिला पदाधिकारी ने मनरेगा की पुरानी योजनाओं का सर्वेक्षण कर उनकी तस्वीरें पोर्टल पर अपलोड कराने तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 तक की लंबित योजनाओं का शीघ्र निष्पादन, क्लोजर एवं आवश्यकतानुसार रिकवरी की कार्रवाई समयबद्ध ढंग से पूरी करने के निर्देश दिए।

बैठक में उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार झा, निदेशक, राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम, डीआरडीए मनोज कुमार सहित मनरेगा से जुड़े सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# किशनगंज के ब्लॉक चौक में जमीन विवाद गहराया, दोनों पक्षों ने जताया स्वामित्व का दावा

## मारपीट, कब्जे के प्रयास और तोड़फोड़ के आरोप; पुलिस ने दर्ज कीं अलग-अलग प्राथमिकियां, जांच जारी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

किशनगंज, 23 जुलाई। जिले में भूमि विवाद के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि कई मामलों में अंचल कार्यालय से भूमि संबंधी दस्तावेज जारी करने से पहले स्थल सत्यापन, वास्तविक दखल-कब्जा और राजस्व अभिलेखों का समुचित परीक्षण नहीं होने से विवाद उत्पन्न हो रहे हैं। नियमों के अनुसार निजी रैयती भूमि पर किसी व्यक्ति को कब्जा दिलाने का अधिकार न तो अंचल प्रशासन को है और न ही पुलिस को, फिर भी ऐसे मामलों में विवाद लगातार बढ़ रहे हैं।

इसी क्रम में किशनगंज प्रखंड के ब्लॉक चौक स्थित खाता संख्या-91, खेसरा संख्या-558, रकबा दो एकड़ भूमि का विवाद इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। दोनों पक्ष इस भूमि पर अपना-अपना स्वामित्व होने का दावा कर रहे हैं। दोनों का कहना है कि खतियान में उनका नाम दर्ज है और सड़क से सटी इस मूल्यवान भूमि पर उनका वैध अधिकार है।

विवाद का मुख्य कारण भूमि के अग्रभाग (फ्रंट हिस्से) पर कब्जे को लेकर बताया जा रहा है। इसी को लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई, जिसके बाद किशनगंज थाना में अलग-अलग प्राथमिकियां दर्ज कराई गई हैं।

**दूसरे पक्ष का दावा**

दूसरे पक्ष के मजहर उर्फ मुजाहिर और अजीजुल ने अब्दुल वाहिद द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि उन्होंने वर्ष 2012 में उक्त भूमि विधिवत खरीदी थी और उनके पास रजिस्ट्री डीड, लगान रसीद, एलपीसी (भूमि स्वामित्व प्रमाण-पत्र) सहित सभी वैध राजस्व दस्तावेज उपलब्ध हैं।

उनका आरोप है कि इसके बावजूद अब्दुल वाहिद ने उनकी भूमि पर कब्जा कर ईंट फैक्ट्री स्थापित कर रखी है। मजहर उर्फ मुजाहिर के अनुसार, जब वे अपनी भूमि पर पहुंचे तो अब्दुल वाहिद ने ईंट से हमला कर उनके साले को घायल कर दिया। घायल का उपचार सदर अस्पताल में चल रहा है। इस संबंध में थाना किशनगंज में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

**अब्दुल वाहिद और आशा देवी का पक्ष**

सुल्तान मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्रीज के संचालक एवं ईंट व्यवसायी अब्दुल वाहिद का कहना है कि सिमलबाड़ी निवासी आशा देवी ने अपनी वैध भूमि उन्हें लीज पर दी है, जहां वे ईंट निर्माण का कार्य कर रहे हैं। उनका आरोप है कि भूमि की बढ़ती कीमत को देखते हुए कुछ लोगों ने अवैध कब्जे की नीयत से विवाद खड़ा किया है।



अब्दुल वाहिद के अनुसार, 12 जुलाई को मजहर उर्फ मुजाहिर, अजीजुल, रिजवान, माजिद आलम, मोहम्मद आजाद, मतीन आलम सहित 150 से 200 लोग फैक्ट्री परिसर में घुस आए। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके साथ मारपीट की गई, फैक्ट्री में तोड़फोड़ की गई और उनकी कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

वहीं, भूमि स्वामिनी आशा देवी ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि उनकी भूमि पर अवैध कब्जा करने की नीयत से ईंट भट्ठे का गेट और बाउंड्री तोड़ दी गई। उन्होंने किरायेदार के साथ मारपीट और परिवार को जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इससे पहले भी उनकी भूमि पर कब्जे का प्रयास किया जा चुका है।

**पुलिस कर रही है जांच**

मामले में अब्दुल वाहिद, भूमि स्वामिनी आशा देवी तथा दूसरे पक्ष के मजहर उर्फ मुजाहिर की ओर से किशनगंज थाना में अलग-अलग प्राथमिकियां दर्ज कराई गई हैं। पुलिस का कहना है कि सभी पक्षों के आरोपों, उपलब्ध दस्तावेजों, सीसीटीवी फुटेज तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि विवादित भूमि पर वैधानिक अधिकार किसका है और मारपीट तथा कब्जे से जुड़े आरोपों में कितनी सत्यता है।

# पटना के बिहटा में खेत में काम करने के दौरान करंट लगने से किसान की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहटा के आईआईटी अमहरा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में खेत में कृषि कार्य के दौरान करंट की चपेट में आने से एक 41 वर्षीय किसान की दर्दनाक मौत हो गई। इस अचानक हुई दुर्घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक की पहचान पहाड़पुर गांव निवासी लालमोहन यादव (41) के रूप में हुई है, जो स्वर्गीय बुजदेव यादव के पुत्र थे। मिली जानकारी के अनुसार, लालमोहन यादव बुधवार को डिहरी बधार स्थित अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान वह अचानक खेत के पास खुले या अनियंत्रित बिजली के तार की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलसकर अहोश हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए बिहटा स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि, अस्पताल के चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही आईआईटी अमहरा थाना पुलिस तुरंत अस्पताल पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। थाना प्रभारी रौशन कुमार राज ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि लालमोहन यादव खेती-किसानी करके ही अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी अचानक हुई मौत से पत्नी, बच्चों और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

# पटना के फतुहा में मंदिर के पास युवक को मारी गोली जांघ में लगी गोली; पीएमसीएच रेफर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फतुहा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर स्थित बजरंगबली मंदिर के समीप गुरुवार को दिनदहाड़े अज्ञात बदमाशों ने एक युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस सनसनीखेज वारदात से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे।घायल युवक की पहचान मौजीपुर निवासी 26 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई है। हमलावरों की गोली धर्मेंद्र की जांघ में लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत फतुहा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए पटना



मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही फतुहा थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर साक्ष्य जुटाए हैं। फिलहाल गोलीबारी के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस आपसी रंजिश समेत अन्य पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से सुरक्षा बढ़ाने और बदमाशों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# पटना के जानीपुर में अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

## देशी पिस्टल और पांच कारतूस बरामद

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के जानीपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के घर पर छापेमारी कर एक देशी पिस्टल, एक मैगजीन, पांच जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 21 जुलाई की रात सूचना मिली थी कि जानीपुर थाना क्षेत्र के बग्घा टोला निवासी एक युवक अपने घर में अवैध हथियार छिपाकर रखे हुए है और उसका उपयोग स्थानीय लोगों को डराने-धमकाने के लिए करता है। इस सूचना के बाद नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के निर्देश और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 (फुलवारीशरीफ) के नेतृत्व में जानीपुर थाना पुलिस की एक विशेष टीम ने बग्घा टोला में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने बग्घा टोला निवासी 20 वर्षीय त्रिदेवा कुमार उर्फ रिस्की यादव (पिता - उमेश राय) के घर से अवैध असलहा और कारतूस बरामद किए। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में जानीपुर थाने में कांड संख्या 221/26 दर्ज कर आर्म्स एक्ट की प्रासंगिक धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि आरोपी ने यह हथियार कहां से मंगाया था और इसके पीछे किसी बड़े आपराधिक सिंडिकेट का हाथ है या नहीं।

# पटना के दानापुर में बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## दो उपभोक्ताओं पर मामला दर्ज और 6.88 लाख का जुमार्ना

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ विद्युत आपूर्ति प्रशाखा दीघा द्वारा बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दानापुर में बड़ी कार्रवाई की गई है। सहायक और कनीय विद्युत अभियंता ने चोरी से बिजली का उपयोग करने के आरोप में दो अलग-अलग उपभोक्ताओं के खिलाफ स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस बिजली चोरी से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को कुल 6,88,578 रुपये की भारी आर्थिक क्षति हुई है।दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, सहायक विद्युत अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि राज्यपाल नगर, नासरीगंज निवासी आजाद कुमार के व्यावसायिक परिसर में औचक छापेमारी की गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि मीटर की आंतरिक संरचना में छेड़छाड़ कर वास्तविक खपत को नियंत्रित किया जा रहा था और अवैध रूप से बिजली की चोरी की जा रही थी। विभाग ने इस मामले में उपभोक्ता पर 6,21,882 रुपये का जुमार्ना लगाते हुए मामला दर्ज कराया है।

वहीं, दूसरे मामले में कनीय विद्युत अभियंता सुधीर कुमार ने गाभतल गजाधर चक निवासी उपभोक्ता शिव कुमार सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। जांच में इनके यहां भी मीटर से छेड़छाड़ कर ऊर्जा चोरी का मामला पकड़ा गया, जिस पर विभाग ने 66,696 रुपये का जुमार्ना लगाया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि बिजली विभाग के आवेदन पर दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस आगे की छानबीन में जुटी हुई है। विभाग की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के बिजली चोरों में हड़कंप मच गया है।

# नीट पेपर लीक के खिलाफ पटना कॉलेज गेट से निकला विरोध मार्च

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ नीट पेपर लीक मामले को लेकर गुरुवार को पटना कॉलेज गेट से छात्रों, युवा संगठनों और सामाजिक कार्यकताओं ने जोरदार विरोध मार्च निकाला। परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर उन्हें खदेड़ दिया। मार्च में शामिल प्रदर्शन कारियों के हाथों में तख्तियां और बैनर थे। उनका कहना था कि पेपर लीक




जैसी घटनाओं से लाखों मेहनती छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है और प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष व समयबद्ध जांच हो, दोषियों को कड़ी सजा मिले और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस व्यवस्था बनाई जाए। छात्रों ने दोटूक कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार को परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने के लिए पारदर्शी और जवाबदेह कदम उठाने चाहिए। इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए।

# नबीनगर: मारपीट एवं हत्या के प्रयास के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार)हत्या एवं मारपीट के प्रयास के एक मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को नबीनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त नीरज कुमार सिंह, पिता बिन्दा सिंह, निवासी सिमरी जैतिया गांव, थाना क्षेत्र नबीनगर का रहने वाला है। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज



था और वह काफी दिनों से फरार चल रहा था।गिरफ्तारी एएसआई त्रिलोकी नाथ के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अभियुक्त गांव में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक में भेज दिया गया है।

### पटना के मनेर में कांग्रेस ने फूंका केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के मनेर प्रखंड अंतर्गत गोरैया स्थान गांव के समीप कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने नीट पेपर लीक मामले के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अरुण आर्य के नेतृत्व में निकाले गए इस प्रतिरोध मार्च के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया गया। यह विरोध मार्च ब्यापुर गांव से शुरू होकर पैदल मार्च करते हुए दरवेशपुर समेत कई गांवों से गुजरा और स्टेट हाईवे स्थित गोरैया स्थान मंदिर के समीप पहुंचा।

# चलती ट्रेनों में लूटपाट और चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश तीन गिरफ्तार; लाखों के जेवरात और नकदी बरामद

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ दानापुर रेल मंडल के पश्चिमी क्षेत्र में चलती ट्रेनों में भीड़ का फायदा उठाकर यात्रियों का सामान और बैग चुराने वाले एक शातिर गिरोह का रेल पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में गिरोह के तीन सदस्यों और चोरी के जेवरों को गलाकर ठिकाने लगाने वाले एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 लाख 9 हजार रुपये नकद, चार मोबाइल फोन और सोने-चांदी के भारी मात्रा में जेवरात बरामद किए हैं। बरामद आभूषणों में सोने की 5 अंगूठी, 4 सिकड़ी, 1 मंगलसूत्र, 2 जोड़ी झुमका, हार, जितिया, नोज पिन, नथिया, टॉप्स, कान की लड़ी, चांदी की दो पायल और कमरधनी शामिल हैं। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान हीरा कुमार (बड़ी झिटकिया, महेशखूंट, खगड़िया), अनिल कुमार उर्फ अनिल सिंह (महद्दीगंज, सासाराम) और पप्पू फारूकी उर्फ पप्पू कुरैशी (चौखंडी कबीरगंज, सासाराम) के रूप में हुई है। गुरुवार को पाटलिपुत्र जंक्शन पर जीआरपी द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में रेल एसपी अनंत कुमार राय ने बताया कि 27 जून 2026 को उत्तरपाड़ा (हुगली, पश्चिम बंगाल) निवासी रीना गुप्ता भभुआ इंटरसिटी से यात्रा कर रही थीं। इसी दौरान सासाराम से भभुआ के बीच उनके ट्रॉली बैग से सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और जरूरी कागजात चोरी हो गए थे। इस संबंध में उन्होंने सासाराम रेल थाने में मामला दर्ज कराया था। घटना के खुलासे के लिए अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक



एसआईटी का गठन किया गया था। आरपीएफ सीआईबी डीडीयू और जीआरपी की संयुक्त छापेमारी में तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर सबसे पहले हीरा कुमार को दबोचा



गया। उसकी निशानदेही पर अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी हीरा कुमार के खिलाफ पहले से भी कई मामले दर्ज हैं। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# काशी के गंगाजी में इलेक्ट्रिक नौकाओं के युग का शुभारम्भ

**समाज जागरण**
**रंजीत तिवारी वाराणसी।।**

गंगा नदी में स्वच्छ, हरित एवं आधुनिक जल परिवहन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए वाराणसी विकास प्राधिकरण ने गेल (इंडिया) लिमिटेड के सहयोग से "इलेक्ट्रिक बोट कन्वर्जन पायलट परियोजना" के अंतर्गत काशी के गंगाजी में पहली बार इलेक्ट्रिक यात्री नौकाओं का संचालन प्रारम्भ किया। परियोजना के प्रथम चरण का शुभारम्भ आज 23 जुलाई, 2026 को नमो घाट पर आयोजित कार्यक्रम में हुआ, जहाँ महापौर अशोक कुमार तिवारी ने परिवर्तित प्रथम 5 इलेक्ट्रिक नौकाओं का लोकार्पण किया। यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के स्वच्छ, हरित एवं सतत विकास के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर अपनी पारंपरिक नौकाओं को इलेक्ट्रिक नौकाओं में परिवर्तित कराने वाले




दीपक साहनी, राकेश साहनी, ज्योतीलाल निषाद, दीपक कुमार साहनी एवं शुभम साहनी को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। नाविकों ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उनकी आय बढ़ेगी तथा गंगा की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा।उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण, पुर्ण बोरा ने बताया कि प्रथम चरण में कुल 20 यात्री नौकाओं को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक प्रणाली में परिवर्तित किया जा रहा है, जिनमें से प्रथम 5 नौकाएँ आज नाविकों को समर्पित की गई हैं। उन्होंने कहा कि इस पायलट परियोजना की सफलता के आधार पर इसे आगामी समय में व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा, जिससे वाराणसी देश के अन्य नदी शहरों एवं अंतदेर्शीय जलमार्गों के लिए स्वच्छ एवं हरित जल परिवहन का एक मॉडल बनेगा।महापौर अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि इलेक्ट्रिक नौकाओं के संचालन से वायु, ध्वनि एवं जल प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी आएगी तथा कार्बन उत्सर्जन घटेगा। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक प्रणाली अपनाने से नाविकों की संचालन लागत में लगभग 80 प्रतिशत तक कमी आने का अनुमान है, जिससे उनका व्यवसाय अधिक लाभकारी बनेगा। साथ ही, पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों को अधिक शांत, सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल जल परिवहन का अनुभव प्राप्त होगा।आयरा इलेक्ट्रिक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गगन कुमार मेहता ने बताया कि प्रत्येक इलेक्ट्रिक नौका में 15 किलोवाट क्षमता की इलेक्ट्रिक आउटबोर्ड मोटर, 20 किलोवाट-घंटा क्षमता का लिथियम बैटरी पैक, ईवी चार्जर, डिजिटल डिस्प्ले, जीपीएस ट्रैकिंग एवं रिमोट मॉनिटरिंग प्रणाली जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। प्रत्येक नौका सामान्य परिचालन में अस्सी घाट से नमो घाट के मध्य न्यूनतम तीन आवागमन करने में सक्षम है। चयनित घाटों पर मानकों के अनुरूप चार्जिंग अवसंरचना भी विकसित की गई है।कार्यक्रम के समापन पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, नाविकों एवं अन्य अतिथियों ने इलेक्ट्रिक नौकाओं से नमो घाट से भदैनी घाट तक जल भ्रमण कर परियोजना का अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर गेल (इंडिया) लिमिटेड के महाप्रबंधक सुशील कुमार भी उपस्थित रहे।

यह पायलट परियोजना भविष्य में वाराणसी सहित देश के अन्य अंतदेर्शीय जलमार्गों पर इलेक्ट्रिक जल परिवहन के विस्तार के लिए एक आदर्श मॉडल सिद्ध होगी तथा स्वच्छ, हरित एवं सतत विकास के राष्ट्रीय अभियान को नई दिशा प्रदान करेगी।

# आवारा कुत्ते से टकराई बाइक, चाचा-भतीजी घायल ; बड़ा हादसा टला

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के वाराणसी-बाबतपुर मार्ग पर हरहुआ बाजार स्थित ओवरब्रिज के नीचे मंगलवार की शाम करीब छह बजे आवारा कुत्ते से बाइक टकरा जाने के कारण चाचा-भतीजी घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों की तत्परता से दोनों को तत्काल एक निजी चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें घर जाने की अनुमति दे दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क पर घूम रहे आवारा कुत्तों को लेकर प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई। जानकारी के अनुसार गाजीपुर निवासी दिनेश सिंह कुशवाहा अपनी भतीजी खुशी मौर्य को हरहुआ चौराहा स्थित सैस नर्सिंग कॉलेज में छोड़ने के लिए बाइक से जा रहे थे। जैसे ही वे हरहुआ बाजार स्थित ओवरब्रिज के नीचे पीलर संख्या-52 के पास पहुंचे, तभी अचानक एक आवारा कुत्ता सड़क पर आ गया। बाइक चालक संभल



पाता, इससे पहले ही कुत्ते से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और चाचा-भतीजी सड़क पर दूर जा गिरे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के समय पीछे से कोई भारी वाहन नहीं आ रहा था। यदि उस समय कोई ट्रक या बस गुजर रही होती तो हादसा गंभीर रूप ले सकता था। आसपास के दुकानदार और राहगीर तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को सड़क से हटाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया तथा बाइक को किनारे किया। इसके बाद दोनों को उपचार के लिए हरहुआ बाजार स्थित एक निजी चिकित्सालय भेजा गया।

दिनेश सिंह कुशवाहा ने बताया कि उनकी भतीजी का नर्सिंग कॉलेज में नया प्रवेश हुआ है और वह उसे कॉलेज छोड़ने जा रहे थे। उन्होंने कहा कि सड़कों पर आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। व्यापार मंडल हरहुआ व प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र गुप्ता ने शासन-प्रशासन से मांग की कि आवारा कुत्तों को सड़क पर आने से रोकने और उनके उचित प्रबंधन के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। हरहुआ बाजार और ओवरब्रिज के आसपास अक्सर आवारा कुत्ते सड़क पर बैठे या घूमते रहते हैं। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# नर्मदा परिक्रमा करने वाले अवधेश का हुआ अभिनंदन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।।**

ढाई महीने नर्मदा परिक्रमा की यात्रा कर लौटे शाहंशाहपुर के मूल निवासी अवधेश मिश्रा जी महाराज का स्वागत सम्मान किया गया। सम्मान और



अभिनंदन का कार्यक्रम कंदवा कंचनपुर में आयोजित हुआ। अवधेश अपने अन्य काशी के चार सहयोगियों के साथ धार्मिक, आध्यात्मिक यात्रा पर गए थे ।उनकी यात्रा 8 अप्रैल को प्रारंभ हुई थी जो लगभग साढ़े तीन महीने चली। अवधेश ने यह यात्रा घर परिवार गांव और राष्ट्र के सुख समृद्धि के लिए किया। यात्रा उपरांत सकुशल काशी आगमन पर प्रणय कुमार सिंह, राधा सिंह, मुखर, पीयूष, संजय पांडेय,सुधा पांडेय,नीतू,विजई मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, भोला केसरी आदि ने किया।

# पीएचसी हरहुआ पर बयोबृद्ध व दिव्यांगों की जांचकर जागरुकता सहित पंजीकरण का किया गया कार्य

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। स्थानीय ब्लाक के पीएचसी हरहुआ व एलिम्को के टीम द्वारा वयोबृद्ध जनों व दिव्यांगजनो की जांचकर जागरूकता प्रदान करते हुए पंजीकरण का कार्य किया गया। पीएचसी हरहुआ प्रभारी डॉ0 सन्तोष कुमार के अनुसार 60 वर्ष व उससे ऊपर उम्र के बृद्धजनो व दिव्यांगों को उपकरण प्रदान करने के लिए शिविर के द्वारा कुल 48 लोगो का पंजीकरण किया गया। ह्वील चेयर 21 ,छड़ी 33 ,वाकर 3, कान की मशीन 18, चश्मा 25 ,दांत 2, कमर बेल्ट 33, नीकैप 64 ,कमोड 2,ट्राई साइकिल 6, ,छड़ी 5 व 4 वैसाखी उपकरण के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया।60 वर्ष व उससे ऊपर तथा दिव्यांगजनो को उपकरण निःशुल्क मिलेगा। 20 जुलाई से शुरू यह 3 अगस्त तक चलेगा वहीं एलिम्को टीम 5 अगस्त तक पंजीकरण का



कार्य करेगी।

जांच टीम में डॉ0अवनीश कुमार राय, आप्टोनिष्ट विनोद कुमार मौर्य ,ए एन एम रंजना कुमारी, एएनएम इन्द्रकला व सविता देवी सहित क्षेत्रीय आशा कर्मियों ,पीएचसी स्टाफ व एलिम्को टीम ने शिविर में सहयोग किया।

# बच्चों की सुरक्षा व अपराधों के रोकथाम के लिए सामुदायिक जागरूकता सशक्त माध्यम

*बाल संरक्षण को लेकर दी गई जागरूकता प्रशिक्षण।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। समाज मे दिन ब दिन बढ़ती हुई यौन उत्पीड़न,बच्चों की सुरक्षा,यौन हिंसा व अपराधों से बच्चों को निजात दिलाने की जरूरत महसूस की जा रही है ऐसे में उन्हें जागरूक किया जाना जरूरी है। विश्व ज्योति जनसंचार समिति एवं जन कल्याण सोशल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को आयर में पॉक्सो अधिनियम, 2012 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में प्रमोद पटेल एवं शर्मिला देवी ने प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण कानूनी एवं सामाजिक विषयों की जानकारी दी।यौन उत्पीड़न एवं यौन हिंसा की परिभाषा, इसके




विभिन्न स्वरूप, बच्चों की सुरक्षा तथा ऐसे मामलों में संवेदनशील व्यवहार पर विस्तार से जानकारी दी।

प्रमोद पटेल ने किशोर न्याय बोर्ड (JJB), बाल कल्याण समिति (CWC) की भूमिका तथा पॉक्सो अधिनियम की विशेष रूप से धारा 3 से 14 तक के प्रावधानों, अपराधों, दंड एवं बच्चों के अधिकारों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर तथा बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में कुल 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा पॉक्सो अधिनियम के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना रहा।

# चंद्र शेखर आजाद की जयंती मनाई गई

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी।।**

महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर गुरुवार को लोकापुर स्थित आजाद पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उनके मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। देश की रक्षा करने का संकल्प लिया गया।आजाद सेवा समिति के दिनेश दुबे ने कहा कहा कि चंद्रशेखर का नाम भारत के



स्वतंत्रता संघर्ष के इतिहास में अमिट है। बचपन में अंग्रेजों ने उन्हें 15 कोड़ो का दंड दिया था तभी उन्होंने संकल्प लिया कि अब अंग्रेजों के हाथ कभी नहीं लगेंगे। इसी संकल्प को पूरा करते हुए उन्होंने 27 फरवरी 1931 को पुलिस से घिरने के बाद अल्फ्रेड पार्क इलाहाबाद में स्वयं को गोली मारकर अपने प्राणों की आहुति दे दी। कार्यक्रम में गांव ने नन्हे छात्र संग सचिव गुलाब चंद दुबे,अरविंद दुबे, ओम प्रकाश दुबे,भानु ,शुभम दुबे,अजय,पप्पू दुबे सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# रिटायर्ड आर्मी के जवान की पिटाई मुकदमा हुआ दर्ज

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी शिवपुर थाना क्षेत्र के होलापुर निवासी अरविन्द कुमार को हरहुआं स्थित एक कालेज प्रांगण में मनबढ़ो ने मारपीट कर गंभीर रूप घायल कर दिया।घायल युवक ने हमलावर चार सगे भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में आर्मी से सेवा निवृत्त अरविंद कुमार ने आरोप लगाया है कि मैं छात्र-छात्राओं को काशी कृषक इंटर कॉलेज के मैदान में सुबह दौड़ाता हूं। गुरुवार को सुबह जब मैं अपने



मित्र के साथ हरहुआ गया तो मेरे उपर कालेज के मैदान में ही वाजिदपुर गांव के मूल निवासी चार सगे भाई राजू यादव , भरत यादव ,वंश यादव, लक्ष्मन यादव पुत्र गण लालचन यादव ने जानलेवा हमला कर दिया जिससे मेरे कान के पर्दे फट गये नाक से लगातार खून आ रहा है ईट से मारा है मुझे और भी अंदरुनी चोटे लगी हैं साथ ही मेरे एक साथी विवेक सिंह आर्मी मैन को भी उपरोक्त लोगों ने मारा है। उक्त लोग मेरे पास ट्रेनिंग के लिए आने वाले लड़कियों के फोटो खींचकर इंन्टाग्राम पर शेयर करते है तथा बच्चियो को कमेन्ट भी करते रहते है। यह लोग हमें जान से मारने की भी धमकी देते हैं। बड़ागांव पुलिस आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

# बी-सी ग्रेड पर डीएम सख्त, सुधार नहीं तो कार्रवाई

### कर-करेत्तर और राजस्व वसूली की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी, चकबंदी कार्यों में पारदर्शिता और फील्ड विजिट के दिए निर्देश

**समाज जागरण**

मीरजापुर / जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर एवं करेत्तर, राजस्व, चकबंदी तथा सीएम डैशबोर्ड राजस्व की विस्तृत समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों और जनहित की योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड राजस्व पर जनपद के विभिन्न विभागों की रैंकिंग प्रस्तुत की गई, तो कई विभागों की ग्रेडिंग बी और सी श्रेणी में पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि यह डैशबोर्ड सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय से मॉनिटर होता है। उन्होंने बी एवं सी श्रेणी प्राप्त करने वाले सभी अधिकारियों को सख्त निर्देशित किया कि बी श्रेणी में चल रहे अधिकारी इसे चेतावनी समझें और अगले माह तक हर हाल में ए श्रेणी हासिल करें। सी श्रेणी वाले अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। आईजीआरएस, संपूर्ण समाधान दिवस, जनसुनवाई और राजस्व वादों के लंबित मामलों का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि



गुणवत्तापूर्ण और फील्ड वेरिफिकेशन के साथ किया जाए। फर्जी निस्तारण मिलने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। यदि अगली समीक्षा बैठक तक भी रैंकिंग में सुधार नहीं दिखा, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।


कर एवं करेत्तर की समीक्षा में जिलाधिकारी ने आबकारी, स्टांप एवं निबंधन, वाणिज्य कर, परिवहन और विद्युत विभाग के लक्ष्यों की प्रगति जानी। उन्होंने निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रवर्तन की कार्रवाई तेज की जाए। बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर आरसी के माध्यम से सख्ती से वसूली सुनिश्चित की जाए। किसी भी विभाग का राजस्व लक्ष्य लंबित नहीं रहना चाहिए। चकबंदी विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि चकबंदी को लेकर गांवों में विवाद की सबसे ज्यादा शिकायतें आती हैं। सभी चकबंदी अधिकारी और कानूनगो फील्ड में जाकर किसानों के बीच बैठकर विवादों का समाधान कराएं। चक आवंटन में पूरी पारदर्शिता रखी जाए, ताकि किसानों को अनावश्यक रूप से तहसील और कलेक्ट्रेट के चक्कर न लगाने पड़ें। जिलाधिकारी ने कहा, अधिकारी दफ्तरों की कुर्सी छोड़कर फील्ड में निकलें। जनता से सीधा संवाद करें। सरकार की मंशा है कि योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, इसमें किसी भी प्रकार की बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विनोद सिंह, उपजिलाधिकारी सदर महेन्द्र सिंह, चुनार अनेग सिंह, लालगंज अजित कुमार, मड़िहान संतोष कुमार ओझा, बन्दोबस्त अधिकारी, तहसीलदार एवं सभी सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# मड़िहान के आवासीय बालिका विद्यालयों का डीएम-सीडीओ ने किया औचक निरीक्षण, शिक्षा व स्वास्थ्य सुधार के दिए निर्देश

**समाज जागरण**

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार एवं मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने मड़िहान स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कक्षाओं में पहुंचकर छात्राओं से संवाद किया और शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन किया। कक्षा-8 में अधिकांश छात्राएं प्रश्नों के उत्तर नहीं दे सकीं, जिस पर जिलाधिकारी ने शिक्षण स्तर में सुधार के निर्देश दिए।



उन्होंने छात्राओं को सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा तथा विद्युत उत्पादन की जानकारी भी दी।

जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय में जिलाधिकारी ने नीट और जेईई की तैयारी कर रही छात्राओं को सफलता के लिए सही रणनीति, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां भी कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफलता हासिल कर सकती हैं।

निरीक्षण के दौरान छात्रावास, रसोई, भोजन व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं की भी जांच की गई। उपचार रजिस्टर उपलब्ध न मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए नियमित स्वास्थ्य अभिलेख संधारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्राओं को पौष्टिक भोजन, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। आंखों की समस्या बताने वाली दो छात्राओं का तत्काल परीक्षण और उपचार कराने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# रक्षा मंत्री ने पहली बार आयोजित त्रि-सेवा सर्व-महिला विश्व परिक्रमा नौकायन अभियान की सफल वापसी पर दल का स्वागत किया

314 दिनों की सफल यात्रा के बाद चार महासागरों में लगभग 25,500 समुद्री मील की दूरी तय कर नौ महिला अधिकारी स्वदेश लौटीं

समुद्र प्रदक्षिणा नए भारत की दृढ़ संकल्प शक्ति, नारी शक्ति और त्रि-सेवा संयुक्तता का प्रतीक है: श्री राजनाथ सिंह आईएएसवी त्रिवेणी भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, स्वदेशी क्षमता और सामरिक आत्मविश्वास का प्रमाण है रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 22 जुलाई, 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पहली बार आयोजित त्रि-सेवा सर्व-महिला विश्व परिक्रमा नौकायन अभियान समुद्र प्रदक्षिणा की सफल वापसी पर दल का औपचारिक स्वागत किया। भारतीय सेना के नौकायन

पोत (आईएएसवी) त्रिवेणी पर सवार तीनों सेनाओं की नौ महिला अधिकारी चार महासागरों में लगभग 25,500 समुद्री मील की दूरी तय करते हुए 314 दिनों की सफल यात्रा पूरी कर मुंबई लौटीं। इस अभियान का वर्चुअल शुभारंभ श्री राजनाथ सिंह ने 11 सितंबर, 2025 को मुंबई से किया था।

इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने अभियान की सफल पूर्णता को भारत की नारी शक्ति का प्रमाण, राष्ट्र के दृढ़ संकल्प का प्रतीक, त्रि-सेवा समन्वय एवं संयुक्तता की प्रभावशीलता का साक्ष्य तथा चुनौतियों पर विजय प्राप्त कर इतिहास रचने वाले नए भारत के उत्सव के रूप में वर्णित किया। इस मिशन की सफलता सूक्ष्म योजना, लगभग दो वर्षों के गहन प्रशिक्षण, चौबीसों घंटे कार्यरत समर्पित तटीय सहायता नेटवर्क तथा अनेक संगठनों और सहयोगी एजेंसियों की अटूट प्रतिबद्धता के कारण संभव हो सकी। इस अभियान ने देशांतर की सभी मध्यान्ह रेखाओं को पार करने, भूमध्य रेखा को दो बार पार करने, अंतरराष्ट्रीय तिथि रेखा को पार करने तथा तीन प्रमुख अंतरीपों–केप लीउविन, केप हॉर्न और केप ऑफ गुड होप–का चक्कर लगाने सहित, विश्व परिक्रमा के सभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्य मानदंडों को सफलतापूर्वक पूरा किया। भीषण ड्रेक जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार करने और केप हॉर्न का चक्कर लगाने के साथ ही दल को प्रतिष्ठित केप हॉर्नर्स समुदाय की सदस्यता प्राप्त हुई। यह सम्मान उन नाविकों को दिया जाता है जो विश्व के सबसे चुनौतीपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक को सफलतापूर्वक पार करते हैं। आईएएसवी त्रिवेणी के दल के साहस, जज्बे और दृढ़ संकल्प की सराहना करते हुए श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस अभियान ने सिद्ध कर दिया है कि मानव का साहस किसी भी तूफान से कहीं अधिक शक्तिशाली होता है। उन्होंने कहा, ह्लसमुद्र की लहरें चाहे जितनी ऊँची उठें, भारत की बेटियों का हौसला उससे भी अधिक ऊँचा है।ह्व उन्होंने इस बात पर बल दिया कि आज देश की महिलाएँ अवसरों का सृजन कर रही हैं, अग्रिम पंक्ति में नेतृत्व कर रही हैं और इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा रही हैं।

इस अभियान में थल सेना, नौसेना और वायु सेना के अधिकारियों ने एक ही मिशन के अंतर्गत साथ मिलकर भाग लिया, जिससे एकीकृत योजना, निर्बाध अंतरसंचालनीयता और साझा नेतृत्व की शक्ति का प्रदर्शन हुआ। दस महीने से अधिक समय तक साथ रहकर, प्रशिक्षण लेकर और नौकायन करते हुए दल ने एक सुदृढ़ एवं एकजुट टीम के रूप में कार्य किया। इससे यह सिद्ध हुआ कि संयुक्तता केवल एक संगठनात्मक अवधारणा नहीं है, बल्कि एक ऐसी शक्ति-वर्धक क्षमता है जो परिचालन प्रभावशीलता और राष्ट्रीय सामर्थ्य को बढ़ाती है।

# नया भवन अधूरा... फर्नीचर पहले आ गया! 700 बच्चों की पढ़ाई दो शिफ्ट में, व्यवस्था पर उठे सवाल

### शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शहडोल में जगह की कमी बनी परेशानी, नए भवन का काम पूरा होने से पहले फर्नीचर खरीदी पर सवाल; जनजातीय कार्य विभाग की कार्यप्रणाली पर अभिभावकों में चर्चा

**समाज जागरण**

शहडोल। बच्चों को बेहतर शिक्षा, पर्याप्त कक्षाएं और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विद्यालयों में नए भवन और संसाधनों की व्यवस्था की जाती है, लेकिन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शहडोल में सामने आ रही स्थिति ने व्यवस्था और योजना पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां नया भवन अभी पूरी तरह तैयार नहीं होने की बात कही जा रही है, जबकि विद्यालय के लिए फर्नीचर पहले ही पहुंच चुका है। उपलब्ध कमरों में फर्नीचर रखे जाने से जगह की समस्या और बढ़ गई और करीब 700 विद्यार्थियों वाले विद्यालय को दो शिफ्ट में संचालित करने की नौबत आने की बात सामने आ रही है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब नया भवन विद्यार्थियों के उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार नहीं था, तब बड़ी मात्रा में फर्नीचर मंगाने की इतनी जल्दी आखिर क्यों की गई? क्या फर्नीचर की खरीदी और आपूर्ति से पहले विद्यालय में उसे रखने तथा उपयोग करने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होने का आकलन किया गया था? यदि किया गया था तो वर्तमान स्थिति क्यों बनी?

**कमरों में फर्नीचर, विद्यार्थियों के लिए जगह की चुनौती**

बताया जा रहा है कि नए भवन के लिए मंगाया गया फर्नीचर फिलहाल विद्यालय के उपलब्ध कमरों में रखा गया है। ऐसे में जिन कक्षों का उपयोग नियमित पढ़ाई के लिए किया जा सकता था, वहां स्थान की उपलब्धता प्रभावित होने की बात कही जा रही है। इसका सीधा असर विद्यार्थियों की कक्षाओं के संचालन पर पड़ने का दावा किया जा रहा है।

विद्यालय में लगभग 700 विद्यार्थी अध्ययनरत बताए जाते हैं। जगह की समस्या के चलते विद्यालय को दो शिफ्ट में संचालित किए जाने से विद्यार्थियों और अभिभावकों के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। सवाल यह भी है कि यदि नए भवन का निर्माण समय पर पूरा होता और उसके बाद जरूरत के अनुसार फर्नीचर पहुंचता, तो क्या ऐसी स्थिति से बचा जा सकता था?

**भवन तैयार होने से पहले फर्नीचर खरीदी क्यों?**

पूरे मामले में फर्नीचर खरीदी और उसकी टाइमिंग सबसे महत्वपूर्ण सवाल बनकर सामने आ रही है। सामान्य तौर पर किसी नए भवन के लिए संसाधनों की व्यवस्था निर्माण की प्रगति और उपयोग की तैयारी को ध्यान में रखकर किए जाने की अपेक्षा रहती है। ऐसे में संबंधित विभाग को स्पष्ट करना चाहिए कि फर्नीचर खरीदने का निर्णय कब लिया गया, इसकी आवश्यकता का आकलन किस स्तर पर हुआ और आपूर्ति से पहले नए भवन की वास्तविक स्थिति का परीक्षण किया गया था या नहीं। यदि भवन के पूर्ण होने में अभी समय था, तो फर्नीचर को विद्यालय में पहुंचाने के बजाय उसके सुरक्षित भंडारण की वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई? और यदि फर्नीचर की तत्काल आवश्यकता थी, तो विद्यार्थियों के नियमित कक्षों को प्रभावित होने से बचाने के लिए क्या योजना बनाई गई थी? दो शिफ्ट में स्कूल, पढ़ाई पर असर का भी सवाल किसी विद्यालय को दो शिफ्ट में संचालित करना प्रशासनिक व्यवस्था हो सकती है, लेकिन यदि ऐसा पर्याप्त कक्ष उपलब्ध नहीं होने या संसाधनों के अव्यवस्थित प्रबंधन के कारण करना पड़ रहा है, तो इसकी समीक्षा जरूरी है। विद्यार्थियों के स्कूल आने-जाने का समय, शिक्षकों की उपलब्धता, प्रत्येक विषय के लिए पर्याप्त शिक्षण अवधि और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है। अभिभावकों के लिए भी बच्चों के स्कूल का समय बदलना परेशानी का कारण बन सकता है। खासकर दूर से आने वाले विद्यार्थियों के परिवहन और दिनचर्या पर इसका असर पड़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

**जनजातीय कार्य विभाग से जवाब की अपेक्षा**

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय से जुड़े इस मामले में जनजातीय कार्य विभाग की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है। विभाग को यह स्पष्ट करना चाहिए कि नए भवन का निर्माण कब तक पूरा होना था और वर्तमान में निर्माण की वास्तविक स्थिति क्या है। इसके साथ ही फर्नीचर की खरीदी में कितनी राशि खर्च की गई, कितनी सामग्री खरीदी गई और उसे भवन पूर्ण होने से पहले विद्यालय पहुंचाने की आवश्यकता क्यों पड़ी–इन सवालों का जवाब भी सामने आना चाहिए। यह भी जांच का विषय हो सकता है कि भवन निर्माण और फर्नीचर खरीदी के बीच समन्वय की कमी किस स्तर पर हुई। यदि योजना के अनुसार भवन समय पर तैयार नहीं हुआ तो देरी के लिए जिम्मेदार कौन है और यदि भवन की स्थिति जानते हुए भी फर्नीचर की आपूर्ति कराई गई तो उस निर्णय का आधार क्या था?

**बच्चों की सुविधा होनी चाहिए पहली प्राथमिकता**

विद्यालय में होने वाला हर निर्माण और हर खरीदी अंततः विद्यार्थियों की सुविधा और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से होती है। यदि वही संसाधन बच्चों के लिए उपलब्ध जगह कम करने लगें और पढ़ाई की व्यवस्था को दो शिफ्ट में बांटना पड़े, तो पूरे प्रबंधन पर सवाल उठना स्वाभाविक है। अब आवश यकता है कि संबंधित अधिकारी विद्यालय की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करें, नए भवन का शेष कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए और फर्नीचर को व्यवस्थित स्थान पर रखने की व्यवस्था की जाए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई सामान्य रूप से संचालित हो सके। सवाल सिर्फ फर्नीचर की खरीदी का नहीं है, बल्कि प्राथमिकताओं का भी है। जब नया भवन तैयार नहीं था तो फर्नीचर पहले क्यों मंगाया गया? क्या खरीदी से पहले विद्यार्थियों की मौजूदा व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन किया गया था? आखिर विभागीय योजना और समन्वय की कमी का खामियाजा बच्चे क्यों भुगतें?

# मुरुम की कमाई,गरीब के हिस्से में मलबा, क्या भूमाफियाओं के आगे बेबस है सिस्टम?

### आदिवासी किसान का खेत बना 'डंपिंग यार्ड',दूसरी बरसात में भी तबाह हुई फसल

**समाज जागरण**

बांधवगढ़ तहसील के ग्राम डबरौहा में एक बार फिर यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या रसूख के आगे गरीब किसान की जमीन की कोई कीमत नहीं बची?आरोप है कि मुरुम के कारोबार में फायदा कमाने के बाद बचा हुआ मलबा एक आदिवासी किसान की खेती पर छोड़ दिया गया और अब बरसाती पानी उसी मलबे को बहाकर हर साल उसकी फसल निगल रहा है।पीड़ित आदिवासी किसान मोले सिंह गोंड ने पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर राखी सहाय से की है,जिस पर कलेक्टर ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।शिकायत के मुताबिक खसरा क्रमांक 299 की कृषि भूमि ही उसके परिवार की रोजी-रोटी का एकमात्र सहारा है।आरोप है कि पड़ोसी भू-स्वामी पप्पू सोनी,जितेंद्र खट्टर और कौशलेश मिश्रा ने अपनी भूमि का समतलीकरण कराया,मुरुम का व्यावसायिक उपयोग कर लिया, लेकिन बचा हुआ भारी मलबा खेत के किनारे छोड़ दिया।अब हर बारिश में यही मलबा बहकर किसान के खेत में पहुंच रहा है और खड़ी फसल को तबाह कर रहा है। आदिवासी किसान का कहना है कि अब खेत में मिट्टी कम और मलबा ज्यादा दिखाई देता है।शिकाय तकर्ता के अनुसार उसके पड़ोस में रहने वाले गरीब आदिवासी मोलई बैगा का मकान भी इस मलबे से प्रभावित हो रहा है।पीड़ितों का आरोप है कि पिछले वर्ष भी फसल खराब होने पर नुकसान की भरपाई की गई थी और जल्द मलबा हटाने का भरोसा दिया गया था,लेकिन एक साल बाद भी हालात जस के तस हैं।नतीजा यह कि इस बरसात में भी फसल फिर बर्बाद हो गई।यदि शिकायत में लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो यह केवल लापरवाही नहीं,बल्कि कथित भूमाफियागिरी की वह तस्वीर है जिसमें मुनाफा कुछ लोगों की झोली में जाता है और नुकसान गरीब आदिवासी किसान के हिस्से आता है।मोले सिंह गोंड ने खेत से मलबा हटवाने,उचित मुआवजा दिलाने तथा जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि प्रशासन मलबे पर कार्रवाई करेगा या फिर गरीब किसान की शिकायत भी हर बरसात की तरह फाइलों में बह जाएगी?

# पसान नगर पालिका में बैठकी शुल्क पर, बिना रसीद नकद वसूली से घिरी व्यवस्था

**समाज जागरण**




प्रहलाद गुप्ता कोतमा क्षेत्र अन्तर्गत नगर पालिका परिषद पसान के मुख्य बाजार में बैठकी शुल्क की वसूली को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय दुकानदारों और छोटे व्यापारियों ने आरोप लगाया है कि उनसे नियमित रूप से बैठकी शुल्क के नाम पर नकद राशि वसूली जा रही है, लेकिन उसके बदले कोई आधिकारिक रसीद या पावती नहीं दी जा रही। इस स्थिति ने वसूली प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है और व्यापारियों के बीच असंतोष बढ़ता जा रहा है।

व्यापारियों का कहना है कि यदि बैठकी शुल्क नगर पालिका परिषद पसान के नियमों के तहत वैध रूप से वसूला जा रहा है, तो प्रत्येक भुगतान की रसीद देना अनिवार्य होना चाहिए। बिना किसी दस्तावेज के नकद राशि लिए जाने से यह संदेह उत्पन्न हो रहा है कि वसूली की धनराशि का समुचित लेखा-जोखा रखा भी जा रहा है या नहीं।

व्यापारियों ने प्रशासन के समक्ष कई महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि यह सरकारी शुल्क है तो रसीद क्यों नहीं दी जा रही? बिना रसीद नकद वसूली किस अधिकारी के निर्देश पर की जा रही है? वसूली गई राशि नगर पालिका परिषद पसान के किस खाते या मद में जमा हो रही है? इन सवालों का स्पष्ट उत्तर अब तक सामने नहीं आया है। स्थानीय व्यापारिक संगठनों और दुकानदारों ने नगर पालिका परिषद पसान के जिम्मेदार अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि बैठकी शुल्क की वसूली किसी अधिकृत ठेका प्रणाली के माध्यम से की जा रही है, तो उससे संबंधित नियम, अनुबंध और वसूली प्रक्रिया सार्वजनिक की जानी चाहिए। वहीं यदि वसूली में किसी प्रकार की अनियमितता या अवैधता पाई जाती है, तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

व्यापारियों का कहना है कि नगर पालिका की राजस्व वसूली पूरी तरह पारदर्शी और जवाबदेह होनी चाहिए, ताकि आम व्यापारियों का विश्वास बना रहे और भविष्य में इस प्रकार के विवादों की स्थिति उत्पन्न न हो।

# जिले के पाली विकासखंड में घुनघुटी, पतनारकला क्षेत्र में खुलनी है खदान, धोखाधड़ी का आरोप

### हाथ में कोयला लेकर बजरंग पावर का विरोध

**समाज जागरण उमरिया**

जिले के बिरसिंहपुरपाली जनपद क्षेत्र में खुल रही बजरंग कोल ब्लॉक का विरोध मुखर हो गया है। प्रभावित दर्जनों गांव के किसान विरोध दर्ज कराने कलेक्ट्रेट पहुंचे। हाथ में कोयला लेकर पहुंचे किसानों का कहना था कि बजरंग पावर कंपनी के गुर्गे रात में ढाबों पर बैठकर धोखाधड़ी कर सहमति पत्र भरवा रहे हैं। कंपनी लीज में जमीन लेकर काम करना चाहती है, जो किसान हित में नहीं हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम पाली की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उन्हें हटाने सहित 24 सूत्रीय मांग एसडीएम बांधवगढ़ अंबिकेश सिंह को सौंपा है। विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे भारतीय किसान संघ जिला उमरिया द्वारा जिले के किसानों की विभिन्न समस्याओं, कॉलरी प्रबंधन की मनमानी और प्रशासनिक अधिकारियों के रवैये के खिलाफ मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन को कलेक्टर के माध्यम से एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया है। किसान संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 30 दिनों के भीतर मांगें पूरी नहीं हुई, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। देश का हम भंड भरेंगे, लेकिन कीमत पूरी।

**अधिकारियों पर पक्षपात का आरोप**

किसान संघ ने पाली अनुविभागीय अधिकारी पर कॉलरी प्रबंधन की तरफ झुकाव रखने का आरोप लगाया है। 29 मई 2026 को आयोजित पर्यावरण जनसुनवाई के बाद एक होटल में कार्यक्रम में शामिल होने और गिफ्ट लेने के मामले में उन्हें हटाने तथा अंबिकेश प्रताप सिंह की पुन नियुक्ति की मांग की गई है इसके साथ ही क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी अशोक तिवारी को भी हटाने की मांग उठाई गई है। ग्रामीणों द्वारा लगाए जा र आरोप के संबंध में बजरंग पाव के प्रतिनिधि एसडी द्विवेदी उनका पक्ष जानने मोबाइल माध्यम से प्रयास किया गय लेकिन उनकी तरफ से क जवाब नहीं मिला। मामले कलेक्टर राखी सहाय का कह है वे ग्रामीणों द्वारा बताई जान समस्याओं के संबंध दिखवाती हैं।

**30 लाख प्रति एकड़ मुआवजा**


मुख्य मांगों में प्रशासन द्वारा जमीन की कीमत 1 लाख 25 हजार रुपये प्रति एकड़ तय किए जाने का कड़ा विरोध किया गया है। किसानों ने मांग की है कि कॉलरी क्षेत्रों की भूमि को उद्योग क्षेत्र घोषित किया जाए और किसानों को जमीन का मुआवजा 30 लाख रुपये प्रति एकड़ की दर से दिया जाए। कॉलरी आवंटित भूमि पर बने किसानों के घरों के बदले नए निर्माण के लिए 10 लाख रुपये, बोर और लगे हुए पेड़ों का मुआवजा दिए जाने की मांग की गई है।

**एनएच होगा ठप, अल्टीमेटम**

भारतीय किसान संघ ने दो टूक कहा है कि यदि किसानों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो शासन-प्रशासन किसानों का न होकर उद्योग कंपनियों का हो जाएगा। 30 दिनों के उपरांत घेरा-डालो, डेरा-डालो आंदोलन किया जाएगा। इसके बाद शहडोल-धुनधुटी राष्ट्रीय राजमार्ग को पूर्णतः बंद कर दिया जाएगा। उमरिया आने-जाने वाले सभी रास्तों को बंद किया जाएगा। शासकीय अधिकारियों को किसानों द्वारा दूध और सब्जी की सप्लाई बंद कर दी जाएगी। इस आंदोलन की

# रेलवे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल: मामूली बारिश में ही खुली सेस रिपेयर की पोल, क्या ट्रैक संरक्षा और यात्रियों की सुरक्षा से हो रहा खिलवाड़?

**समाज जागरण**



उमरिया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के अंतर्गत कटनी-बिलासपुर मुख्य रेलखंड के बंध वावारा-घुनघुटी सेक्शन (किमी 922 से 924) के बीच करोड़ों रुपये की लागत से कराए गए नाली निर्माण एवं सेस रिपेयर कार्यों की गुणवत्ता पर एक बार फिर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं। मानसून की शुरूआती मामूली बारिश में ही कई स्थानों पर ट्रैक किनारे किए गए सेस रिपेयर कार्य में कटाव दिखाई देने लगा है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों के पालन तथा रेलवे द्वारा किए गए कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस वर्ष अभी तक क्षेत्र में सामान्य से कम वर्षा हुई है, इसके बावजूद कई स्थानों पर सेस की मिट्टी बह गई है तथा गहरे कटाव बन गए हैं। उनका आरोप है कि यदि निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप पर्याप्त कॉम्पेक्शन, गुणवत्ता नियंत्रण एवं इंजीनियरिंग मानकों का पालन करते हुए किया गया होता, तो इतनी कम बारिश में इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न नहीं होती।

नागरिकों का कहना है कि यदि आगामी दिनों में लगातार दो या अधिक दिन तेज बारिश होती है, तो कटाव और बढ़ सकता है, जिससे ट्रैक की स्थिरता प्रभावित होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। उनका कहना है कि यह विषय केवल निर्माण गुणवत्ता का नहीं, बल्कि रेल संरक्षा एवं प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों यात्रियों की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। इसलिए इस पूरे मामले की तकनीकी दृष्टि से गहन जांच कराया जाना अत्यंत आवश्यक है।

उल्लेखनीय है कि इसी निर्माण कार्य में कथित तकनीकी एवं वित्तीय अनियमितताओं को लेकर पूर्व में भी शिकायतें सामने आई थीं, जिसके बाद रेलवे प्रशासन द्वारा विजिलेंस जांच प्रारंभ किए जाने की जानकारी मिली थी। किंतु स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अब तक जांच की प्रगति अथवा उसके निष्कर्ष सार्वजनिक नहीं किए गए हैं, जिससे जांच की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को लेकर लगातार प्रश्न उठ रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रेलवे की विश्वसनीयता बनाए रखने तथा जनता का विश्वास कायम रखने के लिए आवश्यक है कि इस पूरे प्रकरण की जांच बिलासपुर मंडल की स्थानीय व्यवस्था से अलग एक स्वतंत्र उच्च स्तरीय तकनीकी एवं विजिलेंस जांच समिति द्वारा कराई जाए। उनका मानना है कि जिस जांच समिति का संबंधित अधिकारियों या स्थानीय प्रशासनिक तंत्र से कोई प्रत्यक्ष संबंध न हो, वही निष्पक्ष एवं तथ्यपरक जांच कर सकती है।

नागरिकों ने रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय तथा केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) से मांग की है कि पूरे मामले की स्वतंत्र जांच समिति गठित कर समयबद्ध जांच कराई जाए तथा जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप हुआ है अथवा नहीं। उनका कहना है कि जांच रिपोर्ट सार्वजनिक होने से ही रेलवे की पारदर्शिता, जवाबदेही एवं निष्पक्षता जनता के सामने स्थापित होगी। स्थानीय नागरिकों ने यह भी मांग की है कि यदि जांच में निर्माण कार्य में गुणवत्ता संबंधी कमी, तकनीकी लापरवाही अथवा वित्तीय अनियमितता प्रमाणित होती है, तो संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों, ठेकेदार एवं एजेंसियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि रेलवे में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और यात्रियों की जान से जुड़े किसी भी निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। निष्पक्ष जांच, पारदर्शी कार्रवाई और गुणवत्तापूर्ण निर्माण ही भारतीय रेलवे की विश्वसनीयता और जनता के विश्वास को और अधिक मजबूत बना सकते हैं।

# एक ही रात में आधा दर्जन किसानों को बनाया निशाना,पुलिस पर उठे सवाल

**समाज जागरण**





बहजोई। बहजोई कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत किसोली गांव के जंगल में बीती रात चोरों ने राजीव शर्मा निवासी ढाडौल, सुबोध कुमार निवासी किसौली,दिनेश कुमार, निवासी किसौली रितेश कुमार, निवासी किसौली,अशोक कुमार शर्मा निवासी ढाडौल किसानों के निजी नलकूपों को निशाना बनाते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया।एक ही रात में आधा दर्जन से अधिक किसानों के नलकूपों से स्टार्टर और केबिल चोरी कर लिए गए,जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और किसानों में भारी रोष व्याप्त है।

बताया जा रहा है कि चोर देर रात खेतों में से एक-एक कर कई नलकूपों के दरवाजे उखाड़कर अंदर रखे कीमती उपकरणों को आसानी से निकाल ले गए।हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी वारदात के दौरान क्षेत्र में तैनात चौकी प्रभारी और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी,जिससे पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में लगातार इस प्रकार की चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं,लेकिन पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।किसानों के अनुसार नलकूपों से स्टार्टर और केबिल चोरी होने से सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है,जिससे फसलों को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है और संदिग्धों की तलाश में जुटी है।फिलहाल, इस घटना ने एक बार फिर से ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। किसानों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है,ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। हालांकि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई ने धूमधाम से मनाया भारतीय झंडा दिवस, तिरंगे के सम्मान का लिया संकल्प।

**समाज जागरण**

चन्दौसी।राष्ट्रीय ध्वज के गौरव और सम्मान को समर्पित 'भारतीय झंडा दिवस' के अवसर पर आज अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कैथल रोड एक निजी प्रतिष्ठान पर किया गया। यह कार्यक्रम युवा इकाई के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय 'अन्नू' के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें भारी संख्या में युवा व्यापारियों और पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी देकर की गई। इस दौरान पूरा माहौल "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा। उपस्थित सभी पदाधिकारियों और व्यापारियों ने देश की एकता, अखंडता और तिरंगे के सम्मान को हमेशा अक्षुण्ण रखने का सामूहिक संकल्प लिया।

नगर अधक्ष्य अनुज वार्ष्णेय 'अन्नू'युवा इकाई के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा 22 जुलाई 1947 का दिन भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। इसी दिन संविधान सभा ने हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अंगीकृत किया था हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा केवल एक कपड़ा नहीं, बल्कि देश के आन-बान-शान और करोड़ों भारतीयों के त्याग व बलिदान का प्रतीक है। हर व्यापारी को व्यापार के साथ-साथ राष्ट्रहित को हमेशा सर्वोपरि रखना चाहिए। आज का दिन हमें याद दिलाता है कि हम अपने तिरंगे के सम्मान के लिए सदैव समर्पित रहें।

डॉ. टी एस पाल ने कहा, "झंडा दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह हमारे वीर जवानों के प्रति सम्मान प्रकट करने और उनके परिवारों के साथ खड़े होने का एक पावन अवसर है। देश की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए हमारे सैनिकों का त्याग अतुलनीय है।"

सभी ने एक-दूसरे को झंडा दिवस की बधाई दी और समाज में देशभक्ति की भावना को और मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर टी एस पाल भाजपा नेता अनुभव शर्मा शुभम अग्रवाल निशांत शर्मा प्रदीप वार्ष्णेय गोविंद वार्ष्णेय अतुल कश्यप मौजूद रहे

# चंद्रशेखर आजाद के सपनों का भारत बनाने का हिंदू जागृति मंच ने लिया संकल्प

**समाज जागरण**



संभल।चंद्रशेखर आजाद के जन्म से 23 जुलाई का दिन सदैव के लिए अमर हो गया। उनके बलिदान को याद करते हुए हिंदू जागृति मंच के तत्वावधान में नगर के तिरंगा मार्केट में "आजाद जयंती" के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में "चंद्रशेखर आजाद के सपनों का भारत" बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत हिंदू जागृति मंच के पदाधिकारियों सुभाष चंद्र शर्मा, दुर्वेश सैनी, अजय कुमार शर्मा, सुबोध कुमार गुप्ता, उमेश सैनी, शलभ रस्तोगी, सुनीता यादव आदि द्वारा अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर की गई। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि 23 जुलाई को मध्य प्रदेश के भाबरा ग्राम में जन्म लेकर चंद्रशेखर आजाद ने जो क्रांति की मशाल जलाई, वह भारतवर्ष को आजाद कराने में ज्वालामुखी सिद्ध हुई।

हिंदू जागृति महिला मंच की संरक्षक सुनीता यादव ने कहा कि इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में अंग्रेजी सैनिकों से युद्ध करते-करते जब चंद्रशेखर आजाद के पास एक ही गोली बची, तो उन्होंने उसे अपने सिर में मारकर कहा "मैं जीवन भर आजाद रहा हूं, आजाद ही रहूंगा।" ऐसे साहसी, पराक्रमी, दृढ़ निश्चयी महान आत्मा को हर हिंदुस्तानी का शत-शत नमन है। सुभाष चंद्र शर्मा ने स्वरचित कविता पाठ कर चंद्रशेखर आजाद को "अमर सेनानी, अतुल्य बलिदानी और भारत माता का सच्चा सपूत" बताकर विचार गोष्ठी में जोश और उत्साह का संचार किया।

हिंदू जागृति मंच के प्रदेश महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने कहा कि आजाद जी के समय भारत को बम और तलवार की आवश्यकता थी, जिसका उन्होंने उपयोग कर भारत माता को आजाद कराया। लेकिन आज भारत माता को कलम और शिक्षा की आवश्यकता है। आजाद जी के सपनों के अनुसार हमें प्रत्येक युवा को शिक्षित, स्वस्थ और आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर उमेश सैनी, अरविंद शंकर शुक्ला, सत्यवीर सिंह, शलभ रस्तोगी, रजनीश कुमार, प्रताप सिंह, राजेंद्र सिंह, नोमान प्रधान आदि वक्ताओं ने सांडर्स हत्याकांड, काकोरी कांड सहित अनेक क्रांतिकारी कार्यों में चंद्रशेखर आजाद की भूमिका का वर्णन करते हुए उन्हें आज के युवा का आदर्श बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमेश सैनी ने की तथा संचालन शलभ रस्तोगी ने किया।

# जमीन बेचने के विवाद में महिला से मारपीट, जेठ समेत तीन पर आरोप

**समाज जागरण**

बबराला थाना क्षेत्र के गांव तुमरिया खादर में जमीन बेचने को लेकर हुए पारिवारिक विवाद में एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने जेठ समेत तीन लोगों पर लाठी-डंडों से हमला कर घायल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। गांव तुमरिया खादर निवासी विमलेश ने बबराला थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने हिस्से की जमीन बेचना चाहती थी। इसी बात को लेकर उसके जेठ भूरे, प्रकाश और रामचरन (तीनों जयवीर के पुत्र) ने विरोध किया। आरोप है कि तीनों ने मिलकर लाठी-डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता का यह भी आरोप है कि घटना के बाद वह स्थानीय पुलिस चौकी पहुंची, लेकिन उसकी शिकायत दर्ज करने के बजाय उसे फटकार लगाकर वापस भेज दिया गया। इसके बाद गुरुवार सुबह वह बबराला थाने पहुंची और लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# एसीसी अडानी प्लांट के खिलाफ ग्रामीणों का हल्ला बोल, मांगों को लेकर धरना जारी

**समाज जागरण/**
**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। जनपद के सलाईबनवा-पनारी स्थित एसीसी अडानी प्लांट के बाहर ग्रामीणों का क्रमिक धरना प्रदर्शन बुधवार से जारी है। गुरुवार को भी यह प्रदर्शन जारी रहा, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उनकी मुख्य मांग स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराना है। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने कंपनी से स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की मांग की। इसके साथ ही, उन्होंने मजदूरों को निर्धारित दर से मजदूरी, ईपीएफ, बोनस, ईएसआई और आकस्मिक अवकाश जैसी सुविधाएं लागू करने की भी अपील की। ग्रामीणों ने शिक्षा, चिकित्सा और खेल मैदान जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की मांग उठाई। उन्होंने विद्यालय समय में कंपनी में आने-जाने वाले भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने और सड़क किनारे खड़े ट्रकों के लिए पार्किंग की उचित व्यवस्था करने की भी बात कही। अन्य मांगों में सीएसआर फंड से कराए गए कार्यों की गुणवत्ता की जांच, प्रदूषण नियंत्रण के लिए नियमित जल छिड़काव और प्लांट के ठेकों की जानकारी समाचार पत्रों में प्रकाशित कर स्थानीय लोगों को अवसर देना शामिल है। इसके अतिरिक्त, निर्धारित क्षेत्र में बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। प्रदर्शनकारी चंद्र शेखर साहनी ने कहा "हमारी मांग है कि कंपनी अपने सभी ठेकों और निविदाओं की जानकारी सार्वजनिक करे, ताकि स्थानीय लोगों को भी अवसर मिल सके। भूमि अधिग्रहण के समय रोजगार के जो आश्वासन दिए गए थे, उन्हें अब पूरा किया जाए। भारी वाहनों के लिए अलग पार्किंग की व्यवस्था हो, जिससे गांवों में जाम और दुर्घटनाएं न हों। स्कूल आने-जाने के समय भारी वाहनों के संचालन पर रोक लगाई जाए। कंपनी स्थानीय युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था करे, ताकि वे रोजगार के योग्य बन सकें। क्षेत्र में पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाए। हम प्रशासन और कंपनी से बातचीत के लिए हमेशा तैयार हैं। हमारा उद्देश्य टकराव नहीं, बल्कि स्थानीय जनता के अधिकार और क्षेत्र का विकास सुनिश्चित कराना है।" क्षेत्र पंचायत सदस्य अवधेश कुमार ने बताया "हमारा धरना कल से लगातार जारी है। हमारी मुख्य मांग है कि एसीसी प्लांट सीएसआर के तहत स्थानीय जनता की मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता दे। क्षेत्र की सड़कें जर्जर हैं और भारी वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। प्लांट और रेलवे साइडिंग से उड़ने वाली धूल से ग्रामीण प्रदूषण की मार झेल रहे हैं। मजदूरों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी, ईपीएफ, ईएसआई, बोनस और अन्य सुविधाएं पारदर्शी तरीके से मिलनी चाहिए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की राय लेकर सीएसआर कार्य कराए जाएं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और प्रदूषण नियंत्रण को प्राथमिकता दी जाए। धरना शुरू होने के बाद भी कंपनी का कोई अधिकारी वार्ता के लिए नहीं आया है। हम कंपनी के विरोध में नहीं, बल्कि स्थानीय लोगों के अधिकार और क्षेत्र के विकास की मांग कर रहे हैं।" पंकज, बघबैसा पनारी निवासी ने बताया हम स्थानीय युवाओं और श्रमिकों को रोजगार में प्राथमिकता दिलाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। कई बार कंपनी प्रबंधन से स्थानीय लोगों को योग्यता के अनुसार रोजगार देने की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हमारी बात को गंभीरता से नहीं सुना जा रहा है। धरना शुरू होने के बाद भी कंपनी की ओर से कोई आधिकारिक वार्ता या आश्वासन नहीं मिला है। कंपनी के सुरक्षा कर्मी केवल गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं।

हमारा आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक है। हम किसी प्रकार का टकराव नहीं चाहते। जब तक हमारी दस सूत्रीय मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होगी, तब तक यह धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। स्थानीय जनता के अधिकारों के लिए हमारा संघर्ष लगातार चलता रहेगा।

# छात्रों के मुद्दों पर सपा का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

**समाज जागरण/ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। समाजवादी छात्र सभा, युवजन सभा, लोहिया वाहिनी और यूथ ब्रिगेड के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने गुरुवार को छात्रों और युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर भारत की राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं के निरस्त होने और छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों के कथित हनन के खिलाफ आवाज उठाई गई। समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष पवन पटेल, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष बबलू धागर, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष जयुतेश गौतम तथा यूथ ब्रिगेड के सत्यम पांडेय ने कहा कि लगातार पेपर लीक और परीक्षा संबंधी अनियमितताओं से लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सरकार से निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय, रामपुर से जुड़े मामलों में संविधान और न्यायिक प्रक्रिया के अनुरूप कार्रवाई की मांग की।

सपा जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव, पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा, राजेंद्र सिंह पटेल और विजय यादव ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कथित पुलिस बल प्रयोग और लाठीचार्ज की निंदा की। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार है और इस घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने राष्ट्रपति से मांग की कि पेपर लीक के मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए जवाबदेह समिति गठित की जाए तथा छात्रों की आवाज सुनी जाए। उन्होंने कहा कि यदि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो समाजवादी पार्टी जन आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस दौरान सुनील सिंह गौड़, अनिल प्रधान, मन्नू पांडेय, त्रिपुरारी गौड़, अशोक पटेल, डॉ. लोपति सिंह पटेल, सरदार पारब्रह्म सिंह, जयप्रकाश मौर्य, अजीत कनौजिया, महेश पीयूष, हिदायत उल्ला खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोडवेज बस स्टेशन के बाहर जंक्शन पर गड्ढों का राज, जिम्मेदार मौन

**समाज जागरण/अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। जनपद मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज में रोडवेज डिपो के सामने ओवरब्रिज के नीचे स्थित मुख्य मार्ग की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। यह मार्ग वाराणसी से शक्तिनगर तथा सोनभद्र से मिर्जापुर जाने वाली रोडवेज बसों का प्रमुख जंक्शन होने के साथ-साथ जिले में आने-जाने वाले हजारों लोगों की रोजमर्रा की आवाजाही का मुख्य रास्ता है। बरसात की शुरूआती बारिश



में ही सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भरा रहने से वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका के कर्मचारी प्रतिदिन यहां सफाई तो करते हैं, लेकिन सड़क पर बने गहरे गड्ढों की मरम्मत की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। गड्ढों में जमा गंदा पानी और सड़ता हुआ कचरा संक्रमण एवं संक्रामक बीमारियों को भी बढ़ावा दे सकता है। सबसे अहम बात यह है कि इसी मार्ग से जिले के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी प्रतिदिन गुजरते हैं। इसके बावजूद अब तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है। स्थानीय नागरिकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि आमजन की सुरक्षा और सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए।

# चंद्रशेखर आजाद जयंती पर नव निर्माण सेवा ट्रस्ट ने चलाया जनसंपर्क व हस्ताक्षर अभियान

**समाज जागरण/**
**आदिवासी सुनील त्रिपाठी**




ओबरा/ सोनभद्र। अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर नव निर्माण सेवा ट्रस्ट द्वारा वीआईपी रोड एवं ओबरा बाजार क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संगठन के कार्यकताओं ने घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया और जनहित से जुड़ी विभिन्न मांगों के समर्थन में हस्ताक्षर कराए। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि नव निर्माण सेवा ट्रस्ट क्रांतिकारी विचारधारा पर आधारित एक सामाजिक संगठन है, जो लंबे समय से क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को लेकर जनआंदोलन चला रहा है। अभियान के दौरान नागरिकों ने भी संगठन की मांगों का समर्थन करते हुए हस्ताक्षर किए।

**संगठन की प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं–**
ओबरा तापीय चिकित्सालय में लगभग 20 वर्ष पूर्व की तरह सभी स्वास्थ्य सेवाएं पुनः बहाल की जाएं। माताओं एवं बहनों के लिए प्रसव (डिलीवरी) सुविधा तत्काल शुरू की जाए। गरीब एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों के हित में ओबरा इंटर कॉलेज को पुनः संचालित/बहाल किया जाए। जिला अस्पताल, सोनभद्र में जिला खनिज निधि (DMF) से एमआरआई मशीन शीघ्र स्थापित की जाए। सोनभद्र में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था विकसित कर विशेषज्ञ चिकित्सकों की स्थायी उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जनहित से जुड़े अन्य आवश्यक मुद्दों पर भी सरकार एवं प्रशासन द्वारा शीघ्र प्रभावी कार्रवाई की जाए।

कार्यकताओं ने कहा कि यह हस्ताक्षर अभियान जनभावनाओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का माध्यम है। यदि मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को और व्यापक रूप देगा।
इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# अनपरा कॉलोनी में ठेकेदार ने फांसी लगाकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**संवाददाता अकबर अली/ समाज जागरण**



अनपरा/ सोनभद्र। अनपरा कॉलोनी के आवसीय परिसर प्रथम टाइप स्तरीय आवास में गुरुवार सुबह एक ठेकेदार का शव घर के भीतर फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही थाना अनपरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान पीयूष सिंह (38 वर्ष) पुत्र प्रदीप सिंह, निवासी अनपरा कॉलोनी के रूप में हुई है। वह नगर पंचायत अनपरा में ठेकेदारी का कार्य करते थे। गुरुवार सुबह लगभग 8 बजे घटना की सूचना पुलिस को मिली, जिसके बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार, मृतक अपने पीछे पत्नी और लगभग 12 वर्षीय एक पुत्र को छोड़ गए हैं। घटना के समय परिवार के सदस्य घर पर ही मौजूद थे। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के कारणों की स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है वहीं ये चिंतन का विषय हैं कि एक हँस मुख स्वभाव के व्यक्ति जो बहुत ही मिलनसार प्रवित्ती के थे उन्होंने आत्म हत्या जैसा कदम क्यों उठाया इसकी उच्च स्तरीय जाँच होनी चाहिए अनपरा थर्मल की कालोनी के लिए ये बहुत बड़ी घटना हैं जो की परियोजना प्रबंधन के लिए भी एक प्रश्न छोड़ती हैं

हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से कोई आरोप-प्रत्यारोप सामने नहीं आया है तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी हुई है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल, ओबरा में विद्यार्थी परिषद का भव्य शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

ओबरा/ सोनभद्र। डीएवी पब्लिक स्कूल, ओबरा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यार्थी परिषद का भव्य एवं गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि निखिल चतुर्वेदी (जी.एम.- एडमिन), विशिष्ट अतिथि जे.के. मिश्रा (एस.ई.- ऑपरेशन) तथा विद्यालय के प्राचार्य श्री संजय कुमार पांडे द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यार्थियों के स्वागत गीत एवं मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य ने समारोह को आकर्षक और यादगार बना दिया। समारोह में मुख्य अतिथियों ने नवनिर्वाचित छात्र-प्रतिनिधियों को बैज एवं सैश पहनाकर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। ईशा शिकरवार ने हेड



गर्ल तथा सार्थक त्रिपाठी ने हेड बॉय के रूप में पदभार ग्रहण किया। आद्या मलिक को डिप्टी हेड गर्ल और निखिल तोमर को डिप्टी हेड बॉय चुना गया। आकांक्षा सिंह एवं अपूर्व त्रिपाठी को क्रमशः कल्चरल कैप्टन (बालिका/बालक), जबकि कमलेश और अनीशा जायसवाल को स्पोर्ट्स कैप्टन (बालक/बालिका) की जिम्मेदारी सौंपी गई। विद्यालय के चारों सदनों के हाउस कैप्टनों को जिम्मेदारी दी गई।

# ओबरा तापीय परियोजना में बड़ा हादसा, करंट की चपेट में आने से संविदा कर्मचारी गंभीर रूप से झुलसा

### BTPS की 12/13 नंबर यूनिट में ऐसलरी फील्ड मोटर कूलिंग पंप पर काम के दौरान हुआ हादसा

**समाज जागरण/**
**आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

ओबरा/ सोनभद्र। जनपद सोनभद्र की औद्योगिक नगरी ओबरा स्थित तापीय विद्युत गृह (BTPS) से एक बड़ी और दर्दनाक खबर सामने आई है। ओबरा तापीय परियोजना में कार्य के दौरान करंट की चपेट में आने से एक कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में घायल संविदा कर्मचारी को परियोजना के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रावटसगंज सेंटर रेफर कर दिया है। प्राप्त विवरण के अनुसार, यह हादसा ओबरा बीटीपीएस की यूनिट संख्या 12 और 13 के ऐसलरी फील्ड में लगे मोटर कूलिंग पंप के पास घटित हुआ। बुधवार को रात्रि लगभग 8:30 से 9:45 बजे के बीच काम के दौरान अचानक किसी तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट के कारण फैला करंट कर्मचारी की चपेट में आ गया। करंट का झटका इतना जोरदार था कि कर्मचारी मौके पर ही बुरी तरह झुलस कर गिर पड़े। घटना के वक्त वहां मौजूद अन्य कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। साथी कर्मचारियों और अधिकारियों की मदद से पीड़ित को तुरंत ओबरा परियोजना अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने कर्मचारी की स्थिति को अत्यंत चिंताजनक पाया और बेहतर व त्वरित चिकित्सीय सुविधा हेतु उन्हें तत्काल रावटसगंज सेंटर के लिए रेफर कर दिया। झुलसे कर्मचारी की पहचान संजय कुमार (उम्र लगभग 40 वर्ष), पुत्र स्वर्गीय बिंदेश्वरी प्रसाद के रूप में हुई है। संजय कुमार मूल रूप से बिहार राज्य के पटना जिले के रहने वाले हैं और वर्तमान में ओबरा में क्वार्टर नंबर 1/D/160 में अपने परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में संजय के दो छोटे बच्चे (एक लड़का और एक लड़की) हैं, जिनकी उम्र अभी 10 वर्ष से कम है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, तापीय परियोजना के कर्मचारी संघों और सहकर्मियों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मामले की तकनीकी जांच और पीड़ित को समुचित इलाज उपलब्ध कराने की मांग की है।

# संचारी एवं दस्तक अभियान के तहत जनपद में युद्धस्तर पर चल रहा स्वच्छता व जनजागरूकता अभियान

**समाज जागरण/**
**अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम एवं आमजन को संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से 01 जुलाई, 2026 से संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 जुलाई, 2026 से दस्तक अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत गांवों में साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, खराब हैंडपंपों का चिन्हीकरण एवं मरम्मत, नालियों की सफाई, फॉगिंग तथा बुखार, डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, क्षय एवं अन्य संक्रामक रोगों के संभावित मरीजों की पहचान का कार्य लगातार किया जा रहा है। जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ के निर्देशानुसार उच्च जोखिम वाले गांवों में माइक्रोप्लान के अनुसार विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान सफाईकर्मी, पंचायत सहायक, आशा, आंगनबाड़ी कार्य कर्ता एवं ग्राम प्रधानों की सक्रिय सहभागिता से ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव, स्वच्छता अपनाने तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत विद्यालयों में जागरूकता रैलियां, ग्राम सभाओं में बैठकें, प्रभात फेरियां, झाड़ियों की कटाई, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नालियों की सफाई, हैंडपंपों की मरम्मत, फॉगिंग तथा
अन्य जनस्वास्थ्य गतिविधियां निरंतर संचालित की जा रही हैं। दस्तक अभियान के अंतर्गत बुखार से पीड़ित मरीजों की पहचान कर उनकी जांच, टीबी के संभावित मरीजों का चिन्हीकरण, आईएलआई (खांसी, जुकाम) एवं डायरिया के लक्षण वाले रोगियों का सर्वे तथा कुपोषित बच्चों की पहचान कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि संचारी एवं दस्तक अभियान में सक्रिय सहयोग करें, अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार के संक्रामक रोग के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क कर चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त करें।

# ग्राम प्रधान ने पंचायत निधि में फजीवाड़े का लगाया आरोप, डीएम से निष्पक्ष जांच की मांग

**समाज जागरण/**
**अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। विकास खंड चतरा की ग्राम पंचायत खडुई की ग्राम प्रधान मीरा देवी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर ग्राम पंचायत निधि के कथित दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने प्रधानपति, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर पर मिलीभगत कर फजीवाड़ा करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में ग्राम प्रधान ने आरोप लगाया है कि पिछले तीन वर्षों से उनकी अनुमति और हस्ताक्षर के बिना फर्जी कार्य दर्शाकर सरकारी धन का भुगतान कराया गया। उनका कहना है कि पंचायत के विकास कार्यों में उनकी अधिकारिक भूमिका की अनदेखी की गई तथा बिना सहमति के विभिन्न मदों से भुगतान किए जाते रहे। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि ग्राम प्रधान का डोंगल एवं अन्य डिजिटल माध्यम अन्य लोगों के पास रहते थे, जिनका उपयोग कर विभिन्न फर्मों के माध्यम से मनमाने ढंग से धनराशि निकाली गई। साथ ही उन्हें ग्राम पंचायत की बैठकों में शामिल नहीं किया गया, जिससे उनके अधिकारों का उल्लंघन हुआ। प्रार्थना पत्र में प्राथमिक विद्यालय खडुई और सोनवट में कथित रूप से फर्जी उपस्थिति दर्ज कराकर कन्वर्जन मद सहित अन्य योजनाओं की धनराशि के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया गया है। इसके अलावा मनरेगा कार्यों, फर्जी हस्ताक्षरों, विभिन्न फर्मों को किए गए भुगतानों तथा अन्य वित्तीय लेन-देन की विस्तृत जांच कराने की मांग की गई है। ग्राम प्रधान मीरा देवी ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की जांच के लिए त्रिस्तरीय समिति गठित करने तथा सरकारी धन के कथित दुरुपयोग की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की हैं।

# एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण बना जन आंदोलन :- श्रवण सिंह गोंड़

**समाज जागरण/अकबर अली**

सोनभद्र। दुद्धी विधानसभा के ग्राम पंचायत धुमा में "ऊर्जा वन" में निवर्तमान विधानसभा दुद्धी प्रत्यासी श्रवण सिंह गोंड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ के द्वारा चलाए जा रहे 35 करोड़ पौधारोपण महाअभियान के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया इस अवसर पर श्रवण गोंड़ ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में ईंधन (जलौनी लकड़ी) की दीर्घकालिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए प्रत्येक विकास खंड में कम से कम एक हेक्टेयर क्षेत्र में ऊर्जा वन विकसित करने का निर्णय लिया है। आज ऊर्जा वन वृक्षारोपण के निमित्त सिरस, बबूल, सुबबूल, गुटेल और कदंब जो पौधे तेजी से बढ़ते है उनका रोपण किया जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना और प्राकृतिक वनों पर ईंधन का दबाव कम करना है । इस दौरान विंढमगंज रेंजर रितेश कुमार वन दरोगा कन्हैया लाल अवधेश कुमार विवेक मौर्या आयुष केशरी मौजूद रहे।

# वित्तीय वर्ष 2026-27 की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं के लिए जारी की गयी समय सारणी-11 अगस्त से आवेदन की प्रक्रिया शुरू

### कक्षा 9 से उच्च शिक्षण संस्थानों तक के छात्र-छात्राओं के लिए जारी हुई समय-सारिणी

### निर्धारित तिथियों के भीतर आवेदन एवं सत्यापन कराने की अपील

**समाज जागरण/विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति तथा शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं के अंतर्गत कक्षा 9 से उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत उत्तर प्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के पात्र छात्र-छात्राओं हेतु ऑनलाइन आवेदन की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। जनपद सोनभद्र के पात्र छात्र-छात्राएं www.sch olarsh ipu p.gov.inपोर्टल पर निर्धारित तिथियों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे तथा आवेदन की हार्ड कॉपी आवश्यक अभिलेखों सहित संबंधित शिक्षण संस्थान में जमा करेंगे। कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए नवीन एवं नवीनीकरण आवेदनों की प्रक्रिया 11अगस्त 2026 से प्रारंभ होगी। शिक्षण संस्थानों द्वारा ऑनलाइन आवेदनों का सत्यापन, विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण तथा जिला विद्यालय निरीक्षक स्तर से आवेदन अग्रसारित किए जाएंगे। इसके उपरांत एनआईसी लखनऊ द्वारा स्क्रूटनी, संबंधित विभागों द्वारा सत्यापन तथा जनपद स्तरीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति की संस्तुति के बाद पात्र छात्र-छात्राओं के खातों में जनवरी 2027 के अंतिम सप्ताह में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि हस्तांतरित की जाएगी। इसी प्रकार इंटरमीडिएट से ऊपर की उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए भी नवीन एवं नवीनीकरण आवेदनों की ऑनलाइन प्रक्रिया 15 सितम्बर 2026 से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित की जाएगी। शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों एवं संबद्ध एजेंसियों द्वारा आवेदन सत्यापन, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण तथा पात्र आवेदनों के अग्रसारण की कार्रवाई समयबद्ध रूप से की जाएगी। सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण होने के उपरांत पात्र छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि जनवरी 2027 में भेजी जाएगी। जिसका सम्पूर्ण विवरण शिक्षण संस्थानों को प्रेषित की गयी है एवं छात्रवृत्ति पोर्टल पर भी समय सारणी उपलब्ध है। जिला समाज कल्याण अधिकारी, सोनभद्र ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया ने सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षण संस्थानों एवं संबंधित अधिकारियों से अपील की है कि निर्धारित समय-सारिणी का अनिवार्य रूप से पालन करते हुए आवेदन, सत्यापन एवं अग्रसारण की समस्त कार्यवाही समय से पूर्ण करें, जिससे पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

# थाना दुद्धी पुलिस द्वारा 05 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ 02 तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण/अकबर अली**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक दुद्धी धर्मेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना दुद्धी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 22.07.2026 को थाना दुद्धी पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति, संदिग्ध वाहन एवं अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु विनोद मोड़, अमवार पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान दो व्यक्ति पैदल पिट्ठू बैग लेकर आते दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा रोककर तलाशी लेने पर उनके कब्जे से दो पिट्ठू बैगों में कुल 05 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा तथा एक अदद पोको कंपनी का मोबाइल फोन बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर दोनों अभियुक्तों को दिनांक 22.07.2026 को रात्रि 23:58 बजे गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण कर माननीय न्यायालय, सोनभद्र के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण- 1. जितेन्द्र पुत्र विश्राम पासवान, निवासी ग्राम सरईगढ़, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र। 2. बलवन्त पुत्र स्व० राकेश खरवार, निवासी ग्राम सरईगढ़, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र। पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सतत जारी है।

# आरआईटी पुलिस की बड़ी सफलता,चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ चोर गिरफ्तार

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ,कोल्हान झारखंड**

सरायकेला-खरसावां (झारखंड) 23 जुलाई 2026: सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर आरआईटी थाना पुलिस को बाइक चोरों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने छापेमारी कर चोरी की तीन मोटरसाइकिलों के साथ गिरोह के तीन शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी रविकांत परासर ने बताया कि 22 जुलाई 2026 को पुलिस को कुलूपूटांगा फुटबॉल मैदान के पास संदिग्धों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और तीन युवकों को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर चोरी की कुल तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास राजू लोहार (23 वर्ष): निवासी बन्तानगर, आरआईटी। इसका पूर्व में भी आरआईटी थाना (कांड सं.-111/23) में आपराधिक इतिहास रहा है। बासुदेव लागुरी (22 वर्ष): निवासी बन्तानगर पानी टंकी, आरआईटी। इसके खिलाफ भी आरआईटी थाने में गंभीर धाराओं के तहत मामला (कांड सं.- 99/23) दर्ज है। आदित्य राज (21 वर्ष): निवासी बाबा आश्रम, आरआईटी। इसके विरुद्ध बिष्टुपुर थाने में आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मामला (कांड सं.- 306/24) पहले से दर्ज है।

इस मामले में आरआईटी थाना कांड संख्या 34/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**छापेमारी टीमः**

सफल छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी रवि कांत पराशर, पु०अ०नि० विमलेश कुमार महतो, पु०अ०नि० नरेन्द्र मुण्डा, स०अ०नि० विक्रम कुमार, हवलदार जॉनसन भेंगरा, तथा आरक्षी उमाशंकर सिंह, विकास चन्द्र पाण्डेय व बबलू बिरुली शामिल थे।

# कुदा गांव में हाथी का उत्पात, कटहल का पेड़ तोड़ने के बाद निखिल महतो के घर को किया क्षतिग्रस्त

**दैनिक समाज जागरण,संवाददाता**

कुकड़ू,चांडिल : चांडिल वन क्षेत्र के कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत कुदा गांव में शुक्रवार की अहले सुबह एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने पहले गांव में स्थित कटहल के पेड़ को तोड़ दिया और पेड़ पर लगे कटहल को खाने के बाद पास के घर की ओर बढ़ गया। इसके बाद हाथी ने कुदा निवासी निखिल महतो के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है।



ग्रामीणों के अनुसार, घटना सुबह करीब 3:30 बजे से 4 बजे के बीच की बताई जा रही है। रात के अंधेरे में अचानक हाथी के गांव में पहुंचने से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हाथी ने पहले कटहल के पेड़ को तोड़ा और कटहल खाने के बाद निखिल महतो के घर की ओर पहुंच गया। हाथी ने घर में तोड़फोड़ करते हुए उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के दौरान घर में मौजूद लोग काफी भयभीत हो गए और किसी तरह अपनी जान बचाई।

हाथी के उत्पात की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आए दिन जंगली हाथियों की आवाजाही हो रही है, जिसके कारण लोगों को रात के समय अपने घरों से बाहर निकलने में भी डर लग रहा है। हाथियों के गांव में प्रवेश करने से ग्रामीणों की जान-माल के साथ-साथ फसलों और घरों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए उन्हें आबादी वाले क्षेत्रों में आने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। साथ ही हाथी के हमले से क्षतिग्रस्त हुए घर का जल्द से जल्द आकलन कर पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के तहत उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए।

ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के लगातार गांव के आसपास पहुंचने से लोगों में भय व्याप्त है। ऐसे में वन विभाग की टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने और ग्रामीणों को हाथियों से बचाव के लिए जागरूक करने की भी आवश्यकता है।

# रेलवे ट्रैक के समीप अपराधकर्मी अमित सरदार का शव हुआ बरामद,क्षेत्र में सनसनी फैली

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 23 जुलाई 2026: सरायकेला-खरसावां जिले के आरआईटी थाना क्षेत्र में एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके में चर्चा और कई सवाल खड़े कर दिए हैं, रेलवे ट्रैक के समीप अपराधकर्मी अमित सरदार का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है, आखिर यह एक हादसा है, आत्महत्या है या फिर किसी बड़ी साजिश का अंजाम? यही सवाल अब लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है.

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार रात अमित सरदार अपने घर से निकला था, बताया जा रहा है कि कुछ लोग उसे बुलाकर अपने साथ ले गए थे, इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा, देर रात तक इंतजार के बाद परिवार के लोगों ने उसके दोस्तों और परिचितों से संपर्क किया, लेकिन कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी. अगली सुबह रेलवे ट्रैक के पास एक शव पड़े होने की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया, स्थानीय लोगों की सूचना पर आरआईटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान अमित सरदार के रूप में की गई, पुलिस ने तत्काल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी.



सूत्र बताते हैं कि अमित सरदार हाल ही में जेल से बाहर आया था और उसका आपराधिक इतिहास भी रहा है, बताया जा रहा है कि उसकी कई लोगों से पुरानी रंजिशें थीं, ऐसे में उसकी मौत ने कई नए सवाल खड़े कर दिए हैं, यदि यह आत्महत्या है तो इसके पीछे क्या वजह थी? और यदि हत्या है तो आखिर किसने और क्यों इस वारदात को अंजाम दिया?

घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हैं, लेकिन पुलिस किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है, अमित की अंतिम लोकेशन, कॉल डिटेल्स, उसके साथ आखिरी बार देखे गए लोगों और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों को खंगाला जा रहा है. अब सबकी नजर पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी है, क्योंकि इन्हीं तथ्यों से यह साफ हो सकेगा कि रेलवे ट्रैक पर मिली यह लाश महज एक मौत है या फिर इसके पीछे छिपी है किसी बड़ी साजिश की कहानी.

# नीमडीह प्रखंड कार्यालय परिसर में कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं को मिली मुफ्त साइकिल, चेहरे पर खिली मुस्कान

**दैनिक समाज जागरण,संवाददाता**

चांडिल : नीमडीह प्रखंड कार्यालय के सामने मैदान परिसर में राज्य सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्र 2026-2027 के प्रथम चरण के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा 8वीं के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के बीच मुफ्त साइकिलों का वितरण किया गया।



साइकिल वितरण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों, खासकर दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में होने वाली परेशानियों को दूर करना और उनकी पढ़ाई को बढ़ावा देना है। साइकिल मिलते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास अधिकारी (BDO) द्वारा की गई। इस अवसर पर प्रखंड कल्याण अधिकारी और प्रखंड शिक्षा प्रसार अधिकारी (BEO) नीमडीह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने हाथों से विद्यार्थियों को साइकिल की चाबियां सौंपी और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में विधायक प्रतिनिधि, नीमडीह प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के मुखिया गण और क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के प्रधानाध्यापक भी शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि साइकिल मिलने से अब दूर से आने वाले बच्चों का समय बचेगा और वे नियमित रूप से स्कूल आ सकेंगे। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों और अभिभावकों ने इस योजना की सराहना करते हुए प्रखंड प्रशासन का आभार व्यक्त किया। साइकिल पाकर सभी छात्र-छात्राएं बेहद उत्साहित दिखे।

# बागबेड़ा में तेज रफ्तार कार का कहर, चार लोग गंभीर तौर पर घायल, ड्राइवर फरार , प्रशासन पर शिकायत दर्ज नहीं करने का आरोप

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 23 जुलाई 2026: जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना क्षेत्र स्थित डीबी रोड पर गुरुवार सुबह तेज रफ्तार कार ने सड़क पर चल रहे लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक ठेला चालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद कार सवार युवक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने कार जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बताते हैं कि यह दुर्घटना सुबह करीब 5:20 बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज गति से आ रही कार (जेएच-05 ईपी-9444) ने सबसे पहले टीवीएस एक्सएल से घर लौट रहे एक व्यक्ति को टक्कर मारी। बताया जा रहा है कि वह अपने बच्चों को स्कूल छोड़कर वापस लौट रहा था। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे ठेले पर सो रहे ठेला चालक के साथ-साथ वहां से गुजर रहे दो अन्य लोगों को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और बागबेड़ा थाना पुलिस की मदद से सभी घायलों को तत्काल टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के बाद कार में सवार सभी युवक वाहन छोड़कर फरार हो गए। स्थानीय लोगों का दावा है कि कार की तलाशी के दौरान उसमें शराब की कई बोतलें और एक कटोरे में रखा मुर्गा मिला। इसके आधार पर लोगों ने आशंका जताई कि कार सवार युवक पार्टी कर लौट रहे थे। हालांकि पुलिस ने अभी तक इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया।

आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि फरार चालक और अन्य आरोपियों की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


परिजनों ने लगाया प्रशासन पर शिकायत दर्ज नहीं करने का आरोप

हालांकि इस पूरी घटना के बाद जब परिजनों ने वाहन चालक के खिलाफ जब थाने में शिकायत दर्ज करना चाहा तो पुलिसकर्मियों का कहना है कि आप खुद से ढूंढ कर लो तब मैं कार्रवाई करूंगा। घटना के काफी घंटे बीत जाने के बाद भी प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वही गुस्साए परिजनों ने डी बी रोड पर जाम लगाकर और टायर जलाकर प्रदर्शन किया। परिजनों का मांग है कि दोषियों पर कार्यवाई करें और परिजनों को उचित मुआवजा दें।

# सरकार राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों के लिए पुन: रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देती है

**2050 तक 60 साल और उससे ज्यादा उम्र के लोगों की आबादी बढ़कर 20.8 प्रतिशत होने और सदी के अंत तक 36 प्रतिशत तक पहुँचने की उम्मीद है: केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार**

**एनसीएस पोर्टल पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए 1.68 लाख उपयुक्त रिक्तियां उपलब्ध हैं, और 1.89 लाख नौकरी चाहने वाले वरिष्ठ नागरिक ने एनसीएस पोर्टल पर पंजीकरण कराया है**



केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल के माध्यम से सक्रिय वृद्धावस्था को बढ़ावा देने तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए समर्पित पुनर्रोजगार पहल के तहत पंजीकरण, नियोक्ताओं की भागीदारी और रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जिससे अनुभवी पेशेवर देश के कार्यबल में अपना योगदान जारी रख सकते हैं।

यह जानकारी केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने राज्यसभा में सदन के सदस्य श्री राजिंदर गुप्ता के प्रश्न का उत्तर देते हुए दी।

केंद्रीय मंत्री ने सदन को सूचित किया कि सरकार ने यूएनएफपीए-भारत की इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 के निष्कर्षों पर ध्यान दिया है, जिसमें देश की बुजुर्ग आबादी में उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार, 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की आबादी 2022 में 10.4 प्रतिशत से बढ़कर 2050 तक 20.8 प्रतिशत हो जाएगी और सदी के अंत तक 36 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।

डॉ. कुमार ने आगे कहा कि रिपोर्ट में ऐसी नीतियों की जरूरत पर भी जोर दिया गया है जो बुजुर्गों, खासकर असंगठित क्षेत्र में काम करने वालों के लिए आजीविका के अवसर और दोबारा रोजगार के व्यवस्थित रास्ते सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें आय की सुरक्षा मिल सके।

केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया कि एनसीएस परियोजना के तहत सरकार ने राज्यों और संस्थानों के सहयोग से 407 मॉडल करियर सेंटर (एमसीसी) को मंजूरी दी है। ये केंद्र युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों सहित अन्य नौकरी चाहने वालों को रोजगार मेलों, एनसीएस पोर्टल, करियर परामर्श और प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार के अवसरों से जोड़ते हैं। डॉ. कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय कैरियर सेवा भारत के कुशल, रोजगार योग्य और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के दृष्टिकोण को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने आगे कहा कि एआई-संचालित सेवाओं, बेहतर समन्वय और नागरिक-केंद्रित पेशकशों के माध्यम से विकसित हो रहा यह मंच देश के आधुनिक रोजगार सेवा ढांचे को मजबूत करने और समावेशी आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में योगदान देने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2015 में एनसीएस पोर्टल की शुरूआत के बाद से, पोर्टल पर 6.46 करोड़ से अधिक नौकरी चाहने वालों और 58.76 लाख नियोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है, जिनमें 60 वर्ष से अधिक आयु के 1.89 लाख नौकरी चाहने वाले शामिल हैं।गौरतलब है कि पोर्टल पर वर्तमान में 60 वर्ष से अधिक आयु के उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त मानी जाने वाली 1.68 लाख रिक्तियां उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, वरिष्ठ नागरिकों सहित 2.29 करोड़ से अधिक नौकरी चाहने वालों को देश भर में नियोक्ताओं द्वारा पोर्टल के माध्यम से शॉर्टलिस्ट किया गया है।

# नीट समेत पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर कांग्रेस का धरना, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण 23.07.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह की अध्यक्षता में विशाल धरना-सह-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के पदाधिकारियों, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया। धरना-प्रदर्शन के बाद पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर देशभर में नीट परीक्षा सहित 80 से अधिक कथित पेपर लीक मामलों की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।



ज्ञापन में कहा गया कि लगातार हो रही परीक्षा संबंधी अनियमितताओं से करोड़ों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है और प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। कांग्रेस ने मांग की कि सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि छात्रों का भरोसा शिक्षा व्यवस्था पर कायम रह सके।

कांग्रेस नेताओं ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि विभिन्न स्थानों पर अपने अधिकारों और भविष्य की सुरक्षा की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग और लाठीचार्ज लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। ज्ञापन में आंदोलन के दौरान मृत अथवा आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिजनों को उचित मुआवजा और न्याय उपलब्ध कराने की भी मांग की गई।

जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था लगातार कमजोर होती जा रही है और परीक्षा-पत्र लीक की घटनाओं ने छात्रों का विश्वास तोड़ा है। उन्होंने कहा कि इन मामलों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने इन घटनाओं की नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाने अथवा उनके इस्तीफे की मांग की।

परविंदर सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि दिल्ली सहित विभिन्न स्थानों पर आंदोलनरत छात्रों, विशेषकर छात्राओं के साथ किया गया व्यवहार निंदनीय है। उन्होंने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

प्रदेश नेता आनंद बिहारी दुबे ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार छात्रों के भविष्य की सुरक्षा करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि लगातार पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था में अव्यवस्था से युवाओं में निराशा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार युवाओं के हितों की रक्षा नहीं कर पा रही है तो उसे अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए।

कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्रों के अधिकारों, निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपना संघर्ष आगे भी जारी रखेगी। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष बिजय खा ने आरोप लगाया कि छात्रों से जुड़े गंभीर मामलों पर केंद्र सरकार संवेदनशीलता नहीं दिखा रही है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक और छात्रों पर कार्रवाई जैसे मुद्दों पर जवाबदेही तय होनी चाहिए।

धरना-प्रदर्शन में प्रदेश नेता रविन्द्र कुमार झा, आनंद बिहारी दुबे, बिजय खा, रियाजुद्दीन खान, शैलेश पाण्डेय, अशोक सिंह, ऊषा सिंह, संजीव श्रीवास्तव, खगेनचन्द्र महतो, सामंता कुमार, मनोज सिंह, डॉ. परितोष सिंह, ब्रजेन्द्र तिवारी, प्रताप यादव, रजनी बंसल, कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश सिंह, उपाध्यक्ष राजकिशोर यादव, रजनीश सिंह, अंसार खान, अरुण सिंह, आशुतोष सिंह, गुरदीप सिंह सोहल, गुरदीप सिंह, संजय तिवारी, शाहनवाज अहमद, चिन्ना राव, ज्योति मिश्र सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष (संगठन) संजय सिंह आजाद ने किया।

# सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) को दी जाने वाली ऋण सुविधाओं की ऋण गारंटी प्रदान करने के लिए ऋण गारंटी योजना (सीजीएस) लागू कर रहा है

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए ऋण गारंटी योजना (सीजीएस) को ऋण गारंटी कोष ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज (सीजीटीएमएसई) के माध्यम से लागू करता है, ताकि प्रथम पीढ़ी के उद्यमियों, महिला नेतृत्व वाले उद्यमों और पिछड़े जिलों में स्थित इकाइयों सहित एमएसई को दी जाने वाली ऋण सुविधाओं के लिए बिना किसी संपार्श्विक सुरक्षा या तृतीय-पक्ष गारंटी के ऋण गारंटी प्रदान की जा सके । सरकार द्वारा लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसई) के बीच ऋण प्रवाह को बेहतर बनाने और सीजीटीएमएसई योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए उठाए गए उपायों में निम्नलिखित शामिल हैं:

सीजीएस के तहत दिए गए ऋण के लिए गारंटी की अधिकतम सीमा 01.04.2025 से 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दी गई है।

वार्षिक गारंटी शुल्क (एजीएफ) संरचना में संशोधन किया गया है और मानक दर में 50% की कमी करके इसे घटाकर मात्र 0.37% प्रति वर्ष कर दिया गया है।

विशेष श्रेणी के नेतृत्व वाले लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसई) के लिए गारंटी की सीमा में वृद्धि, जिसमें महिला नेतृत्व वाले एमएसई भी शामिल हैं।

# भाजपा की संयुक्त संगठनात्मक बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर जोर, 1 से 16 अगस्त तक हर बूथ पर चलेगा विशेष अभियान

**दैनिक समाज जागरण 23.07.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर झारखंड भाजपा के निदेर्शानुसार गुरुवार को भालूबासा स्थित शीतला भवन सभागार में कोल्हान प्रमंडल के ंतर्गत जमशेदपुर महानगर और पूर्वी सिंहभूम जिले की संयुक्त संगठनात्मक मंडल प्रवासी कार्यकर्ता बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति, बूथ सशक्तिकरण, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) तथा जनसंपर्क अभियानों को लेकर विस्तृत मंथन किया गया। दोनों संगठनात्मक जिलों के छह विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने इसमें भाग लिया।




बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद तथा प्रदेश महामंत्री अमर बाउरी उपस्थित रहे। सभी वरिष्ठ नेताओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर पार्टी के पितृपुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' का गायन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना, जनसंपर्क अभियान, जनसेवा से जुड़े विषयों और कार्यकताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि 1 अगस्त से 16 अगस्त तक प्रत्येक बूथ पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत मंडल प्रभारी और मंडल प्रवासी बूथों पर प्रवास कर संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करेंगे, बूथ समितियों को सक्रिय बनाएंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर उनका पुनर्गठन भी करेंगे। इसके साथ ही दोनों संगठनात्मक जिलों के कार्यकताओं के साथ अलग-अलग बैठक कर आगामी रणनीति को अंतिम रूप दिया गया।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अपने संबोधन में बूथ सशक्तिकरण को भाजपा की चुनावी सफलता की आधारशिला बताते हुए कहा कि कार्यकताओं को संपर्क, समन्वय और संवाद को अपना मूल मंत्र बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि "बूथ जीता तो चुनाव जीता" केवल नारा नहीं, बल्कि भाजपा की कार्यशैली है। प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार की जनक ल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि कुछ राष्ट्रविरोधी तत्व देश में नकारात्मक माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित भारत के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के दुष्प्रचार का जवाब कार्यकताओं को जनहित के मुद्दों और सरकार की उपलब्धियों के माध्यम से जनता के बीच जाकर देना होगा।

प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कार्यकताओं से एसआईआर अभियान के दौरान पूरी सतर्कता बरतने तथा पात्र मतदाताओं को हर संभव सहयोग देने की अपील की। वहीं प्रदेश महामंत्री अमर बाउरी ने कहा कि बूथ समितियों की नियमित समीक्षा, सतत निरीक्षण और निरंतर संपर्क ही संगठन की वास्तविक ताकत है। उन्होंने प्रत्येक बूथ को सक्रिय और सशक्त बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर बल दिया। बैठक में विधायक पूर्णिमा साहू, पूर्व विधायक मेनका सरदार, मीरा मुंडा, जिला प्रभारी बबन गुप्ता, महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा, जिलाध्यक्ष सत्या तिवारी सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मंडल प्रवासी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सत्यापन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : मनोज दलाल

## लोहारू विधानसभा के बीएलओ, पर्यवेक्षकों एवं अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण



**पात्र मतदाता का नाम न छूटे, अपात्र का नाम सूची में शामिल न हो; समयबद्ध कार्य पूरा करने के निर्देश**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 23 जुलाई। बहल स्थित ओम रिजॉर्ट में 54-लोहारू विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारियों, अतिरिक्त सहायक निर्वाचन अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) तथा तकनीकी सहायकों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में 24 जुलाई के बाद शुरू होने वाले मतदाता सत्यापन एवं प्रमाणीकरण कार्य तथा एसआईआर पोर्टल और बीएलओ ऐप के संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। 54-लोहारू निर्वाचन एवं पंजीयन अधिकारी एवं उपमंड लाधीश (एसडीएम) मनोज दलाल ने अधिकारियों एवं बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि सत्यापन और जांच कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र मतदाता प्रारूप मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे और किसी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल न हो।

मनोज दलाल ने कहा कि 54-लोहारू विधानसभा क्षेत्र ने निर्वाचन संबंधी कार्यों में हमेशा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय पूरी टीम के सामूहिक प्रयास को देते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी और भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर प्रद्युम्न गढ़वाल ने एसआईआर प्रक्रिया, सत्यापन कार्य और बीएलओ ऐप के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी तथा उपस्थित अधिकारियों के प्रश्नों का समाधान भी किया।

इस अवसर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं तहसीलदार प्रियंका, सरपंच साधुराम पनिहार, सुरजीत सिंह, श्यामसुंदर सांगवान, दर्शना श्योराण, हीरालाल सांगवान, राजीव वत्स, रविन्द्र कुमार, प्राचार्य राजबीर सांगवान, कृष्ण कुमार यादव, विष्णु शर्मा, सुरेश श्योराण, संजय मिश्रा, संदीप मेचू, मनमोहन, आदित्य गढ़वाल, राजेश नकिपुर, दलबीर सहरावत, वीरेंद्र लाम्बा, एसईपीओ जय सिंह, सुरेन्द्र सिंह सहित सभी

# मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक

- बैठक में 18 परिवादों का किया गया समाधान
- मुख्यमंत्री ने जिला स्तरीय वन महोत्सव पौधारोपण अभियान का भी किया शुभारंभ
- डबवाली वीटा दुग्ध चिलिंग सेंटर और इंटीग्रेटेड ड्रग रिकवरी सेंटर का किया लोकार्पण



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी सिरसा में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए। (23.07.2026)

**समाज जागरण**

सिरसा/कालांवाली 23 जुलाई ( सुरेश जोरासिया) हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को सिरसा में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों की सुनवाई की। बैठक में रखी गई 19 शिकायतों में से 18 का मौके पर समाधान व निपटान किया गया, जबकि एक शिकायत को अगली बैठक के लिए लंबित रखा गया। बैठक में ओडिशा के पूर्व गवर्नर प्रो. गणेशी लाल भी उपस्थित रहे। गांव गंगा निवासी परमजीत सिंह की शिकायत थी कि गांव झुट्टीखेड़ा निवासी सुल्तान सिंह की 11 जून 2000 को मृत्यु हो चुकी है और उनकी कोई शादी नहीं हुई थी, उनकी 40 कनाल एक मरला जमीन को फर्जी वसीयत से नाम करवा लिया गया है। मुख्यमंत्री ने इस मामले में विजिलेंस से जांच करवाने के निर्देश दिए हैं, इससे पहले इस मामले की जांच जिला राजस्व अधिकारी द्वारा की गई थी। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सोलर पैनल लगाने वाली एमएस सोम कॉर्पोरेशन हिसार द्वारा स्थापित सोलर पैनलों की जांच के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री के संज्ञान में यह मामला सिरसा में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में गांव गुडिड्डा खेड़ा के विनोद कुमार की ओर से रखा गया, जिसमें बताया कि 18 दिसंबर 2024 को आवेदन किया था। इस कंपनी ने अदायगी के बाद भी उसके सोलर पैनल नहीं लगाए और न ही राशि वापस लौटाई। बैठक में इसी कंपनी के खिलाफ गलत सोलर पैनल संबंधी अन्य शिकायतें भी आई। मुख्यमंत्री ने मारपीट के मामले में थाना रानियां के ढाणी सतनाम निवासी कमलेश कौर की शिकायत पर दोषी पुलिस कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कमलेश कौर ने बताया कि उनके ऊपर हमला हुआ था और इस मामले में दूसरे पक्ष से पंचायत ने समझौता दिखाया गया और इस समझौते में उनके नाबालिग बच्चे के हस्ताक्षर करवाए गए। मुख्यमंत्री ने नाबालिग बच्चे से समझौते पर हस्ताक्षर करवाने को गंभीर माना और कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बैंक द्वारा राशि काट लेने के बावजूद मुआवजा न देने के मामले में बैंक के खिलाफ कार्रवाई और ब्याज सहित राशि देने के निर्देश दिए हैं। इस मामले में रूपावास निवासी सुशील कुमार ने शिकायत दी थी कि वर्ष 2022 रबी फसल के लिए बीमा राशि काट ली गई लेकिन बीमा क्लेम दिया गया। जिला भिवानी के गांव बड़सी निवासी अनूप सिंह की शिकायत थी कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग से बीएलईओ शमशेर सिंह 31 मार्च 2019 को सेवानिवृत्त हुए और 27 नवंबर 2024 को कैंसर से उनका देहांत हो गया तथा वे अविवाहित थे और उनकी मां विद्या देवी उन्हीं की पेंशन पर आश्रित है। महालेखाकार को पेंशन संबंधी दस्तावेज भेजने थे, परंतु एसडीओ ने स्थानीय स्तर पर ही केस रिजेक्ट कर दिया। मुख्यमंत्री ने इस मामले में जांच करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्यमंत्री ने सेक्टर 21 में फ्लैट अलॉट होने के मामले में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए है। शिकायत विजय कुमार निवासी आनंद विहार की ओर से रखी गई कि उसे फ्लैट अलॉट हुआ था, पहले 55 हजार रुपये भरवाए गए और फिर एक लाख 30 हजार रुपये भरवाए गए, इसके बाद अलॉटमेंट लेटर जारी कर दिया गया और उसे भौतिक कब्जा नहीं मिला और न ही मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के लंबित सभी मामलों का निपटान किया जाए। इस शिकायत को अगली बैठक में पुनः रखने के निर्देश दिए।

दिव्यांगों को नए नोटिफिकेशन से मिलेगी पेंशन गांव पोहडकां निवासी रामपाल की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के दिव्यांगों के लिए दिव्यांगता श्रेणी के प्रमाणपत्र में परिवार की आय के मामले में नया नोटिफिकेशन हो गया है, जिसके अनुरूप बढी हुई आय के अनुसार पेंशन का लाभ मिलेगा। कल्याण नगर निवासी रूप चंद ने शिकायत की कि उसने 2021 में रामजी लाल से जमीन खरीदी थी, जिस पर ट्यूबवेल लगा हुआ है, जबकि ट्यूबवेल कनेक्शन किसी ओर के नाम पर है, यह ट्यूबवेल कनेक्शन उसके नाम किया जाए। जबकि जिसके नाम कनेक्शन है, वह उसे बंद नहीं करवाना चाहता। मुख्यमंत्री ने दूसरे की जमीन पर ट्यूबवेल कनेक्शन देने के मामले में तत्कालीन अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई व एडीसी को जांच करने के निर्देश दिए हैं। निगम के अधीक्षण अभियंता ने माना कि वर्ष 2010 में कनेक्शन देते समय चूक हुई। मुख्यमंत्री ने दोनों किसानों को अलग-अलग कनेक्शन देने को कहा है। मुख्यमंत्री ने गांव छतरियां के किसान महेंद्र व अन्य की शिकायत पर एडीसी को जांच के निर्देश दिए। इसी तरह मंडी डबवाली निवासी सुखदेव सिंह व रूप चंद की शिकायत पर पुलिस को कार्रवाई करने को कहा। दो परियोजनाओं का किया लोकार्पण बैठक से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चौधरी देवी लाल यूनिवर्सिटी सिरसा में 77वें जिला स्तरीय वन महोत्सव अभियान के तहत पौधारोपण किया। इसके उपरांत उन्होंने दो परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हाल के प्रांगण में डबवाली में वीटा दुग्ध चिलिंग सेंटर का लोकार्पण किया। इस पर तीन करोड़ 30 लाख रुपये की राशि खर्च की गई है और इस चिलिंग सेंटर की प्रतिदिन की क्षमता 20 हजार लीटर दूध भंडारण की है। इस केंद्र से डबवाली के 35 से अधिक गांवों के दुग्ध उत्पादकों को लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने नागरिक अस्पताल में इंटिग्रेटिड ड्रग रिकवरी सेंटर का भी यहां लोकार्पण किया है। इस केंद्र में छह बैड का इंडोर पुनर्वास वार्ड स्थापित किया गया है, 90 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस केंद्र को एचडीएफसी बैंक के साथ मिलकर सीएसआर के तहत बनाया गया है, इस केंद्र में मनोरोग, परामर्श कक्ष, व्यक्तिगत परामर्श कक्ष, मनोवैज्ञानिक थेरेपी क्षेत्र, ग्रुप थेरेपी एवं गतिविधि कक्ष तथा ई-लाइब्रेरी की सुविधा है। बैठक में जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सिरसा दीपक सहारन, पुलिस अधीक्षक डबवाली जसलीन कौर, अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल, जिला नगर आयुक्त सुरेंद्र बैनीवाल, आरटीए संजय बिश्नोई मौजूद रहे। साथ ही पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल, भाजपा जिला प्रभारी वेद फुला, जिलाध्यक्ष भाजपा सिरसा यतिंद्र सिंह एडवोकेट, जिलाध्यक्ष भाजपा डबवाली रेणू शर्मा, नगर परिषद सिरसा के चेयरमैन शांति स्वरूप, चेयरमैन रोहताश जांगड़ा, चेयरमैन देव कुमार शर्मा, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार जगदीश चोपड़ा, अमीरचंद मेहता, शीशपाल कंबोज, राजेंद्र सिंह देसूजोधा, प्रदीप रातुसरिया, गोविंद कांडा, सुरेंद्र आर्य, सतीश जग्गा, नगर पार्षद सुमन शर्मा, अमन चोपड़ा, मनीष सिंगला, सुमन सैनी, बिमला सिंवर, गणेश चावरिया, सरपंच रोहताश मौजूद रहे।

फोटो संलग्न है।

# तीन साल के इंतजार के बाद किसानों के खातों में पहुंचा फसल मुआवजा

## किसानों का दावा– लगातार प्रयासों से मिली राहत, राजनीतिक बयानबाजी से नहीं होता समाधान



**राशि मिलने से क्षेत्र में खुशी की लहर, किसानों ने पूर्व कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल का जताया आभार**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

लोहारू,। करीब तीन वर्षों के लंबे इंतजार के बाद क्षेत्र के किसानों के खातों में फसल मुआवजे की राशि पहुंचने से गांवों में खुशी का माहौल है। मुआवजा मिलने के बाद किसानों ने राहत की सांस ली और इसे लंबे समय से लंबित मांग पूरी होने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

कई किसानों ने पूर्व कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने लगातार सरकार और संबंधित विभागों के समक्ष किसानों की समस्याओं को उठाया। किसानों का कहना है कि इन प्रयासों के परिणामस्वरूप क्षेत्र के हजारों किसानों के खातों में मुआवजे की राशि पहुंच सकी है।

कुछ किसानों ने यह भी कहा कि यदि सभी जनप्रतिनिधि और राजनीतिक दल किसानों के हित में मिलकर प्रयास करते, तो मुआवजा मिलने में इतनी लंबी देरी नहीं होती। उनका आरोप है कि कुछ लोगों ने केवल बयानबाजी और श्रेय लेने की राजनीति की, जबकि किसानों के हितों के लिए लगातार प्रयास करने वालों को पर्याप्त महत्व नहीं मिला।

मुआवजा मिलने के बाद किसानों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को राहत राशि समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि उन्हें लंबे इंतजार का सामना न करना पड़े।

# सरकार द्वारा वित्तीय सहायता, अंतरराष्ट्रीय साझेदारी और वैश्विक प्रचार के माध्यम से भारतीय फिल्म निमार्ताओं को समर्थन

भारतीय फिल्म सेक्टर में अवसरों और चुनौतियों की पड़ताल के लिए एक उच्च-स्तरीय अध्ययन समूह भी बनाया गया डेवलपमेंट, कम्युनिकेशन एंड डिसेमिनेशन ऑफ फिल्मिक कंटेंट (डीसीडीएफसी) स्कीम के तहत, सरकार रीजनल फिल्मों के प्रोडक्शन के लिए वित्तीय सहायता देती है। इन प्रयासों से महाराष्ट्र समेत पूरे देश के फिल्म निमार्ताओं को लाभ होता है और ये भारत के फिल्म इकोसिस्टम को मजबूत करने और इसकी वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने में मदद करते हैं। सरकार ने भारतीय फिल्म इकोसिस्टम को मजबूत करने और भारतीय सिनेमा की वैश्विक पहुंच बढ़ाने के लिए कई पहलें भी की हैं। राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) के जरिए ऐसे फिल्म निमार्ताओं को वित्तीय सहायता दी जाती है। अंतरराष्ट्रीय प्रचार और मार्केट तक पहुंच को आसान बनाने के लिए, सरकार बड़े अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव और फिल्म मार्केट में भारतीय फिल्म निमार्ताओं की भागीदारी का समर्थन करती है। मंत्रालय की ओर से भारतीय सिनेमा का प्रचार करने और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के अवसर तैयार करने के लिए फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) और इंटरनेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) जैसे इंडस्ट्री से जुड़े संगठनों के साथ भी समन्वय स्थापित किया जाता है।

इसके अलावा, विदेश में भारतीय मिशन को भारतीय सिनेमा को बढ़ावा देने तथा भारतीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्म इंडस्ट्री के बीच जुड़ाव को आसान बनाने के मकसद से कार्यक्रम आयोजित करने के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। ऐसी कोशिशों में वेव्स बाजार, वर्क-इन-प्रोग्रेस लैब्स, व्यूइंग रूम, फिल्म मार्केट और अंतरराष्ट्रीय सह-उत्पादन को आसान बनाने वाले कार्यक्रम शामिल हैं। ये प्लेटफॉर्म भारतीय फिल्म निमार्ताओं को परियोजना विकास समर्थन, नेटवर्किंग के मौके और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच प्रदान करते हैं।

महाराष्ट्र देश के सबसे बड़े फिल्म प्रोडक्शन हब में से एक बना हुआ है, जहां विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाएं मौजूद हैं। दादासाहेब फाल्के चित्रनगरी (फिल्म सिटी), गोरेगांव मुंबई में है। भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान ( एफटीआईआई), पुणे, और भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी), मुंबई जैसे संस्थान इस सेक्टर के क्षमता निर्माण में मदद करते हैं। इनके अलावा, निजी क्षेत्र की प्रोडक्शन और पोस्ट-प्रोडक्शन सुविधाओं का एक बड़ा नेटवर्क भी मुंबई, पुणे और नासिक में काम कर रहा है।

# सातवें दिन भी उमड़ी मरीजों की भीड़, अंतिम दिन से पहले बढ़ा आरोग्य शिविर का आकर्षण

## काले कंबल वाले बाबा के निःशुल्क शिविर में दूर-दराज से पहुंचे मरीज, स्वास्थ्य लाभ मिलने पर बढ़ा भरोसा

**प्रवीन गोदारा की अपील— शुक्रवार को शिविर का अंतिम दिन, जरूरतमंद अवश्य उठाएं निःशुल्क उपचार का लाभ**



**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल-लोहारू, 23 जुलाई । अनाज मंडी रोड, लोहारू में काले कंबल वाले बाबा गणेश यादव के सानिध्य में आयोजित आठ दिवसीय निःशुल्क आरोग्य शिविर के सातवें दिन भी बड़ी संख्या में मरीज उपचार एवं स्वास्थ्य परामर्श के लिए पहुंचे। लोहारू, बहल सहित आसपास के गांवों तथा दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों ने शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। सुबह से शाम तक मरीजों की आवाजाही लगातार बनी रही।

आयोजकों के अनुसार शिविर के शुरूआती दिनों में उपचार लेने वाले मरीजों से मिल रहे सकारात्मक अनुभवों के कारण लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। कई मरीजों ने स्वास्थ्य में सुधार की बात साझा की, जिसके चलते प्रतिदिन नए मरीज भी शिविर में पहुंच रहे हैं।

समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रवीन गोदारा हांसीवाले ने बताया कि बहल में सफल आयोजन के बाद क्षेत्रवासियों की मांग पर लोहारू में भी इस शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों का मिल रहा सहयोग इस जनसेवा अभियान को और अधिक सफल बना रहा है।

उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों तक निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श और उपचार की सुविधा पहुंचाना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ प्राप्त कर सकें। आयोजकों के अनुसार शिविर में गठिया, सर्वाइकल, उच्च रक्तचाप (बीपी), मधुमेह (शुगर), लकवा, पोलियो, निसंतान दंपतियों की समस्याएं, जोड़ों के दर्द सहित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी रोगों का निःशुल्क परीक्षण, परामर्श एवं उपचार किया जा रहा है।

प्रवीन गोदारा ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि शुक्रवार को शिविर का आठवां एवं अंतिम दिन रहेगा। जो भी मरीज किसी कारणवश अब तक शिविर में नहीं पहुंच पाए हैं, वे अंतिम दिन अवश्य पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार का लाभ उठाएं।

# जंतर-मंतर लाठीचार्ज के विरोध में बहल के युवाओं का प्रदर्शन

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर निकाला विरोध मार्च, प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता की उठाई मांग**



**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 23 जुलाई। दिल्ली के जंतर-मंतर पर पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए कथित लाठीचार्ज के विरोध में बहल के युवाओं ने विरोध मार्च निकालकर अपनी नाराजगी जताई। वीरवार को बड़ी संख्या में युवा स्थानीय अनाज मंडी में एकत्रित हुए। यहां से उन्होंने मुख्य बाजारों से होते हुए तहसील कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि भर्ती परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों से लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सरकार से ऐसे मामलों पर प्रभावी रोक लगाने और भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने की मांग की। प्रदर्शन के बाद युवाओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर हुए लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच कराने, दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा भविष्य में भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की गई। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हिम्मत जावला ने कहा कि देश का युवा अपने भविष्य और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की मांग को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठा रहा है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर बल प्रयोग उचित नहीं है तथा सरकार को युवाओं की मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इस अवसर पर अनेक युवा साथी मौजूद रहे।

# सीएसआईआर की चार प्रौद्योगिकी इंडस्ट्री को सौंपी गई और स्मार्ट ग्रामीण जल निगरानी प्रौद्योगिकी कमर्शियली लॉन्च की गई

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) ने आज नई दिल्ली में सीएसआईआर मुख्यालय में एक प्रौद्योगिकी हस्तांतरण कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें वैज्ञानिक, इंडस्ट्री पार्टनर, टेक्नोलॉजी अपनाने वाले और रणनीतिक स्टेकहोल्डर शामिल हुए। सीएसआईआर -सेंट्रल साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट्स ऑर्गनाइजेशन (सीएसआईआर - सीएसआईओ), चंडीगढ़ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में चार स्वदेशी प्रौद्योगिकी इंडस्ट्री को सौंपी गईं, आईओटी - सक्षम ग्रामीण जल सेवा वितरण, मापन और निगरानी प्रणाली को कमर्शियली लॉन्च किया गया, और स्वदेशी रक्षा टेक्नोलॉजी के लाइसेंस प्राप्त उत्पादन के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल ), पंचकूला से प्राप्त रॉयल्टी को मान्यता दी गई। इस कार्यक्रम में सीएसआईआर की महानिदेशक और डीएसआईआर की सचिव डॉ. एन. कलाईसेल्वी शामिल हुईं। साथ ही, सीएसआईआर मुख्यालय, सीएसआईआर - सीएसआईओ और इंडस्ट्री पार्टनर के वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और रॉयल्टी उपलब्धियों का विवरण देते हुए, सीएसआईआर - सीएसआईओ के निदेशक प्रो. शांतनु भट्टाचार्य ने प्रयोगशाला के बढ़ते इनोवेशन और टेक्नोलॉजी कमर्शियलाइजेशन इकोसिस्टम पर प्रकाश डाला। उन्होंने इंडस्ट्री को सौंपी गई प्रौद्योगिकी के बारे में बताया, जिनमें इंडक्शन मोटर स्टेथोस्कोप (एमस्कोप), पोर्टेबल और यूनिवर्सल मोटर-कम-पंप परफॉर्मेंस मॉनिटर (पीयू-एमपीपीएम) और ⁄-पावर क्वालिटी एनालाइजर (आईपीक्यूए) शामिल हैं, जिनका लाइसेंस मेसर्स पंप एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु को दिया गया था। एसयू -30 एयरक्राफ्ट प्रोग्राम के लिए हेड-अप डिस्प्ले (एचयूडी) के लिए ऑप्टिकल मॉड्यूल और बीम कॉम्बिनेटर असेंबली भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), पंचकूला को सौंपी गई।



उन्होंने मेसर्स बायोमेट्री टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में इस्तेमाल के लिए किफायती आईओटी - सक्षम जल सेवा वितरण, मापन और निगरानी सेंसिंग सिस्टम के कमर्शियल लॉन्च की भी घोषणा की, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की गुणवत्ता, मात्रा और सेवा वितरण की बेहतर निगरानी संभव हो सकेगी।

प्रोफेसर भट्टाचार्य ने आगे बताया कि सीएसआईआर - सीएसआईओ ने अपनी प्रौद्योगिकी को कमर्शियल बनाने की कोशिशों को लगातार मजबूत किया है। उन्होंने जानकारी दी कि लैब को वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान बीईएल, पंचकूला से स्वदेशी मिलिट्री एवियोनिक्स टेक्नोलॉजी के लाइसेंस-प्राप्त प्रोडक्शन के लिए 1.67 करोड़ रुपये की रॉयल्टी मिली। इन टेक्नोलॉजी में हेड-अप डिस्प्ले (एचयूडी), ड्रोग लाइट, टैक्सी लैंडिंग लाइट, एचयूडीकलेवल टेस्टर और बोरसाइट अलाइनमेंट टूल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि भारतीय इंडस्ट्री के साथ सीएसआईआर - सीएसआईओ की लगातार साझेदारी और स्वदेशी डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में इसके बढ़ते योगदान को दिखाती है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, सीएसआईआर की महानिदेशक और डीएसआईआर की सचिव डॉ. एन. कलाईसेल्वी ने सफल प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और कमर्शियलाइजेशन की कोशिशों के लिए सीएसआईआर - सीएसआईओ टीम को बधाई दी। उन्होंने प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य के नेतृत्व में टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट में तेजी लाने, बाहरी कैश फ़्लो (ईसीएफ) बढ़ाने, इंडस्ट्री पार्टनरशिप का विस्तार करने और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बेहतर बनाने की लैब की कोशिशों की सराहना की। उन्होंने जोर दिया कि स्वदेशी टेक्नोलॉजी का सफल कमर्शियलाइजेशन सीएसआईआर के उस मिशन के लिए अहम है, जिसका उद्देश्य रिसर्च को ऐसे प्रोडक्ट और प्रोसेस में बदलना है जो इंडस्ट्री के लिए वैल्यू पैदा करें और साथ ही समाज को ठोस लाभ पहुँचाएँ। सीएसआईआर की महानिदेशक ने पूरे सीएसआईआर नेटवर्क के वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन के अनुरूप असरदार और इंडस्ट्री-ओरिएंटेड रिसर्च जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।इस कार्यक्रम का समापन सीएसआईआर - सीएसआईओ के बिजनेस डेवलपमेंट ग्रुप (बीडीजी ) के प्रमुख द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।